


दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किए आसान 12



सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला 12



सिनेमा में असाधारण योगदान के लिए मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अमोल पालेकर को 13



टी-20 विश्वकप विजेता टीम को 131 करोड़ रुपये का विशेष बोनस देगा बीसीसीआई 14


आज का मौसम 35.0° अधिकतम तापमान 21.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.24 सूर्यास्त 06.14

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष अष्टमी 04:19 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 11 मार्च 2026, वर्ष 4, अंक 199, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# ट्रंप की ईरान को धमकी- होर्मुज स्ट्रेट बंद किया तो 20 गुना ताकत से करेंगे हमला

## ईरान बोला- एक लीटर तेल भी देश के बाहर नहीं जाने देंगे, होर्मुज स्ट्रेट से नहीं गुजरने देंगे टैंकर

दुबई, एजेंसी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच ईरान ने मंगलवार को कहा कि वह देश का एक लीटर तेल भी बाहर नहीं जाने देगा, साथ ही कहा, जो भी देश इजराइल-अमेरिका के राजदूतों बाहर निकालेगा उनके जहाजों को वह होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने देगा। ईरान ने कहा कि वह युद्धविराम नहीं चाहता, बल्कि हमलावरों को कड़ा जवाब देगा। ईरान के इस आक्रामक रुख का जवाब देते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने धमकी दी है कि ईरान तेल के प्रवाह को रोकने के लिए यदि कोई कदम उठाता है, तो अमेरिका पहले से 20 गुना तेज हमले करेगा।

अमेरिका ने कहा कि वह ईरान के ऐसे ठिकानों को निशाना बनाएगा जिन्हें आसानी से नष्ट किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो ईरान के लिए दोबारा देश को खड़ा करना लगभग असंभव हो जाएगा। ट्रंप ने कहा कि ऐसी स्थिति में मौत और तबाही देखने को मिलेगी, हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी नौबत न आए।


ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नए हमले किए। इस युद्ध के चलते तेल की कीमतों में उछाल लाया है और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में मिसाइलों की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे, जबकि बहरीन में अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने राजधानी में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया जिसमें 29 वर्षीय एक महिला मारी गई जबकि आठ अन्य घायल हो गए। इस बीच, सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन को नष्ट कर दिया, जबकि कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। बाद में सुबह के समय, यरूशलम में भी सायरन बजने लगे और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। इस बीच, ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर कलीबाफ ने कहा हम अभी संघर्षविराम के पक्ष में नहीं हैं।



तेहरान में तेल के कुएं में विस्फोट के बाद धधकती आग।

- मंगलवार को ईरान ने इजराइल, खाड़ी देशों पर नए हमले किए, कहा- युद्ध विराम के बजाय हमलावरों को देंगे कड़ा जवाब

### राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन से फोन पर बात की ईरान और यूक्रेन के मुद्दे पर चर्चा हुई



**मॉस्को।** राष्ट्रपति ट्रंप ने सोमवार देर रात रूसी राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बात की। यह बातचीत ऐसे समय में हुई, जब ईरान पर अमेरिकी-इजराइली हमलों के कारण वैश्विक ऊर्जा व्यवधान उत्पन्न हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य लगभग बंद हो गया है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर एक घंटे तक हुई बातचीत। चर्चा ईरान संघर्ष और यूक्रेन संघर्ष को सुलझाने के उद्देश्य से मॉस्को, वाशिंगटन और कीव के बीच चल रही त्रिपक्षीय वार्ता पर केंद्रित थी। राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान में जारी संघर्ष को लेकर भी अपने विचार साझा किए और ट्रंप को खाड़ी देशों के नेताओं और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान के साथ पिछले सप्ताह हुई अपनी बातचीत के बारे में जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति द्वारा ऊर्जा अधिकारियों की एक शीर्ष बैठक बुलाने और यह घोषणा करने के कुछ घंटों बाद ही ट्रंप ने पुतिन को फोन किया कि मॉस्को अपने मित्र देशों (भारत और चीन) के लिए एक विश्वसनीय भागीदार है और यदि यूरोपीय संघ प्रतिबंध हटाने को तैयार है तो रूस दीर्घकालिक आधार पर आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने चेतावनी दी कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से वैश्विक तेल और गैस प्रवाह में गंभीर रूप से बाधा उत्पन्न होने का खतरा है, खासकर होर्मुज जलडमरूमध्य के लगभग बंद होने से।

### ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने ट्रंप को दी धमकी- कहीं आपका सफाया न हो जाए

**दुबई।** ईरान के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी अली लारिजानी ने मंगलवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धमकी दी है। लारिजानी ने लिखा, ईरान जैसा बलिदानी राष्ट्र तुम्हारी खोखली धमकियों से नहीं डरता। तुमसे बड़े भी ईरान को खत्म नहीं कर सके। सावधान रहें, कहीं खुद आपका सफाया न हो जाए। अतीत में ईरान पर ट्रंप की हत्या की साजिश रचने का आरोप लग चुका है। बता दें कि ट्रंप ने ईरान को धमकी दी कि अगर तेहरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से तेल का प्रवाह रोका तो वह ईरान पर बीस गुना अधिक भीषण हमला करेंगे।

**बिरला के खिलाफ 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, रीजीजू बोले- उन्होंने पक्षपात नहीं किया**

# विपक्ष ने बिरला को हटाने के लिए लोकसभा में संकल्प किया पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

विपक्ष ने बिरला को पद से हटाने के लिए एक संकल्प मंगलवार को सदन में पेश किया। जिसके समर्थन में 50 से अधिक सदस्य खड़े हुए, जिसके बाद पीठासीन सभापति जगदंबिका पाल ने इस संकल्प को प्रस्तुत करने की अनुमति दी। संकल्प पेश किए जाने से पहले एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ओम बिरला ने जगदंबिका पाल की नियुक्ति की है, ऐसे में पाल पीठासीन सभापति की भूमिका का निर्वहन नहीं कर सकते।

कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने ओवैसी की बात का वस्तुतः समर्थन किया। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने लोकसभा उपाध्यक्ष का निर्वाचन नहीं किया है और संवैधानिक शून्यता की स्थिति पैदा की है। उनका कहना था कि सदन को एक व्यक्ति का चयन करना चाहिए जो कार्रवाई का संचालन करे। तृणमूल कांग्रेस के सौगत रॉय ने इसी राय का समर्थन किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद निशिकांत दुबे ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि जो भी आसन पर होगा उसे अध्यक्ष की तरह अधिकार होगा। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि सदन के नियम के तहत जिन्हें पीठासीन सभापति नियुक्त किया गया है उसे सदन संचालन का पूरा अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष के लोग चर्चा करने से भाग रहे हैं।

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि जिस विषय पर आसन से आदेश दे दिया गया है, उस पर व्यवस्था का प्रश्न उठाया गया, जो उचित नहीं है। पाल ने कहा कि अध्यक्ष का पद रिक्त नहीं है और ऐसे में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जाना चाहिए। कहा कि अध्यक्ष बिरला ने कभी किसी के साथ पक्षपात नहीं किया। कहा, विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसद मुझसे मिले हैं और कहा कि वे अविश्वास प्रस्ताव से सहमत नहीं हैं, हम मजबूरी में ऐसा कर रहे हैं।



### रीजीजू का राहुल पर तंज, प्रियंका नेता प्रतिपक्ष होती तो अच्छा होता

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर गंभीरता पूर्ण व्यवहार नहीं करने का आरोप लगाया और तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रियंका गांधी को विपक्ष का नेता बनाया गया होता, तो परफॉरमेंस शायद थोड़ा अच्छा होता।

### एसआईआर के मुद्दे पर रास में विपक्ष का हंगामा नड्डा ने कहा- विपक्ष का आचरण निंदनीय

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मंगलवार को शून्यकाल के दौरान विपक्षी सदस्यों ने मतदाता सूचियों के एसआईआर के मुद्दे पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया और सदन से बहिर्गमन कर गए, जिसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा कि विपक्ष सदन की कार्यवाही को बाधित कर रहा है और उसका यह आचरण निंदनीय है। उच्च सदन की बैठक शुरू होने पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाने के बाद जब शून्यकाल शुरू करने के लिए कहा, तभी तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाया। आसन की अनुमति मिलने पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर चर्चा की मांग सदस्य लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल सदन के नेता ने कहा था कि चुनाव सुधार पर चर्चा हुई थी। लेकिन एसआईआर पर चर्चा की मांग अब तक पूरी नहीं हुई है। इस बीच, विपक्षी सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस अध्यक्ष एवं सदन में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईआर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है।

## न्यूज ब्रीफ

### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा कि राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं ताकि कंपनी को मजबूत किया जा सके।

### दिल्ली में हर 2 घंटे में छीना जाता है एक मोबाइल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में जनवरी, 2024 से इस साल 15 फरवरी के बीच 9,460 मोबाइल फोन छीने गए। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने मंगलवार को यह आंकड़ा प्रस्तुत किया। आंकड़ों से पता चलता है कि 776 दिनों में हर दो घंटे में एक फोन छीने जाने की सूचना मिली। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में, गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा, जैसा कि दिल्ली पुलिस द्वारा रिपोर्ट किया गया है, जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2026 की अवधि के दौरान, फोन छीनने के कुल मामले और दर्ज की गई प्राथमिकी क्रमशः 9,460 और 9,436 हैं।

# यूसीसी लागू करने का समय आ गया सरकार फैसला करे : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि अब समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को एक बहुत अच्छा मामला बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है, तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियमित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। सीजेआई ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं, और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है, तो फिर सवाल क्या उठता है? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा? न्यायमूर्ति बागची ने कहा, भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है? सीजेआई ने कहा, इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता। न्यायमूर्ति बागची ने इस बात पर जोर दिया कि 'एक पुरुष की एक पत्नी' का नियम सभी समुदायों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहा है। लेकिन क्या इसका मतलब यह है कि अदालत सभी बहुविवाहों को असंवैधानिक घोषित कर सकती है? इसलिए, हमें निदेशक सिद्धांतों को प्रभावी बनाने के लिए विधायी शक्ति का सहारा लेना होगा। इस मुद्दे को विधायिका के विवेक पर छोड़ना ही सबसे अच्छा होगा। इस अदालत ने बार-बार विधायिका से यह सिफारिश की है कि वह समान नागरिक संहिता लागू करे।



### पीठ की टिप्पणी

आप कुछ तैयारी करें तथा कुछ और संदर्भ एवं वैकल्पिक उपाय के साथ आएं। यदि कुछ असंतुष्ट मुस्लिम महिलाएं सामने आती हैं, जो 1937 के अधिनियम से बाहर निकलना चाहती हैं, तो न्यायिक हस्तक्षेप उचित होगा।

- शरिया कानून के प्रावधानों को रद्द करने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी
- कहा- कानून में सुधार की जल्दबाजी न करें, इससे नुकसान की आशंका

# एलपीजी, सीएनजी, पीएनजी को प्राथमिकता

**नई दिल्ली।** सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं और परिवहन क्षेत्र के लिए निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्राकृतिक गैस के आवंटन में बदलाव किया है। इसके तहत एलपीजी उत्पादन, सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस (पीएनजी) को अन्य सभी क्षेत्रों पर प्राथमिकता दी जाएगी।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर गैर-प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को मिलने वाली गैस प्रमुख उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। भारत अपनी 19.1 करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन गैस खपत का लगभग आधा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। होर्मुज से टैंकर की आवाजाही रुकने से पश्चिम एशिया से आने वाली छह करोड़ मानक घन मीटर प्रतिदिन की गैस आपूर्ति प्रभावित हुई है। बची हुई एलएनजी को नए सिरे से प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किया गया है ताकि मांग का 100%, वाणिज्यिक उपभोक्ताओं की 80% और उर्वरक इकाइयों की 70 प्रतिशत जरूरत पूरी की जा सके।

- निर्बाध आपूर्ति के लिए सरकार ने गैस आवंटन में किया बदलाव

## प्रधानमंत्री ने उपभोक्ताओं को परेशानी से बचाने के लिए मंत्रियों को समन्वय का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने वरिष्ठ मंत्रियों के साथ बैठक की और यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने को कहा कि उपभोक्ताओं को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और कीमत पर पश्चिम एशिया संघर्ष का असर न झेलना पड़े। सूत्रों ने बताया कि मोदी सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि भारतीय उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों का सीधा असर न भुगतना पड़े, क्योंकि भारत कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस का आयातक है।

# केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन की बढ़ाई अवधि

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को बैठक के दौरान छह बड़े फैसले लिए। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि फैसलों में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन की अवधि दिसंबर 2028 तक बढ़ाने का फैसला लिया गया। साथ ही चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियम सरल किए हैं।

इसके अतिरिक्त मदुरै एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करना, पश्चिम बंगाल में संतरागाछी से खड़गपुर तक चौथी रेलवे लाइन बनाना, सैंथिया-पाकुड़ चौथी लाइन, मध्य प्रदेश में बदनावर-थांदला-टिमरवानी हाईवे को चार लेन का बनाना और जेवर एयरपोर्ट को फरीदाबाद की तरफ से जोड़ना शामिल है। वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है, जिसके लिए लगभग 8.7 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया जाएगा। इस परियोजना की शुरुआत प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में की थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण भारत के सभी घरों में नल के माध्यम से साफ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है।

(संबंधित समाचार करोबार पेज पर)

### मंत्रिमंडल के अहम फैसले



- चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियमों को सरल बनाया

### जेवर एयरपोर्ट से दिल्ली-एनसीआर की हाई स्पीड कनेक्टिविटी को मंजूरी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में जल्द शुरू होने वाले जेवर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए सड़क संपर्क विकसित करने को 3,630.77 करोड़ रुपये की कुल संशोधित पूंजीगत लागत को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, 31.42 किलोमीटर लंबी यह प्रस्तावित परियोजना और इसका गलियारा दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से हवाई अड्डे तक सीधा और तीव्रगामी संपर्क प्रदान करेगा। इससे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आर्थिक विकास और लॉजिस्टिक दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

# कोविड टीकाकरण दुष्प्रभाव के लिए मुआवजा नीति बनाए केंद्र

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी।

न्यायमूर्ति नाथ ने फैसला सुनाते हुए कहा, टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है। पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। कहा, इसी तरह दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा। कोर्ट ने उन याचिकाओं पर यह व्यवस्था दी, जिनमें से एक में आरोप लगाया गया था कि 2021 में कोविड-19 रोधी टीके की पहली खुराक लेने के बाद दो महिलाओं की मृत्यु हो गई थी।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- साइड इफेक्ट्स की जांच के लिए एक्सपर्ट पैनल की जरूरत नहीं

**निर्णय** मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 को मंत्रिपरिषद की मंजूरी, 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य

# प्रदेश के अब हर गांव तक पहुंचेगी परिवहन निगम से जुड़ी बसें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रि परिषद की बैठक में आमजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। मंत्रि परिषद में रखे गए 31 प्रस्तावों में से परिवहन विभाग का मोटरयान कराधान अधिनियम-1997 में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को छोड़कर बाकी 30 प्रस्तावों पर मुहर लगी।

मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना-2026 से हर गांव तक बस पहुंचाने का बड़ा फैसला हुआ। इसके अलावा ओला-उबर एग्रीगेटर के अनिवार्य पंजीकरण, जमीन की रजिस्ट्री से पहले खतौनी जांच, सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली में सख्ती और राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू करने जैसे बड़े निर्णय लिए। परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 12,200 गांवों तक बस सेवा नहीं पहुंचती, लेकिन नई योजना के लागू होने के बाद उप्र की सभी 59,163 ग्राम सभाओं तक बस सेवा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। योजना के तहत चलने वाली बसों को परमिट और टैक्स से पूरी तरह मुक्त रखा जाएगा, जिससे निजी ऑपरेटरों को बस संचालन के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इन बसों के संचालन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समिति गठित की जाएगी, जिसमें मुख्य विकास अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एआरटीओ और एआरएम सदस्य होंगे। यही समिति रूट और किराया निर्धारण के साथ संचालन व्यवस्था तय करेगी। दया शंकर ने कहा कि ग्राम स्तर की सड़कों को देखते हुए इन बसों का आकार छोटा रखा जाएगा।

बसों की अधिकतम लंबाई सात मीटर और सीट क्षमता 28 होगी। बसें सुबह गांवों से चलकर ब्लॉक और तहसील होते हुए सुबह 10 बजे तक जिला मुख्यालय पहुंचेंगी। इसके बाद दिन में अन्य मार्गों पर चलेंगी और शाम तक फिर गांव लौट आएंगी।



कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

- सरकारी कर्मचारियों आचरण नियमावली में सख्ती, राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 लागू, ओला-उबर एग्रीगेटर को 5 लाख रुपये देकर कराना होगा पंजीकरण

### खतौनी जांच के बाद ही होगी जमीन की रजिस्ट्री

स्टाम्प एवं पंजीकरण राज्य मंत्री रविंद्र जायसवाल ने बताया कि अब खतौनी और स्वामित्व रिकॉर्ड की जांच के बिना जमीन की रजिस्ट्री नहीं होगी। दानपत्र विलेख में संपत्ति का मूल्यांकन बाजार मूल्य के बजाय सर्किल रेट के आधार पर होगा और उसी के अनुसार एक प्रतिशत पंजीकरण शुल्क लिया जाएगा।

### यूपी में अब ओला-उबर का भी होगा पंजीकरण

परिवहन विभाग के एक अन्य फैसले में अब प्रदेश में ओला, उबर और अन्य एग्रीगेटर टैक्सी सेवाओं को अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराना होगा। बिना पंजीकरण, फिटनेस, मेडिकल परीक्षण और पुलिस सत्यापन के कोई भी वाहन संचालित नहीं हो सकेगा। एग्रीगेटर कंपनियों को लाइसेंस के लिए पांच लाख रुपये शुल्क देना होगा।

# पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 की नई नीति मंजूर

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत किफायती आवास (एएचपी) और किफायती किराया आवास (एआरएच) घटकों के क्रियान्वयन के लिए नई नीति को मंजूरी दे दी गई। इस नीति के तहत मध्यम और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को शहरों में किफायती दरों पर आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है।

योजना के अंतर्गत आवास निर्माण के लिए प्रत्येक लाभार्थी को केंद्र सरकार की ओर से 1.50 लाख रुपये और राज्य सरकार की ओर से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं परियोजनाओं में शामिल डेवलपर्स को भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क, मानचित्र स्वीकृति शुल्क और वाह्य विकास शुल्क में छूट दी जाएगी, जबकि लाभार्थियों को स्टाम्प शुल्क में राहत मिलेगी।

किफायती किराया आवास (एआरएच) मॉडल-2 के तहत शहरी गरीबों, कामकाजी महिलाओं, औद्योगिक इकाइयों के कर्मचारियों तथा ईडब्ल्यूएस और एलआईजी वर्ग के परिवारों के लिए निजी व सार्वजनिक संस्थाओं द्वारा किराये के आवास विकसित किए जाएंगे।



यूपी कैबिनेट बैठक के निर्णयों की जानकारी देते वित्त मंत्री सुरेश खन्ना। अमृत विचार

### मंत्रिपरिषद से पास अन्य प्रमुख प्रस्ताव

- निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत बड़े निवेश प्रस्तावों को अनुमोदन
- उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली-1975 में संशोधन
- टेक्सटाइल एवं गारमेंटिंग नीति-2022 में संशोधन
- बुंदेलखंड पैकेज के तहत डेयरी परियोजनाओं का विस्तार
- उच्च शिक्षा के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा
- खनिजों की ई-नीलामी के लिए प्लेटफॉर्म प्रदाता नामित
- यूपी क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े शुल्क निर्धारण संशोधन
- यूपी पावर कॉरपोरेशन को ऋण सुविधा की स्वीकृति
- पीएसी के लिए 46 नए वाहनों की खरीद
- लखवार और रेणुका बांध परियोजनाओं में यूपी के अंशदान को मंजूरी
- भिक्षावृत्ति निवारण अधिनियम में संशोधन
- अयोध्या में सतर्कता अधिष्ठान कार्यालय के लिए भूमि हस्तांतरण
- जल जीवन मिशन योजनाओं के लिए अतिरिक्त राज्यांश की स्वीकृति

### कांशीराम आवासों से हटेगा अवैध कब्जा

**अमृत विचार :** वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिसूचित न होने के बावजूद कैबिनेट में कांशीराम आवास योजना पर भी चर्चा हुई। योजना के तहत बने आवासों पर अनधिकृत कब्जे हटाकर उन्हें मरम्मत के बाद पात्र दलित परिवारों को पुन: आवंटित करने का निर्णय भी लिया है। सरकार का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को आवास सुविधा उपलब्ध कराना है।

### कर्मचारियों के निवेश व संपत्ति नियम सख्त

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई प्रदेश मंत्रि परिषद की बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि सरकारी कर्मचारियों की आचरण नियमावली-1956 में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। अब यदि कोई कर्मचारी छह माह के मूल वेतन से अधिक निवेश करता है तो इसकी सूचना विभाग को देनी होगी। दो माह के मूल वेतन से अधिक मूल्य की चल संपत्ति खरीदने या बेचने पर भी सूचना देना अनिवार्य होगा। साथ ही कर्मचारियों को हर वर्ष अपनी अचल संपत्तियों का विवरण देना होगा।

### आठ नए शहरों को पहले चरण में 425 करोड़ रुपये मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के आठ शहरों के विकास के लिए 425 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इस योजना का उद्देश्य तेजी से बढ़ रही शहरी आबादी को ध्यान में रखते हुए नए शहरों का सुनियोजित और सुव्यवस्थित विकास करना तथा लोगों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निर्णय के अनुसार बरेली, वाराणसी, उरई, चित्रकूट, बांदा, प्रतापगढ़, गाजीपुर और मऊ में नए शहरों के समग्र विकास के लिए सीड कैपिटल के रूप में यह धनराशि जारी की जाएगी। योजना के तहत भूमि अर्जन में आने वाले खर्च का अधिकतम 50 प्रतिशत तक राज्य सरकार सीड कैपिटल के रूप में उपलब्ध कराती है, जिसे अधिकतम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस योजना के लिए कुल 3000 करोड़ का प्रावधान किया गया है, जिसमें से पहले चरण में 425 करोड़ जारी किए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### उप्र. उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली में संशोधन को मंजूरी

**अमृत वितार, लखनऊ :** यूपी कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा नियमावली, 1975 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर उत्तर प्रदेश उच्चतर न्यायिक सेवा (अठारहवां संशोधन) नियमावली, 2026 लागू की जाएगी। इसके तहत भर्ती, कोटा और चयन प्रक्रिया से जुड़े कुछ नियमों में बदलाव किया गया है। संशोधन के अनुसार भर्ती के स्रोत से जुड़े नियम-5, कोटा से संबंधित नियम-6, चयन प्रक्रिया से जुड़े नियम-18, पदोन्नति से संबंधित नियम-20, नियुक्ति से जुड़े नियम-22 और परिशिष्ट-1 में बदलाव किया जाएगा। नई व्यवस्था के तहत सिविल जज (सीनियर डिवीजन) से पदोन्नति का कोटा 65 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। यह पदोन्नति श्रेष्ठता और वरिष्ठता के आधार पर तथा उपयुक्तता परीक्षा पास करने वाले अधिकारियों को दी जाएगी। वहीं सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा के जरिए पदोन्नति का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत कर दिया गया है। इसमें वही सिविल जज शामिल हो सकेंगे, जिन्होंने उस पद पर कम से कम तीन साल की सेवा और उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा में कम से कम सात साल की सेवा पूरी की हो। इसके अलावा अधिवक्ताओं (बार) से सीधी भर्ती का कोटा पहले की तरह 25 प्रतिशत ही रहेगा।

### अयोध्या में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में अयोध्या में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनाया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अयोध्या के चक नंबर-4, मोहल्ला वशिष्ठ कुंड, परगना हवेली अवध, तहसील सदर में स्थित नजूल भूमि के सात गाटा नंबर (1026, 1027, 1029, 1030, 1031, 1033 मि. और 1035) कुल लगभग 2500 वर्गमीटर क्षेत्रफल को अयोध्या म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के पक्ष में हस्तांतरित किया जाएगा। जिलाधिकारी अयोध्या द्वारा नगर आयुक्त के अनुरोध पर यह प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार यह भूमि कुछ शर्तों और प्रतिबंधों के अधीन नगर निगम अयोध्या को नि:शुल्क आवंटित की जाएगी।

### मेरठ में बनेगा समेकित विनिर्माण व लॉजिस्टिक्स क्लस्टर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश मंत्रिमंडल बैठक में अटल औद्योगिक आधारभूत संरचना मिशन के तहत जनपद मेरठ में समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के लिए आधारभूत विकास कार्यों को मंजूरी दे दी गई है। इन कार्यों पर लगभग 213.81 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश में उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) द्वारा विकसित एक्सप्रेसवे (आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे, बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे) के किनारे 29 स्थानों पर औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना के तहत समेकित विनिर्माण एवं लॉजिस्टिक्स क्लस्टर विकसित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मेरठ नोड में सड़क निर्माण, आरसीसी नालियां, आरसीसी कल्वर्ट, अग्निशमन केंद्र, भूमिगत जलाशय, जलापूर्ति लाइन, घेराबंदी, विद्युत व्यवस्था और अन्य आवश्यक औद्योगिक आधारभूत ढांचे का विकास किया जाएगा।

# विकास प्राधिकरणों के डिफॉल्टरों के लिए एकमुश्त समाधान योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 18,982 डिफॉल्टर मामलों में 11,848.21 करोड़ रुपये का बकाया

**अमृत विचारः** कैबिनेट बैठक में विकास प्राधिकरणों, आवास एवं विकास परिषद तथा विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों की संपत्तियों के डिफॉल्टरों को राहत देने के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) 2026 लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। योजना का उद्देश्य लंबे समय से लंबित बकाया राशि की वसूली करना और डिफॉल्टर आवंटियों को बकाया चुकाने का अवसर देना है।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि विभिन्न विकास प्राधिकरणों और संबंधित संस्थाओं में संपत्तियों से जुड़े 18,982 डिफॉल्टर मामलों में करीब 11,848.21 करोड़ रुपये बकाया हैं। इसके अलावा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े 545 मामलों में लगभग 1,482.10 करोड़ रुपये की राशि लंबित है। इन बकाया रकम की वसूली के लिए ओटीएस योजना लाई गई है। योजना के तहत आवासीय, व्यावसायिक और अन्य आवंटित संपत्तियों के साथ नीलामी या आवंटन पद्धति से दी गई संपत्तियों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा सरकारी संस्थानों, स्कूलों, चैरिटेबल संस्थाओं और अन्य संगठनों को आवंटित संपत्तियां तथा मानचित्र स्वीकृति से जुड़े डिफॉल्टर मामले भी योजना के दायरे में आएंगे।

ओटीएस योजना के तहत डिफॉल्टर आवंटियों से केवल साधारण ब्याज लिया जाएगा, जबकि दंड ब्याज पूरी तरह माफ कर दिया जाएगा। योजना के लिए आवेदन की अवधि तीन माह होगी और प्राप्त आवेदनों का निस्तारण भी तीन माह के भीतर किया जाएगा। भुगतान की व्यवस्था के अनुसार 50 लाख रुपये तक की देय राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और शेष दो-तिहाई तीन मासिक किस्तों में जमा करनी होगी। वहीं 50 लाख रुपये से अधिक की राशि पर एक-तिहाई भुगतान 30 दिन में और बाकी दो-तिहाई तीन द्विमासिक किस्तों में छह माह के भीतर जमा करना होगा।

सरकार का मानना है कि इस योजना से डिफॉल्टरों को राहत मिलेगी और विकास प्राधिकरणों व आवासीय संस्थाओं की बड़ी राशि की वसूली संभव हो सकेगी।

## राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद नियमावली-2026 को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और शिकायतों के प्रभावी समाधान के लिए योगी सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद एवं जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद (प्रथम संशोधन) नियमावली-2026" को मंजूरी दे दी गई।

- शिकायत निस्तारण और निगरानी तंत्र होगा और प्रभावी

नई नियमावली लागू होने के बाद राज्य और जिला स्तर पर उपभोक्ता संरक्षण परिषदों की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी और व्यवस्थित बनाया जाएगा। सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करना और बाजार में पारदर्शिता बढ़ाना है। खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारियों के अनुसार, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य और जिला स्तर पर परिषदों का गठन किया जाता है, जो उपभोक्ताओं से जुड़े मुद्दों, शिकायतों और नीतिगत सुझावों पर सरकार को सलाह देती हैं। नई नियमावली के माध्यम से परिषदों के गठन, सदस्यों की नियुक्ति, बैठक की प्रक्रिया और कार्यों को स्पष्ट रूप से निर्धारित किया गया है। नियमावली के अनुसार राज्य उपभोक्ता संरक्षण परिषद की अध्यक्षता राज्य सरकार द्वारा नामित मंत्री करेंगे, जबकि परिषद में विभिन्न विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ, उपभोक्ता संगठनों के प्रतिनिधि और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े सदस्य शामिल किए जाएंगे।

# ग्रीनपार्क के शुल्क की नई दरें तय

## यूपी क्रिकेट एसोसिएशन के साथ लीज अनुबंध में संशोधन को मंजूरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** कानपुर के ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम में होने वाले कुछ क्रिकेट आयोजनों के लिए शुल्क संरचना में संशोधन करते हुए प्रदेश कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के साथ हुए 30 वर्षीय लीज अनुबंध में बदलाव को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय के तहत यूपी टी-20 लीग के लिए प्रति मैच प्रतिदिन 2.50 लाख रुपये और भारत-ए बनाम ऑस्ट्रेलिया-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पांच लाख रुपये प्रतिदिन शुल्क तय किया गया है।

कैबिनेट के निर्णय के अनुसार इन शुल्कों में हर पांच वर्ष में 25 प्रतिशत की वृद्धि की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस संशोधन से ग्रीनपार्क में क्रिकेट गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और उभरते खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकेंगे। ग्रीनपार्क स्टेडियम को अप्रैल 2015 के शासनादेश के तहत यूपीसीए को 30 वर्षों के लिए लीज पर दिया गया था। उस समय हुए अनुबंध में प्रतिभा खोज कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित यूपी टी-20 लीग या भारत-ए बनाम ऑस्ट्रेलिया-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए शुल्क का स्पष्ट प्रावधान नहीं था।

इसी को ध्यान में रखते हुए शासन ने कानपुर मंडल आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी, जिसने 30 दिसंबर 2025 को अपनी रिपोर्ट में इन आयोजनों के लिए अलग शुल्क निर्धारित करने का सुझाव दिया था। सरकार ने खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूपी टी-20 लीग के लिए 2.50 लाख रुपये प्रति मैच प्रतिदिन शुल्क तय किया है, जो अन्य आयोजनों के लिए निर्धारित 25 लाख रुपये के शुल्क की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत कम है। वहीं भारत-ए जैसे द्वितीय श्रेणी के अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए पांच लाख रुपये प्रति मैच प्रतिदिन शुल्क निर्धारित किया गया है।

### कानपुर में गंगा पर नए सेतु के निर्माण को 460 करोड़ रुपये स्वीकृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैबिनेट बैठक में कानपुर में गंगा नदी पर नया सेतु बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह सेतु ट्रांसगंगा सिटी को शहर से जोड़ने के उद्देश्य से बनाया जाएगा। परियोजना का निर्माण अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत कराया जाएगा। प्रस्तावित परियोजना के तहत गंगा नदी पर चार लेन का उच्च स्तरीय पुल तथा उससे जुड़े पहुंच मार्गों का निर्माण किया जाएगा। जिस स्थान पर यह सेतु बनाया जाएगा, वहां उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीसीडा) ट्रांसगंगा सिटी विकसित कर रहा है। इस औद्योगिक क्षेत्र में कानपुर और आसपास की कई औद्योगिक इकाइयों को स्थानांतरित करने की योजना है। परियोजना की कुल लागत लगभग 753 .13 करोड़ निर्धारित की गई है। इसमें से 460 करोड़ अटल इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन से उपलब्ध कराए जाएंगे, जबकि शेष राशि संबंधित प्राधिकरण अपने संसाधनों से खर्च करेगा।

# उच्च शिक्षा के शिक्षकों को चिकित्सा सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मंत्रिपरिषद की बैठक में उच्च शिक्षा विभाग से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसके तहत प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना से प्रदेश के दो लाख से अधिक शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा के शिक्षकों को नकदरहित चिकित्सा सुविधा देने की घोषणा की थी, जिसे अब कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत अशासकीय सहायता प्राप्त महाविद्यालयों में कार्यरत नियमित एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के शिक्षक, स्ववित्तपोषित मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों के शिक्षक और राज्य विश्वविद्यालयों में कार्यरत शिक्षक शामिल किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को भी योजना के दायरे में लाया गया है। योजना के अंतर्गत शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को भी सरकारी और संबद्ध निजी अस्पतालों में नकदरहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी। इसके तहत प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के उपचार की सुविधा दी जाएगी।

## 215 करोड़ के निवेश से मेडिकल डिवाइस पार्क को मिलेगी गति

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र स्थित मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई। कैबिनेट ने टीआई मेडिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को भूमि सब्सिडी प्रदान करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कंपनी गौतमबुद्ध नगर में विकसित हो रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में 4.48 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 215.20 करोड़ रुपये का निवेश कर चिकित्सा उपकरण निर्माण इकाई स्थापित करेगी। यह परियोजना राज्य की एफडीआई, एफसीआई एवं फॉर्च्यून इंडिया-500 निवेश प्रोत्साहन नीति-2023 के अंतर्गत प्रस्तावित है।

# सिखों के विवाह पंजीकरण के लिए नई नियमावली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** कैबिनेट बैठक में सिख समुदाय के विवाह पंजीकरण को सरल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश आनंद विवाह रजिस्ट्रीकरण नियमावली-2026 को मंजूरी दे दी गई। नई नियमावली के लागू होने से सिख धर्म में प्रचलित आनंद कारज विवाह का पंजीकरण अब निर्धारित प्रक्रिया के तहत आसानी से कराया जा सकेगा।

यह नियमावली आनंद मैरिज एक्ट-1909 (संशोधित 2012) की धारा-6 के तहत राज्य सरकार को प्राप्त अधिकारों के आधार पर बनाई गई है। साथ ही यह निर्णय सुप्रीम कोर्ट में दायर अमनजोत सिंह चड्ढा बनाम भारत संघ व अन्य मामले में 4 सितंबर 2025 को दिए गए निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है। नियमावली के तहत विवाह पंजीकरण की व्यवस्था तहसील से लेकर राज्य स्तर तक तय की गई है। तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) को रजिस्ट्रार, जनपद स्तर पर जिलाधिकारी को जिला रजिस्ट्रार, मंडल स्तर पर मंडलायुक्त को मंडलीय रजिस्ट्रार और राज्य स्तर पर निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ को मुख्य रजिस्ट्रार नामित किया जाएगा।

विवाह के पक्षकार या उनके रिश्तेदार विवाह संपन्न होने की तिथि से तीन महीने के भीतर निर्धारित प्रारूप में आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए 1500 रुपये के न्यायालय शुल्क स्टाम्प के साथ आवेदन देना होगा। निर्धारित समय के बाद भी आवेदन किया जा सकेगा, लेकिन इसके लिए नियमानुसार विलंब शुल्क देना होगा। नियमावली में अपील की व्यवस्था भी की गई है।

# दो राष्ट्रीय सिंचाई परियोजनाओं में 717.11 करोड़ खर्च करेगा यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लखवार और रेणुकाजी बांध परियोजनाओं में यूपी की हिस्सेदारी को कैबिनेट की मंजूरी

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में निर्माणाधीन दो महत्वपूर्ण जल परियोजनाओं लखवार बहुउद्देशीय परियोजना और रेणुकाजी बांध परियोजना में उत्तर प्रदेश की वित्तीय हिस्सेदारी को मंजूरी दे दी गई। इन दोनों परियोजनाओं में राज्य सरकार कुल 717.11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च करेगी। कैबिनेट ने उत्तराखंड के देहरादून और टिहरी गढ़वाल जिले में यमुना नदी पर बन रही लखवार बहुउद्देशीय परियोजना में उत्तर प्रदेश के हिस्से के रूप में 356.07 करोड़ रुपये खर्च करने को स्वीकृति दी है। इस परियोजना के तहत 204 मीटर ऊंचा बांध, 300 मेगावाट क्षमता का भूमिगत बिजलीघर और बैराज का निर्माण किया जा रहा है। परियोजना से लाभार्थी राज्यों के लगभग 33,780 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा।

इसी तरह हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में गिरी नदी पर बन रही रेणुकाजी बांध परियोजना में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी के रूप में 361.04 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना में 148 मीटर ऊंचा बांध बनाया जा रहा है और इससे 40 मेगावाट बिजली उत्पादन भी प्रस्तावित है।

इन दोनों राष्ट्रीय परियोजनाओं के पूरा होने के बाद उत्तर प्रदेश को कुल 3.721 बीसीएम अतिरिक्त जल प्राप्त होगा।

समीक्षा

## परियोजनाओं में समयसीमा, गुणवत्ता और पारदर्शिता से समझौता अस्वीकार्य : मुख्यमंत्री

# एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए भूमि खरीद में लाएं तेजी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में प्रस्तावित और निर्माणाधीन एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं के लिए भूमि क्रय प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आयोजित उच्चस्तरीय प्रगति समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे नेटवर्क का विस्तार उत्तर प्रदेश में निवेश, औद्योगिक गतिविधियों और क्षेत्रीय संतुलित विकास को नई दिशा देगा। उन्होंने संबंधित जिलाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि भूमि अधिग्रहण से जुड़ी सभी बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर करते हुए कार्यों में तेजी लाई जाए।



समीक्षा बैठक में निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

बैठक में चित्रकूट लिंक एक्सप्रेस-वे, फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ-पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे, झांसी लिंक एक्सप्रेस-वे और जेवर लिंक एक्सप्रेस-वे की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में बताया गया कि गंगा एक्सप्रेस-वे का मुख्य कैरिजवे निर्माण पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेजी से चल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि शेष कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कर एक्सप्रेस-वे को शीघ्र संचालन के लिए तैयार किया जाए। साथ ही मेरठ से हरिद्वार तक इसके संभावित विस्तार पर भी कार्य प्रगति पर है।

मुख्यमंत्री ने बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) क्षेत्र में भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जून माह तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त मैनपॉवर लगाने और सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने को कहा गया।

# नोएडा एयरपोर्ट को मिला एयरोड्रम लाइसेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सीएम योगी को सौंपा गया दस्तावेज जल्द तय होगी उद्घाटन तिथि

**अमृत विचारः** जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन की दिशा में बड़ा कदम आगे बढ़ गया है। एयरपोर्ट प्रबंधन के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से जारी एयरोड्रम लाइसेंस उन्हें प्रस्तुत किया।

एयरपोर्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस्टोफ श्नेलमैन के नेतृत्व में आए प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को परियोजना की प्रगति और आगामी चरणों की जानकारी दी। एयरोड्रम लाइसेंस मिलने के साथ अब एयरपोर्ट के औपचारिक उद्घाटन और वाणिज्यिक उड़ानों की शुरुआत की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। अधिकारियों के अनुसार एयरपोर्ट का एयरोड्रम सिक्योरिटी प्रोग्राम फिलहाल ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) के पास समीक्षा के लिए लंबित है। सुरक्षा से जुड़ी यह अंतिम मंजूरी मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय कर उद्घाटन और वाणिज्यिक संचालन की तिथि तय करेगा।

## 6500 से अधिक संविदा चालकों-परिचालकों की भर्ती इसी माह : दयाशंकर

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने मंगलवार को परिवहन निगम मुख्यालय के सभागार कक्ष में परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि इस माह के अंत से संविदा पर 3060 चालकों एवं 3614 परिचालकों की भर्ती की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। भर्ती की कार्यवाही शुरू है। चालकों परिचालकों की भर्ती से बसों के संचालन में और सुधार होगा। इससे यात्रियों को राहत मिलेगी। परिवहन मंत्री ने कहा कि संचालन में सुधार लाया जाए। जिन क्षेत्रों में बसों के संचालन में एवं आय में कमी की शिकायत पायी जाएगी, उस क्षेत्र के आरएम/ एआरएम के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# कई दिनों के बाद एक बार फिर से छाया कोहरा

• अत्यधिक गर्मी और रात के तापमान में गिरावट से आया मौसम में बदलाव

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** यूं तो ठंड का मौसम विदा ले चुका है तो ऐसे में लोग सर्द सुबह भी भूल ही चले हैं। होली बीतने के साथ ही लोगों ने गर्म कपड़े बक्सों के हवाले कर दिए हैं। इसी बाच अचानक कई दिनों के बाद सुबह के समय घना कोहरा छा गया जो करीब नौ बजे तक बना रहा और सर्द हवाएं भी महसूस की गईं। इसको लेकर मौसम विज्ञानी की मानें तो दिन के समय अत्यधिक तापमान और शाम के समय पारे की खासी गिरावट के कारण इस तरह का वातारवरण बन जाता है।

मंगलवार की सुबह जब लोग जागे तो आसमान में घने कोहरे की चादर देख आश्चर्य में पड़ गए। बाहर निकले तो सर्द हवाएं भी चल रहीं थीं।

करीब महीने भर बाद जबकि सर्दी विदा ले चुकी है तो ऐसे मौसम की अपेक्षा किसी ने नहीं की थी। कुछ को लगा कि बारिश हो सकती है। हालांकि कुछ घंटे बीतने के बाद सूरज चढ़ा और गर्मी का असर तेज हो गया। इस संदर्भ में कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव का कहना है कि इधर कुछ दिनों से दिन के तापमान में खासी बढ़ोतरी हुई है जबकि पर्यावरण में नमी अभी भी विद्यमान है। दिन में तेज गर्मी होने, रात को मौसम खुला और शांत होने के कारण मिट्टी का तापमान काफी तेजी से गिरता है। मंगलवार को तड़के भी कुछ ऐसा ही हुआ। पर्यावरण की नमी के कारण फाग यानी कोहरा पैदा हुआ है। इसको वैज्ञानिक भाषा में रेडिएशन फॉग कहते हैं। इसके चलते रोज की अपेक्षा तापमान में गिरावट हुई। आगामी दिनों में इस तरह की संभावना तो नहीं है लेकिन अगर चार से पांच दिन इस तरह का मौसम बना रहता है तो गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद हो सकता है। किसानों को सलाह दी है कि वर्तमान मौसम में कीटों का प्रकोप हो सकता है तो ऐसे में विशेषज्ञों की देखरेख में दवा आदि का प्रबंधन करें। जानकारी दी कि अधिकतम तापमान 30 जबकि न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा जबकि कोहरे के कारण न्यूनतम सामान्य रहा। बताया कि फिलहाल बारिश की संभावना तो नहीं है लेकिन 15 मार्च के बाद एक पश्चिमी विक्षोभ विकसित हो रहा है।



मंगलवार सुबह जिले में इस तरह छाया कोहरा। अमृत विचार

# ताहपुर और गदौरा में लोगों को मिलेगा शुद्ध पेयजल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास खंड तालग्राम की ग्राम पंचायत ताहपुर में नवनिर्मित पेयजल योजना पर जल महोत्सव के अवसर पर जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों में जल संरक्षण एवं स्वच्छ पेयजल के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रभात फेरी, जल बंधन, जल संकल्प तथा जल संचयन गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनके माध्यम से ग्रामीणों को जल संरक्षण, जल के समुचित उपयोग तथा स्वच्छ पेयजल के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। सभी को जल बचाने एवं जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख, विकास खंड तालग्राम, ग्राम प्रधान ताहपुर, जिला समन्वयक (डीपीएमयू), डीपीएम टीपीआई, सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, परियोजना प्रबंधक (कार्यदायी संस्था) सहित अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत गदौरा में भी जल महोत्सव के अवसर पर जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दबंगों ने महिला सहित पांच लोगों को पीटा

**सौरिख, कन्नौज।** दबंग ने महिला सहित पांच लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने पहुंच प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना क्षेत्र के हजरतपुर गांव निवासी बबलू पुत्र सुरेश वाल्मीकि ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, 5 मार्च की दोपहर समय लगभग 11:30 बजे वह अपने घर के दरवाजे पर बैठा हुआ था। तभी जमीन के विवाद को लेकर गांव के ही मोनू, सोनू पुत्रगण गुड्डू बाल्मीकि, सनी-चंदन पुत्रगण नरेश उसके दरवाजे पर आए और गाली देने लगे। उसने गाली देने से मना किया तो सभी लोग लाठी डंडों से मारने पीटने लगे। शोर सुनकर बचाने आए उसके पुत्र सिंकु, अभिषेक, अजीत, उसकी मां सावित्री देवी एवं पत्नी उर्मिला देवी को भी उक्त लोगों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को डॉक्टरी परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

### गेट तोड़ बीज भंडार की दुकान में चोरी

**सौरिख, कन्नौज।** चोरों ने बीज भंडार की दुकान को निशाना बनाते हुए वहां रखा बीज चोरी कर लिया। दुकानदार ने पुलिस को घटना की सूचना दी। कबीरपुर निवासी बबलू पुत्र कल्लन बेहटा गौशाला के पास नूरी बीज भंडार के नाम से दुकान किए है। सोमवार रात चोरों ने मेन गेट का कुंडा तोड़कर उसमें रखे 50 से 60 किलो मक्का तथा कई प्रकार की सब्जियों के बीज एवं कीटनाशक चोरी कर लिए। मंगलवार सुबह रोज की तरह जब बबलू दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो देखा गेट खुला था। अंदर जाकर देखा तो सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था तथा मक्का और बीज के सभी पैकेट दुकान में नहीं थे। चोरी की सूचना डायल 112 पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जयंतीप्रसाद गंगवार ने जांच की।

### पुरानी रंजिश में महिला को पुत्रियों समेत पीटा

**कन्नौज।** पुरानी रंजिश को लेकर दरवाजे पर परिवार के साथ बैठी महिला व पुत्रियों से मारपीट कर दी गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। सदर कोतवाली क्षेत्र के जावां गांव निवासी अनीता पत्नी राजीव ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 08 मार्च को वह शाम सात बजे अपने घर के दरवाजे पर अपने देवरानी ममता, पुत्री शिवानी, भतीजी शीतल के साथ बैठी थी। उसी समय गांव के ही निवासी सलमान व अरवाज पुत्रगण शमशाद पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज करने लगे। जब गाली देने से मना किया तो उक्त भाइयों ने थप्पड़, डंडे, बेल्टों से पीटा। जान से मारने की धमकी दी।

### बच्चे ने पीया तारपीन का तेल, बिगड़ी हालत

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव जलालपुर पंचमा निवासी शाफिर के 03 वर्षीय पुत्र अब्दुल रहमान ने झोखे से तारपीन का तेल पी लिया। इससे उसकी हालत गंभीर हो गई। जानकारी पर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां उपचार दिया गया। उपचार से बच्चे की हालत में सुधार आया है।

### बुढ़वा मंगल पर संगीतमय सुंदरकांड

**सौरिख, कन्नौज।** कस्बे के पहाड़ी बाबा मंदिर पर बुढ़वा मंगल पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। इसमें पहुंचे कस्बे के सैकड़ों श्रोताओं ने आनंद उठाया और प्रसाद ग्रहण किया। कस्बे के मोहल्ला संजय नगर स्थित पहाड़ी बाबा मंदिर पर पूर्व चेयरमैन संजय चतुर्वेदी ने संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन करवाया। इसमे छिबरामऊ से आई पांडे म्यूजिकल ग्रुप के अरुण पांडे एवं उनकी टीम ने प्रस्तुति दी। कस्बा से पहुंचे श्रोता भजनों को सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन संजय चतुर्वेदी, सुभाष चतुर्वेदी, संजय चौरसिया, देवेश मिश्रा, शरद मिश्रा, ओमी चतुर्वेदी, रमेश चंद्र प्रजापति, विमल चतुर्वेदी, गौरव तिवारी, मनोज सेंगर, रंजन चतुर्वेदी, जीवन मिश्रा, सुबंश दुबे, मनोज अवस्थी आदि लोग मौजूद रहे।

# बेटी के हाथों में सजी मेहंदी उधर पिता की उठी अर्थी

## शादी से कुछ घंटों पहले ही बीमार बुजुर्ग का निधन, कोहराम

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** कुदरत भी कभी कुछ ऐसा करती है कि व्यक्ति बस देखता ही रह जाता है। कुछ कर नहीं पाता। ऐसी ही घटना हुई है नादेमऊ क्षेत्र के एक गांव में जहां बेटी के हाथों में मेहंदी सजी थी और कुछ ही घंटों बाद शादी थी। तभी कैंसर पीड़ित पिता की मौत हो गई। हालांकि शादी रोकी नहीं गई लेकिन रस्में दुखद माहौल में हुईं जिससे न सिर्फ परिवार बल्कि अन्य लोगों के भी आंसू निकल आए।



राघवेंद्र।

घटनाक्रम के अनुसार तिर्वा के विलंदपुर गांव निवासी राघवेंद्र सिंह (70) चार साल से कैंसर से पीड़ित थे। उनका इलाज चल रहा था। उनकी बड़ी बेटी किरण की शादी मंगलवार को होनी थी। मध्य प्रदेश के भोपाल से बारात आनी थी। इससे पहले की तमाम रस्में पूरी कर परिवार के सभी लोग बारात की तैयारियों में जुटे थे। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पिता राघवेंद्र की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें अस्पताल ले जा पाते तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। शुभ घड़ी में इतना बड़ा वज्रपात होने से परिवार में कोहराम मच गया। शादी की खुशियों में चीख पुकार गूंजने लगी। ऐन वक्त पर ऐसा हादसा होने से परिजनों ने शादी को शांति से निपटाने का फैसला करते हुए गांव के खेत में ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया।

शादी के दिन पिता की मौत से बेटी किरन उनको याद कर लगातार रो रही थी। मृतक के बेटे राम प्रताप ने बताया बहन के हाथ में कंगन बंध जाने के कारण शादी को नहीं रोका गया। दुल्हन के हाथ में कंगन बंध जाने के बाद शादी को रोकना अशुभ माना जाता है।

### प्राइवेट स्कूल में लिपिक थे राघवेंद्र

- राघवेंद्र गांव ने एक प्राइवेट स्कूल में लिपिक के पद पर करीब 35 साल तक सेवा दी। जब कैंसर हो गया तो उन्होंने काम छोड़ दिया। उनकी जगह पर दूसरा बेटा श्याम प्रताप (32) काम करने लगा।

### भरा पूरा है परिवार

- मृतक के परिवार में पत्नी, तीन बेटे और 2 बेटियां हैं। पहली पत्नी अन्नपूर्णा की लंबी बीमारी से मौत हो गई थी। इसके बाद दूसरी शादी की थी। पहली पत्नी से दो बेटे राम प्रताप सिंह (35), श्याम प्रताप (32) जबकि दूसरी पत्नी मीना देवी से बेटा भानु प्रताप (28), बेटियां किरण (21) और मुस्कान हैं।

# 'मेरा गांव, मेरी धरोहर' से मिलेगी पंचायतों को पहचान

**कन्नौज।** जनपद की सभी 499 ग्राम पंचायतों में सांस्कृतिक महत्व की धरोहरों की पहचान व दस्तावेजीकरण का काम शुरू हो गया है। इसके लिए पंचायत सहायक और ग्राम पंचायत सचिव सर्वे कर रहे हैं।

डीपीआरओ ने बताया कि विशेष धरोहरों वाले गांवों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकेगी। साथ ही उनको सहेजने के इंतजाम होंगे। लगभग हर गांव के नाम व धरोहर इनकी पहचान हैं। अलग- अलग मौके पर मान्यता व विरासत के तौर पर ग्रामीण इसे संजोते आ रहे हैं, मगर कोई प्रामाणिक दस्तावेज न होने से तमाम विरासतें पहचान खोती जा रहीं हैं। ऐसे में नई पीढ़ी इससे अनजान रहती है। गांवों में विरासत व धरोहरों की पहचान बनी रहे, इसके लिए भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय और पंचायती राज विभाग की ओर से 'मेरा गांव, मेरी धरोहर' थीम पर पहल को शुरू किया गया है। पंचायती राज विभाग ने 10 फरवरी को सभी एडीओ पंचायत को पत्र भेजकर सर्वे कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

# तिर्वा के ईटखारी गांव के पास आलू लदी ट्राली से टकराया बाइक सवार, मौत

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर की ट्राली से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने आलू भारी ट्राली को कब्जे में ले लिया है



रोहित।

ठठिया थाना क्षेत्र के जुर्रापुर्वा गांव निवासी रोहित (25) पढ़ाई के साथ खेतीबाड़ी करता था। सोमवार देर शाम रोहित बाइक से तिर्वा बाजार से खैरनगर-तिर्वा मार्ग से घर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार कोतवाली क्षेत्र के ईटखारी गांव के पास पहुंचा तभी सामने से किसी वाहन की हेड लाइट की रोशनी में उसकी आंखें चुंधिया गई। इस कारण बाइक असंतुलित होकर सड़क के किनारे खड़ी आलू से भरी ट्राली से टकरा गई। इससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आलू भरी ट्राली को जब्त कर लिया है।



सड़क पर ट्रैक्टर पलटने से गिरे आलू के पैकेट। अमृत विचार

### अनियंत्रित ट्रैक्टर पलटा, रोड पर आलू पैकेट गिरने से लगा जाम

**सौरिख।** सौरिख छिबरामऊ मार्ग पर राजापुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलट गया जिस पर आलू के पैकेट लोड थे। ट्रैक्टर पलटने से आलू के पैकेट रोड पर बिखर गए। इससे कई बाइक सवार गिरते गिरते बच गए। वहीं ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। देखते ही देखते रोड पर जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक की तलाश कर रोड से आलू के पैकेट हटवाकर यातायात बहाल करवा दिया। चालक गोविंद निवासी मोहन नगला छिबरामऊ कोतवाली ने बताया कोल्ड में आलू लेकर जा रहे थे।

# पेट्रोल -डीजल न मिल पाने से वाहन चालकों में अफरातफरी

• जिला पूर्ति अधिकारी बोले, जिले में ईंधन का कोई संकट नहीं

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** पेट्रोल-डीजल न मिलने से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। नगर में स्थित कई पेट्रोल पंपों पर सन्नाटा दिखाई दिया। शाम के समय कुछ पंपों से ईंधन दिया जाना शुरू किया गया। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि जिले में पेट्रोल और डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। घरेलू गैस का भी कोई संकट नहीं है।

मंगलवार को उस समय सौरिख नगर में वाहन चालकों में हड़कंप मच गया जब उनको किसी भी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल-डीजल नहीं मिला। धीरे-धीरे यह खबर आग की तरह फैल गई। वाहन चालकों में तरह-तरह की चर्चा शुरू हो गई। कई वाहन चालक तो पेट्रोल डीजल की तलाश में 15 से 20 किलोमीटर तक अपने वाहन को लेकर दौड़ लगाने लग गए परंतु उन्हें वहां पहुंचने के बाद भी पेट्रोल डीजल नहीं मिल सका। इस तरह की खबर फैलने से जिन्हें डीजल पेट्रोल की आवश्यकता नहीं वह भी पेट्रोल पंप के चक्कर लगाने लगा। हालांकि शाम के समय दो पंपों से ईंधन मिलने की बात सामने आई है। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया कि कन्नौज जिले में ईंधन का कोई संकट नहीं है। पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल व डीजल उपलब्ध है।

# जाति प्रमाण पत्र निरस्त करने का आरोप

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** तहसील क्षेत्र के खटिक समाज के लोगों ने जाति प्रमाण पत्र निरस्त किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है।

मंगलवार को कमलराज लोकहित वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र चक की अगुवाई में एसडीएम राजेश कुमार को दिएज्ञापन में बताया गया कि जनपद क्षेत्र में खटिक अनुसूचित जाति के लगभग 50 हजार लोग हैं। इनके पास पहले से ही तहसील द्वारा जारी अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र है। आरोप है कि हाल ही में जब कुछ लोगों ने नए जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया तो तहसील प्रशासन ने पूर्व में जारी प्रमाण पत्रों को निरस्त कर दिया और उनके आवेदन भी खारिज कर दिए। उन्होंने तहसीलदार से मिलकर पुराने दस्तावेज दिखाए, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें मानने से इनकार कर दिया। आरोप है कि बिना उचित जांच के ही रिपोर्ट लगाकर आवेदनों को निरस्त कर दिया गया है।ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि शासन के निर्देशों के अनुसार एक बार जारी किए गए जाति प्रमाण पत्र की बार-बार जांच नहीं की जा सकती, जब तक उसके गलत या फर्जी होने के ठोस प्रमाण न हों।



ज्ञापन देने तहसील पहुंचे खटिक समाज के लोग। अमृत विचार

# टूटते पारिवारिक रिश्तों को जोड़ रहा परिवार परामर्श केंद्र

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** टूटते पारिवारिक रिश्तों को जोड़ने का काम एसपी का परिवार परामर्श केंद्र कर रहा है। प्रति दिन सुलह समझौते से प्रकरण निपटाये जा रहे हैं।

महिला थाने में स्थापित परिवार परामर्श केन्द्र, निरीक्षक रंजना पांडेय व महिला सिपाही सीमा यादव, अनामिका यादव की मौजूदगी में पारिवारिक विवादों को दोनों पक्षों की सुनवाई कर समझौता कराने का प्रयास किया जा रहा है। कमेटी की ओर से मंगलवार को एक परिवार को टूटने से बचाया गया। महिला व उसके पति के बीच लंबे समय से विवाद चतल रहा था। इसकी शिकायत पर एसपी विनोद कुमार ने मामले को परिवार परामर्श केंद्र को भेजा था। दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर केंद्र पर बुलाया गया। दोनों पक्षों को बैठाने के बाद गिले शिकवे दूर दिए गए। आगे से इस तरह की गलती न करने की बात करते हुए लिखित में एक साथ रहने को तैयार हो गये।



टूटते परिवार की बात सुनतीं महिला थाना प्रभारी व अन्य। अमृत विचार

# मरम्मत के नाम पर लाखों खर्च, फिर भी मण्डी के धर्मकांटे से नहीं हो रही तौल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी नवीन मण्डी के धर्मकांटे से अनाज की तौल नहीं की जा रही है। व्यापारी हों या किसान सभी बाहर के धर्मकांटे से अनाज की तौल करा रहे हैं।

जिला मुख्यालय पर बनी नवीन मण्ड़ी में वर्षों से धर्मकांटा दोनों गेटों पर लगा है। भारी वाहनों के निकलने से हर वर्ष यह खराब हो जाता है। इसे ठीक कराने के लिये पंजाब से मैकेनिक बुलाये जाते हैं जो लाखों रुपये ले जाते हैं। लाखों खर्च के बाद भी मण्डी के अंदर अनाज बेचने के लिये आने वाले किसान व व्यापारी इस धर्मकांटे पर अनाज की तौल नहीं कराते हैं। इसकी मुख्य वजह क्या है यह तो व्यापारी ही ठीक तरह से जानते हैं। कुछ का कहना है कि मण्डी के धर्मकांटे की तौल सही नहीं है जबकि मण्डी समिति के अधिकारियों का कहना है कि धर्मकांटा पूरी तरह से ठीक है। इसमें कोई फाल्ट नहीं है। कुछ भी हो जब मण्ड़ी के धर्मकांटे से व्यापारी व किसान अनाज की तौल नहीं करा रहे हैं तो इसको ठीक कराने में प्रति वर्ष लाखों रुपये क्यों खर्च किये जाते हैं। खास बात तो यह है कि इस धर्मकांटे को मण्डी समिति के गेट पर लगाया गया है। इससे जिस वाहन की तौल नहीं की जानी है उसे भी धर्मकांटे होकर गुजरना पड़ता है।

वाहन में क्षमता से अधिक बजन होने से धर्मकांटे के एंगल टेढ़े हो जाते हैं। इस धर्मकांटे को दूसरे स्थान पर स्थापित किया जाना चाहिये। मण्डी सचिव रघुराज प्रताप सिंह का कहना है कि मण्डी का धर्मकांटा ठीक है। अब इसकी क्षमता को भी बढ़ाया गया है।




नवीन मण्डी गेट पर लगा धर्मकांटा। अमृत विचार

बैठक | जिलाधिकारी ने खाद्य एवं रसद विभाग की बैठक में दिए निर्देश

# लापरवाही पर दो पूर्ति निरीक्षकों को चेतावनी पत्र

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने खाद्य एवं रसद विभाग की बैठक के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर दो पूर्ति निरीक्षकों को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उचित दर की निलम्बित एवं निरस्त दुकानों की गहनता से समीक्षा की। इसमें सामने आया कि 6 दुकानें निलम्बित हैं जबकि निरस्त दुकानें भी इतनी ही हैं। विकास खण्ड सौरिख में लम्बे समय से उचित दर दुकान निरस्त होने और नई का प्रस्ताव न किये जाने की लापरवाही पर जिलाधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक छिबरामऊ सौरभ गुप्ता को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि आगामी बैठक से पहले दुकान का प्रस्ताव कराना सुनिश्चित करें। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2023-24 की निर्मित अन्नपूर्णा भवन की हस्तान्तरण की स्थिति की समीक्षा की। इसमें पाया गया कि विकास खण्ड कन्नौज में 10 अन्नपूर्णा भवन हस्तान्तरित नहीं किये गये हैं। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नारजगी व्यक्त करते हुए पूर्ति निरीक्षक कन्नौज सियाराम कुरील को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि समस्त पूर्ति निरीक्षक क्षेत्र में क्रियाशील रहकर भ्रमण पर रहें, कार्यालय में बैठने से कार्य नही होगा।

बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा सहित अन्य संबांधित अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग की बैठक लेते जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### रोवर्स-रेंजर्स शिविर में सीखे सेवा और स्वावलंबन के गुर

**छिबरामऊ।** नेहरू महाविद्यालय, छिबरामऊ में चल रहे पांच दिवसीय रोवर्स-रेंजर्स प्रवेश शिविर के दूसरे दिन छात्राओं के उत्साह और अनुशासन का संगम देखने को मिला। प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह के कुशल निर्देशन में आयोजित इस शिविर की शुरुआत परंपरागत रूप से प्रार्थना सभा और ध्वजारोहण के साथ हुई। प्राचार्य प्रोफेसर ने कहा कि एक सच्चा स्वयंसेवक वही है जो पूर्ण आत्मविश्वास, सहयोग और निष्ठा के साथ समाज की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान दक्ष ट्रेनर्स द्वारा छात्राओं को जीवनोपयोगी और साहसिक गतिविधियों का व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। मुख्य रूप से गांठबंधन एवं टेंट निर्माण विपरीत परिस्थितियों में आश्रय बनाने की कला सीखी।

### ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, दंपति समेत तीन घायल

**छिबरामऊ।** जनपद फर्रुखाबाद के ग्राम ग़दनपुर तुर्रा निवासी अंकुर (26) पुत्र रमेश चंद्र, अपनी पत्नी विनीता (22) और अपनी छोटी बहन रीना (16) के साथ अपने ई-रिक्शा से सिकंदरपुर स्थित एक रिश्तेदारी में गए हुए थे। मंगलवार शाम को जब वापस घर लौट रहे थे, तभी शाहजहांपुर के समीप सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार तीनों लोग लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्काल 112 पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने घायलों को आनन-फानन में सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया।

### भागवत श्रवण से होता है जीवन का कल्याण

**छिबरामऊ।** ग्राम नगला दुर्गा स्थित बाबा वीरेश्वर महाराज मठिया वाले मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य सिंधु कुमार ने भक्ति और ज्ञान की गंगा बहाते हुए श्रीमद् भागवत महापुराण के महत्व पर प्रकाश डाला।आचार्य सिंधु कुमार ने कथा के दौरान कहा कि श्रीमद् भागवत साक्षात भगवान का स्वरूप है और इसका श्रवण व्यक्ति के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने मुख्य रूप से भगवान की विशेष कृपा होने पर ही किसी मनुष्य को भगवत चरित्र सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है।बिना सत्संग और प्रभु चर्चा के मनुष्य के भीतर विवेक जागृत नहीं होता।

### सड़क हादसों मे 11 घायल, चार की हालत गंभीर

**कायमगंज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव सूखा नगला निवासी छेदा लाल (60) व छेदा लाल की पत्नी विमला देवी (55) कोतवाली क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर निवासी मनीष कुमार का 14 वर्षीय पुत्र वंशी व सपना (25) पत्नी इंद्रजीत एवं पुनीत (23) कायमगंज नगर के मोहल्ला बजरिया वृंदावन निवासी मौर्य श्री (40) पत्नी मनोज कुमार कंम्पिल थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर पलना निवासी सुखवीर (26) व अनीस (23) जनपद एटा के थाना जैथरा के गांव खिरिया निवासी वंटू (35) कंम्पिल क्षेत्र के गांव नगला धीमर निवासी चन्द्रवीर का 4 वर्षीय पुत्र मानव नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव जगदीशपुर निवासी जाहर सिंह का 14 वर्षीय पुत्र शिवा घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों व 108 एम्बुलेंस की सहायता से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने छेदा लाल, वंटू, मानव व अनीस की गंभीर हालत को देखते हुए लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की जांच की

**अमृतपुर।** राजेपुर थाना क्षेत्र के चाचूपुर तिराहे पर सोमवार रात्रि पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों के खिलाफ सघन चेकिंग अभियान चलाया। प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की गहन जांच की। इस अभियान के तहत वाहन चालकों के कागजात, हेलमेट और नंबर प्लेट की बारीकी से जांच की गई। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर भी विशेष ध्यान दिया। प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार ने बताया कि इस चेकिंग का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।

# मौसम का बदलाव कर रहा बीमार, ओपीडी फुल

## मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


जिला अस्पताल में मरीजों की लगी कतार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मौसम में आ रहे बदलाव का असर आम लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। इसकी वजह से खांसी, जुकाम व बुखार के रोगियों में वृद्धि हो रही है। जिला अस्पताल समेत सभी अस्पतालों की ओपीडी फुल चल रही है।

मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में सुबह 11 बजे ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ी जिससे पर्चा काउंटर पर लंबी लंबी कतारें देर तक लगी रहीं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आने के चलते फिजीशियन कक्ष में दिखाने को लेकर मारामारी की नौबत दिखाई दी। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में करीब 800 मरीज पहुंचे। इसमें अधिकतर मरीज बुखार से पीड़ित रहे। बताया जाता है कि इसका कारण खानपान के अलावा मौसम में बदलाव है। जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. शक्ति बसु का कहना है कि दिन में तेज गर्मी तो रात में सर्दी हो रही है। लोग गर्मी लगने पर तेज रफ्तार में पंखा चला रहे हैं। जिन लोगों के यहां एसी है वह उसे भी चलाने लगे हैं। इससे शरीर के तापमान में सर्दी व गर्मी का असर हो रहा है। इससे लोगों को जुकाम, बुखार, खांसी व डायरिया की शिकायत हो रही है। बताया कि लोगों को चाहिये कि मौसम बदलने पर गुनगुने पानी का सेवन करें। खाना ताजा खायें। विटामिन से भरपूर फलों का सेवन करें। इसमें संतरा, सेब के अलावा अन्य मौसमी फलों से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता होगी तो बुखार व खांसी से बचाव हो सकता है। बताया कि इस मौसम में सबसे अधिक बचाव बच्चे, गर्भवती व वृद्धों को करना है।

## आज से जयपुर, बालाजी, खाटूश्याम को नई बस सेवा

**छिबरामऊ।** नगर की जनता और दर्शनार्थियों के लिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से एक बड़ी सुविधा की शुरुआत की जा रही है। दिनांक 12 मार्च से छिबरामऊ से जयपुर के लिए प्रतिदिन लिंक सेवा का शुभारंभ होने जा रहा है। प्रतिदिन शाम 6:50 बजे छिबरामऊ से यह बस छिबरामऊ से गुरसहायगंज, आगरा, मेहंदीपुर बालाजी होते हुए जयपुर तक जाएगी।

जयपुर पहुंचने के बाद यात्रियों को खाटूश्याम के लिए लिंक सेवा की सुविधा मिलेगी। छिबरामऊ से जयपुर का किराया 573 रुपये निर्धारित किया गया है। इस बस सेवा के शुरू होने से अब खाटूश्याम और बालाजी जाने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। नगर प्रतिनिधि और विधायिका अर्चना पांडे जी के विशेष सहयोग और प्रयासों से इस सेवा को हरी झंडी मिली है, जिससे स्थानीय नागरिकों में हर्ष का माहौल है।

## एसआई भर्ती परीक्षा: 24 घंटे पहले स्टैटिक मजिस्ट्रेट के समक्ष खोली जाएगी स्टेशनरी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज


कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक लेते जिलाधिकारी व अधीनस्थ अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में 14 व 15 मार्च को होने वाली उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में बैठक की। इसमें बताया गया कि प्रत्येक परीक्षा तिथि से 24 घंटे पहले स्टेशनरी बॉक्स केंद्र व्यवस्थापक द्वारा स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र प्रभारी (पुलिस), केंद्र प्रभारी (परीक्षा संचालक) के समक्ष खोले जायेगें। प्राप्त परीक्षा सामग्री की जांच कर सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित परीक्षा सामग्री उसी परीक्षा केंद्र की ही हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी विसंगति की दशा में नोडल अधिकारी (पुलिस) को सूचित करें। केंद्र प्रभारी (परीक्षा संचालक) यह सुनिश्चित करेगें कि परीक्षा कक्ष का सीटिंग प्लान दो प्रतियों में तैयार किया जायेगा, जिसमें केवल सीटों का अनुक्रमांक अंकित हो। केंद्र के बाहर रोल नम्बर और रूम नंबर की सूची चस्पा करना हैं। परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पूर्व सीटिंग प्लान की पहली प्रति अभ्यर्थियों के लिए कमरे के दरवाजे पर चस्पा की जाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा को सकुशल कराने को लेकर एक केंद्र व्यवस्थापक, दो सहायक केंद्र व्यवस्थापक, एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट, एक सेक्टर मजिस्ट्रेट, एक केंद्र प्रभारी (पुलिस), एक केंद्र प्रभारी (परीक्षा संचालन), एक केन्द्र प्रभारी (पुलिस सुरक्षा) के साथ ही कक्ष निरीक्षक एवं सहयोगी कक्ष निरीक्षक की तैनाती की गई है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि वर्जित सामग्री परीक्षा केंद्र पर नहीं पहुंचनी चाहिए। प्रवेश द्वार पर ही संघन जांच में देख ली जाएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, उपजिलाधिकारी कन्नौज छिबरामऊ, तिर्वा, उपायुक्त एनआरएलएम श्री राजकुमार लोधी, जिला विद्यालय निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## स्कूटी की डिग्गी तोड़ कर उड़ाए पांच लाख रुपये

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- सदर तहसील में पुलिस चौकी के निकट घटना
- बदमाशों की पहचान को सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**अमृत विचार।** पुलिस चौकी के बाहर स्कूटी की डिग्गी तोड़कर पांच लाख रुपये पार कर दिये गए। इसकी जानकारी पर ग्रामीण ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक कोल्ड स्टोरेज संचालक अनिल कुमार पांडेय ने मंगलवार को स्टेट बैंक की सरायमीरा शाखा से 5 लाख रुपये निकाले थे। वे रुपयों से भरा थैला अपनी स्कूटी की डिग्गी में रखकर सदर तहसील परिसर पहुंचे। यहां वह किसी वकील से फोन पर बात करने लगे। इसी दौरान कुछ दूरी पर खड़ी उनकी स्कूटी की डिग्गी तोड कर अज्ञात बदमाश ने नोटों से भरा थैला पार कर दिया। इसकी जानकारी उनको तब हुई जब वह स्कूटी के पास पहुंचे और डिग्गी टूटी मिली।

घटना की जानकारी पर तहसील परिसर में लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी पर सरायमीरा चौकी पुलिस पहुंची और चोर की तलाश में जुट गई। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस बदमाशों की पहचान करने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## महिला सफाई कर्मियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता गुरसहायगंज


महिला कर्मी को प्रशस्ति पत्र देते चेयरमैन मोहसिन खान जानू। अमृत विचार

- स्वच्छता और सफाई के प्रति लोगों को किया गया जागरूक
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किया गया आयोजन

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को नगर पंचायत तालग्राम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें चेयरमैन मोहसिन खान उर्फ जानू ने महिला कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जबकि स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति की महिला सदस्यों व महिला कर्मचारियों ने नगर में स्वच्छता जागरूकता उत्साह के साथ मनाया।

नगर पंचायत तालग्राम के चेयरमैन मोहसिन खान उर्फ जानू ने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में इन मेहनती महिलाओं का बहुत बड़ा योगदान है। उनकी मेहनत, समर्पण और लगन ही हमारे शहर की असली ताकत है।

उन्होने महिला दिवस पर सभी की सराहना कर उत्साहवर्धन किया। इस मौक़े पर सभासद राजेश शर्मा, राशिद अंसारी, क़ादिर मंसूरी, अरशद ख़ान, वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता, अनुज कुमार, हिमांशु त्रिपाठी, नितेश सिंह, गोकरन, आमिर अंसारी, सर्वेश कुमार संतराम सफ़ाई नायक आदि रहे।

## मेडिकल स्टोर संचालक ने युवक को पीटा, नकदी व दस्तावेज छीने

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्रेमपुर क्षेत्र में दिनदहाड़े एक युवक के साथ न केवल मारपीट की गई, बल्कि उसका पर्स और जरूरी दस्तावेज भी छीन लिए गए।


राजकुमार सिंह पुत्र शिवराम सिंह, निवासी सुल्तानपुर ने बताया कि मंगलवार सुबह 11 बजे जब वह प्रेमपुर से गांव की ओर जा रहा था तभी प्रेमपुर चौकी के पास आदमपुर निवासी व्यक्ति ने रास्ते में रोक लिया। आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और बड़ा नेता बनने का आरोप लगाते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने जेब से पर्स निकाल लिया। पीड़ित के अनुसार, पर्स में 600 नकद, पैन कार्ड, आधार कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस मौजूद थे। जब उसने अपना सामान वापस मांगा, तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से भगा दिया।पीड़ित ने यह भी खुलासा किया कि आरोपी प्रेमपुर में एक मेडिकल स्टोर संचालित करता है।

**पांच लोगों के विरुद्ध युवक से मारपीट करने की रिपोर्ट :गुरसहायगंज।** रास्ते में बाइक खड़ी करने के विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज हुई। इसके बाद गांव के लोगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया । अलीपुर जलेसर निवासी अनिल कुमार तिवारी ने कहा है कि 05 मार्च की शाम लगभग 07.30 बजे वह खेत से ट्रैक्टर लेकर अपने घर जा रहा था। तभी गांव के सतीश, हनुमंत, सीता, शीपू, शिवानी ने रास्ते में अपनी बाइक खड़ी कर दी। मना करने पर उसके साथ गाली गलौज की और मारपीट की।

## सुबह कोहरा, तापमान में हुई गिरावट

संवाददाता फर्रुखाबाद

- जिले में मंगलवार सुबह मौसम का मिजाज बदल गया


मंगलवार सुबह छाया कोहरा।

**अमृत विचार।** जिले में मंगलवार सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज धूप और गर्मी से लोगों को राहत मिली, जब पूरा शहर घने कोहरे की चादर में लिपटा नजर आया। तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने ठंडक महसूस की।

मंगलवार सुबह के समय कोहरा इतना घना था जिसके कारण सड़क पर वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और गाड़ियां धीमी गति से चलती दिखीं। यह अचानक हुआ, सोमवार तक तेज धूप और बढ़ते तापमान से लोग गर्मी को लेकर शंका में थे , लेकिन मंगलवार को अचानक पड़े कोहरे ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। घने कोहरे को देखते हुए प्रशासन ने वाहन चालकों को सावधानी बरतने और फॉग लाइट्स का प्रयोग करने की सलाह दी है।

आमतौर पर सर्दियों में दिखाई देने वाला यह कोहरा इस समय पड़ने से स्थानीय लोग हैरान हैं। सुबह के समय आसमान में फैले कोहरे के कारण दृश्यता काफी कम हो गई, इस असामान्य मौसमी घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस अचानक छाए कोहरे ने पूरे क्षेत्र के लोगों को अचंभित कर दिया है।

### रोडवेज व पिकअप की टक्कर में बस चालक घायल

**अमृतपुर।** अमृतपुर थाना क्षेत्र के तौफीक गांव के पास मंगलवार को घने कोहरे के चलते रोडवेज बस और मछलियों से भरी पिकअप के बीच आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। मछलियों से लदी पिकअप मुरादाबाद से कन्नौज की ओर जा रही थी। जैसे ही वाहन तौफीक गांव के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही रोडवेज बस से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में रोडवेज बस के चालक कृष्ण कुमार उर्फ राणा गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल चालक को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी राजेपुर भिजवाया।दुर्घटना के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया।

## लिंक पर क्लिक करते ही निकले 30 हजार

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के परमनगर गांव निवासी योगेश कुमार साइबर ठगी का शिकार हो गए हैं। एक अज्ञात कॉल पर लिंक खोलने और स्क्रीनशॉट भेजने के बाद उनके खाते से 30 हजार रुपये निकाल लिए गए।

योगेश कुमार को बीते दिनों एक अज्ञात नंबर से कॉल आया था। कॉल करने वाले ने उन्हें एक लिंक खोलने और कुछ जरूरी स्क्रीनशॉट भेजने को कहा। योगेश ने बताए अनुसार स्क्रीनशॉट भेज दिए। स्क्रीनशॉट भेजने के कुछ ही देर बाद योगेश कुमार के मोबाइल पर उनके बैंक खाते से 30 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। यह देखकर वह हैरान रह गए। सोमवार सुबह योगेश कुमार ने बैंक ऑफ इंडिया पहुंचकर घटना की जानकारी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## आज श्री श्याम फागुन महोत्सव के जरिए होगा नई ऊर्जा का संचार

संवाददाता फर्रुखाबाद


श्री श्याम महोत्सव आस्था परिवार के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्री श्याम आस्था परिवार द्वारा क्रिश्चियन इंटर कॉलेज फील्ड में श्री श्याम बाबा का पंचम फागुन श्याम महोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ 11 मार्च 2026 को मनाया जाएगा।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्री श्याम बाबा की ज्योति जागरण श्री श्याम बाबा का भाव एवं दिव्या सिंगार दर्शन एवं फूलों का विशेष सिंगर एवं पुष्प वर्षा 56 भोग बाबा का महंत जी द्वारा आशीर्वाद महा आरती के दर्शन होंगे बाबा के दरबार में हरियाणा उत्तर प्रदेश से भजन गायक अभिनव ऐरन (मिनी कन्हैया मित्तल) भजन गायिका बृज क्षेत्र वृंदावन बरसाना से सुश्री पूनम दीदी लोक गायिका के भजनों, गीत संगीत एवं भाव नृत्य के साथ फागुन महोत्सव में आध्यात्मिक रस की वर्षा करेगी। भजन गायक अभी दीवाना उत्तर प्रदेश से बाबा के भजनों से सभी को मंत्र मुग्ध करेंगे। मध्य रात में बाबा की महा आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम विराम किया जाएगा। आप सभी विशेष तौर पर सपरिवार आमंत्रित हैं। आपका विशेष सहयोग प्रदान करें ऐसी आशा के साथ श्री श्याम आस्था परिवार के संयोजक मंडल ने अनुरोध के साथ सभी पत्रकारों से संवाद किया।संरक्षक अजय परमार अध्यक्ष, नवनीत कनौजिया सचिव, अनूप चौरसिया कोषाध्यक्ष, संजय भैया, लोकेश सक्सेना, अरविंद गुप्ता, सर्वेश दीक्षित, गोपाल कश्यप, मोहित शाक्य, आकाश, लखन गुप्ता, अंकुर, श्याम सुंदर गुप्ता, ऋषभ, अंकित गुप्ता आदि ने सभी को आमंत्रित किया।

**आयोजन** | जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई

# अधिकारियों को दिए समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश

संवाददाता फर्रुखाबाद


कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में जनसुनवाई करते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी।

**अमृत विचार।** मंगलवार को जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं।

जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने लोगों की शिकायतों और समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए और प्रत्येक प्रकरण की नियमित रूप से समीक्षा की जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस दौरान भूमि विवाद, राजस्व से संबंधित प्रकरण, पेंशन, आवास योजना, राशन कार्ड तथा अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नि कहा कि सभी शिकायतों का शीघ्र समाधान कराया जाए।

### डीएम ने शमशाबाद थाने का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा थाना शमसाबाद का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, हवालात तथा थाना कार्यालय का जायजा लिया।जिलाधिकारी ने थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की तथा महिलाओं से संबंधित मामलों में संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अपराध रजिस्टर, आगन्तुक पंजिका सहित अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया ।

## महिलाओं से अश्लील हरकतें करने में दो गिरफ्तार

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अमृतपुर पुलिस ने सड़क किनारे महिलाओं से अश्लील हरकत करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

सोमवार रात्रि थाना अमृतपुर में तैनात उपनिरीक्षक कल्लू सिंह अपने हमराही कांस्टेबल राजेंद्र कुमार के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान पिथनापुर तिराहे के पास कुछ महिलाओं ने पुलिस को सूचना दी कि दो युवक सड़क किनारे खड़े होकर ई-रिक्शा से गुजर रही महिलाओं की ओर अश्लील इशारे कर रहे हैं और अभद्र गाने गा रहे हैं।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों युवकों को महिलाओं की ओर इशारे करते हुए देखा। पुलिस ने घेराबंदी कर उन्हें मौके से पकड़ लिया। पूछताछ में एक युवक ने अपना नाम रोहित (लगभग 18 वर्ष, निवासी गनुआपुर, थाना अमृतपुर) और दूसरे ने चमन (लगभग 20 वर्ष, निवासी मेहदीपुर, थाना पाली, जनपद हरदोई) बताया। पुलिस ने दोनों की तलाशी ली, लेकिन उनके पास से कोई आपत्तिजनक वस्तु बरामद नहीं हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ त मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी रक्षा सिंह ने बताया कि क्षेत्र में महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी कहा कि छेड़छाड़ या अभद्रता करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग जख्मी

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सितौरा के पास अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार महेंद्र पुत्र सुरेंद्र पाल निवासी तारापुर थाना गुरसहायगंज जिला कन्नौज घायल हो गया। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत सूर्या फिलिंग स्टेशन के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार हिमांशु पुत्र शिव बालक व प्रिंस पुत्र नरेंद्र निवासीगण नगला बाबा सिविल लाइन घायल हो गये। सभी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं मारपीट की घटनाओं में दो लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना लवेदी क्षेत्र के अंतर्गत बसैयाहार निवासी संगीता पत्नी विकास को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर निवासी फूल कुमार पुत्र संतोष बाबू को दबंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में डॉक्टरों ने घायलों का परीक्षण किया।

### घर के बाहार बैठी महिला को दंपती ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**भरथना।** थाना क्षेत्र के एक गाँव में घर के बाहर बैठी महिला के साथ दंपती ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता ने थाना पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए एनसीआर दर्ज कराई। एनसीआर दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुटी हुई है। गांव झिन्दुआ निवासी राधिका देवी पत्नी बोबी ने एनसीआर दर्ज कराते हुए बताया कि 24 फरवरी की शाम करीब पांच बजे अपने घर के बाहर बैठी हुयी थी। तभी गांव की ही राधा देवी तथा उसके पति सतेन्द्र मेरे घर पर आकर गाली गलौज करने लगे, जब मैंने इसका विरोध किया तो दंपती ने मिलकर मेरे साथ मारपीट कर दी। इससे मुझे गंभी चोटें आई हैं। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर जांच में जुटी हुई। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है। जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

### आज सुबह 11 बजे से चार बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**इटावा।** अवर अभियंता विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर ने उपभोक्ताओं को सूचित किया है कि आज 11 मार्च को विद्युत उपकेंद्र सुंदरपुर से पोषित 11केवी फीडर नंबर 8 पर जर्जर तार बदलने एवं नया फीडर का निर्माण कार्य किए जाने के कारण उक्त फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक पूर्णत: अथवा आंशिक रूप से बाधित रहेगी।

### यमुना में गिरे किशोर का 20 घंटे बाद शव बरामद हुआ

**महेवा।** ग्राम अंदावा के समीप यमुना नदी पर बने पांटून पुल से सोमवार की शाम करीब पांच बजे बाइक सवार अचानक यमुना नदी गिर गया था। खोजबीन के बाद मंगलवार को उसका शव बरामद हुआ। नोगवां निवासी नसीम खान का 17 वर्षीय पुत्र समीम उर्फ कन्नू अनियंत्रित होकर यमुना नदी में गिरकर लापता हो गया था। उसकी खोजबीन की जा रही थी। खोजबीन के लिए एस डी आर एफ एवं स्थानीय गोताखोरों को लगाया गया था। एस डी एम चकरनगर ब्रह्मानन्द कठेरिया, सी ओ चकरनगर अवनीश कुमार, प्रभारी निरीक्षक चकरनगर बलराम मिश्रा एसओ बकेवर विपिन मलिक भी पुलिस फोर्स व राजस्व अधिकारियों सहित मौजूद रहे। मंगलवार की देर शाम डूबे हुए किशोर का शव बरामद हुआ। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### रजनीकांत परशुराम सेवा समिति दिबियापुर के नगर अध्यक्ष बने

**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.सुशील सम्राट ने उमरी दिबियापुर निवासी रजनी कांत तिवारी को परशुराम सेवा समिति दिबियापुर का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि वह परशुराम सेवा समिति को और अधिक मजबूती प्रदान करने में अपनी अहम भूमिका निभाएगें। इसके साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि वह 15 दिन के अंदर दिबियापुर नगर कार्यकारिणी का गठन करके जिला कार्यालय पर भेजे।

# जनगणना के लिए 65 ट्रेनर नियुक्त हुए : डीएम

## फील्ड ट्रेनर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित किया गया

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** जनगणना 2027 हेतु फील्ड ट्रेनर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रमुख जनगणना अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आयोजित किया गया।

प्रमुख जनगणना अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने बताया कि जनपद में 55 फील्ड ट्रेनर की नियुक्ति की गई है, 10 रिजर्व में रखे गए हैं, जनपद में कुल 65 ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। प्रथम बैच 10 मार्च से 12 मार्च तक प्रशिक्षण है एवं द्वितीय बैच 16 मार्च से 18 मार्च तक। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण है, इसमें जनगणना डिजिटल होगी। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग लेने के पश्चात आप अपने अधीनस्थों को ट्रेनिंग देंगे। उन्होंने कहा कि इस जनगणना में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा, साथ ही उन्होंने बताया कि जनगणना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें नवीन चीज़े रखी गईं हैं, जो कि डिजिटल ऐप के माध्यम से की जाएंगी एवं इस जनगणना के दौरान सभी मकानों की गिनती की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक व्हाट्सऐप ग्रुप बनाया जाए जिसमें सभी मास्टर ट्रेनरों को जोड़ा जाए जिससे कोई भी समस्या उत्पन्न होंने पर उसका समाधान किया जाए।



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि जनगणना के कार्य को लेकर प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक को भी लगाया गया है जो भी टीम लगायी गई है, इनके नाम निदेशालय स्तर पर भी दिए जा चुके हैं। यही टीम 2027 तक जनगणना कार्य को संपन्न कराएगी। उक्त कार्यक्रम के दौरान जिला जनगणना अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी जनगणना राकेश सिंह, जिला जनगणना प्रभारी पुलकिता शर्मा, उपजिलाधिकारी न्यायिक दीप शिखा सिंह, उपजिलाधिकारी न्यायिक रोहित कुमार मौर्य सहित मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी समेत कई अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कांग्रेस नेताओं ने अलविदा जुमे को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की उठाई मांग

**इटावा।** शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी मो. राशिद ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर अलविदा जुमे की नमाज के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। कांग्रेस नेता राशिद ने डीएम को लिखे पत्र में कहा है कि मुस्लिम समाज में रमज़ान के महीने का बहुत बड़ा महत्व है और रमज़ान के अंतिम जुमे का और भी बड़ा महत्व है। अलविदा जुमा ईद की नमाज़ के समान होता है। मुस्लिम समाज जिस उत्साह और खुशनुमा माहौल में ईद की नमाज पढ़ता है उसी उत्साह के साथ अलविदा जुमे की नमाज भी पढ़ता है। अलविदा जुमे को सार्वजनिक अवकाश न होने के कारण सरकारी विभागों के कार्यरत मुस्लिम कर्मचारियों को अलविदा जुमे की नमाज स्वतंत्र होकर पढ़ने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि मुस्लिम समाज की भावनाओं को देखते हुए अलविदा जुमे की नमाज के लिए 13 मार्च को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की

# बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

संवाददाता बकेवर इटावा

- हाईवे पर गांव बिजौली के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे की सर्विस रोड पर गांव बिजौली के पास बाइकों की आमने सामने की भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया।

जसवंतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहन की मडैया निवासी दीपक बाइक से औरैया की तरफ से अपने घर जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक हाईवे पर बिजौली ओवरब्रिज के पास पहुंची कि उसी समय इटावा की ओर से सर्विस रोड से गलत दिशा से आ रहे विमल की बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई। इस हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पर लखना चौकी इंचार्ज अंकित पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल को अपनी कार से इलाज के लिए 50शैय्या अस्पताल बकेवर लेकर पहुंचे जहां इमरजेंसी के चिकित्सक रवीन्द्र शाहू के चेकअप करने बाद 28 वर्षीय विमल को मृत घोषित कर दिया, जब कि दूसरे घायल दीपक शाक्य को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक हेलमेट नहीं लगाये हुआ था, जब कि घायल हेलमेट लगाये हुए था। मौत की सूचना जैसे ही परिजनो को हुई तो परिजनों में कोहराम मच गया।

दूसरी घटना बकेवर चौराहे के पास हुई जहां ग्राम कछपुरा निवासी महेन्द्र सिंह निजी क्लीनिक से दवा लेकर बाइक से अपने घर जा रहे थे तभी एक बाइक सवार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। पास पड़ोस के लोग भागकर मौके पर पहुंचे और घायल बाइक सवार को इलाज के लिए 50शैय्या अस्पताल बकेवर लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक डॉक्टर रविंद्र शाहू ने इलाज कर घर भेज दिया।

# तीर्थधाम बनने से बदलेगी तस्वीर

कार्यालय संवाददाता इटावा

- 501 क्षेत्रों की मिट्टी से 15 मार्च को होगा शिलान्यास

**अमृत विचार।** विहसंत सागर तीर्थधाम में विश्व की प्रथम अद्वितीय सवा 19 फीट की श्री मल्लिनाथ भगवान की प्रतिमा विराजमान होगी। जिसका शिलान्यास आगामी 15 मार्च को जैतपुरा उदी मोड़ में होने जा रहा है। जिसमें एक साथ 15 परियोजनाओं का शिलान्यास भी होगा। इस क्षेत्र के निर्माण से इटावा की तकदीर ही नहीं तस्वीर भी बदल जाएगी। यह बात उपाध्याय विहसंत सागर महाराज ने पत्रकारों से कही।

उन्होंने कहा कि विहसंत सागर तीर्थधाम सर्व कल्याणकारी होगा। यह 41 फीट ऊँचा होगा, मान स्तम्भ 72 प्रतिमाओं को विराजमान किया जाएगा। जिसमें 5 किमी दूर से लोगों को भगवान के दर्शन होंगे। शिलान्यास में 24 हजार किमी की यात्रा करने के बाद प्रतिनिधि मंडल 501 कलशों में 501 तीर्थ क्षेत्रो की मिट्टी लेकर कल इटावा पहुंचेंगे। जिसमें 300 जैन संतों एवं 12 भट्टारकों ने अभिमंत्रित लॉग भेजी है जिसमें शिलान्यास के समय नींव में रखा जायेगा। इस शिलान्यास समारोह में 12 राज्यों से श्रद्धालु, नेतागण इस पल के साक्षी बनेंगे। वार्ता के दौरान दिलीप जैन, अनूप जैन, विशाल जैन, पूरन जैन, शैलेन्द्र जैन, नितिन जैन, नीरज जैन आदि उपस्थित रहे।


विहसंत सागर तीर्थधाम के बारे में बताते उपाध्याय विहसंत सागर महाराज।

**15 प्रोजेक्ट का होगा शिलान्यास :** चार बीघा के विशाल भूखण्ड के बनने वाले विहसंत सागर तीर्थधाम में आगामी 15 मार्च को एक साथ 15 प्रोजेक्ट का शिलान्यास उपाध्याय विहसंत सागर महाराज करेंगे। जिसमें भगवान मल्लिनाथ का जिन मंदिर, विहसंतसागर त्यागीब्रती आश्रम, हॉस्पीटल, संग्रहालय, विरागोदय आहारशाला, गौशाला, तीर्थंकर वाटिका, विरागोदय गुरूकुल, त्रिकाल चौबीसी मानस्तम्भ, मेडिटेशन टेम्पल, आश्रय भवन, विहसंत ऑडिटोरियम, भोजनालय, यात्री निवास को शामिल किया गया। यह कार्य आगामी डेढ़ साल में पूरा हो जाएगा।

**आदिनाथ भगवान की प्रतिमा कल इटावा आएगी :** उपाध्याय विहसंत सागर जी महाराज ने बताया कि भू-गर्भ से प्राप्त 1800 वर्ष प्राचीन श्री आदिनाथ भगवान की प्रतिमा 12 मार्च को आगरा से इटावा पहुंचेगी। बरहीपुरा जैन मंदिर से यह प्रतिमा इटावा भ्रमण करेगी। तत्पश्चात यह प्रतिमा जैतपुरा में बनने वाले विहसंत सागर तीर्थधाम जाएगी। यह प्रतिमा तातपुर गांव से भू-गर्भ से प्राप्त हुई अब इसे जैतपुरा में विराजमान किया जायेगा।

### आईजीआरएस रैंकिंग में इटावा को प्रथम स्थान

**इटावा।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण हेतु संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) सम्बन्धी शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की मासिक समीक्षा शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह सम्पादित की जाती है।

इसी के क्रम में माह फरवरी-2026 में आईजीआरएस का प्रदेश स्तर पर मुल्यांकन किया गया जिसमें जनपद इटावा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद के 20 थानों भरथना, कोतवाली, सहसों, ऊसराहार, जसवन्तनगर, सैफई, बिठौली, इकदिल, बसरेहर, बकेवर, भरेह, पछायगांव, बलरई, लवेदी, सिविल लाइन, महिला थाना, फ्रेण्डस कालोनी, वैदपुरा, चौबिया, चकरनगर द्वारा प्राप्त शिकायतों का शत प्रतिशत निस्तारण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। इससे लोगों में हर्ष है।

# बहू ने मायके वालों के साथ मिलकर वृद्ध सास को पीटा

कार्यालय संवाददाता इटावा

- पीड़िता ने जेवरात और नकदी भी ले जाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विजयपुरा में वृद्ध महिला के साथ उसकी पुत्रवधू और उसके मायके पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर मारपीट की। आरोप है कि उक्त लोग जेवरात व नकदी ले गए।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के ग्राम विजयपुरा निवासी वृद्धा मुन्नी देवी पत्नी विनोद कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 मार्च को उनकी पुत्रवधू शिवानी त्रिपाठी पत्नी स्वर्गीय पुनीत त्रिपाठी अपने मायके पक्ष के कई लोगों के साथ उनके घर पहुंची। घर पहुंचते ही बहू और उसके साथ आए लोगों ने घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और अन्य सामान को उठाकर ले जाने लगे। पीड़िता मुन्नी देवी का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो पुत्रवधू और उसके मायके पक्ष के लोगों ने मिलकर उनके साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद पुलिस ने पीड़िता को जिला अस्पताल भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़िता ने यह भी बताया कि उनके बेटे पुनीत त्रिपाठी की 22 अक्टूबर 2024 को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मुन्नी देवी का आरोप है कि उनकी बहू ने ही उनके बेटे को जहर देकर मार डाला था। बेटे की मौत के बाद से ही परिवार में विवाद चल रहा है और संपत्ति को लेकर बहू ने उन पर मुकदमा भी कर दिया है। पीड़िता ने बताया कि उन्होंने अपनी बहू को रहने के लिए नया मकान भी दे दिया था, लेकिन इसके बावजूद वह अब पैतृक पुराने मकान पर भी कब्जा करना चाहती है। पुलिस का कहना है कि वृद्ध महिला की शिकायत के आधार पर पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### कम्प्यूटर डिप्लोमा में प्रवेश की अंतिम तिथि 30 मार्च तक बढ़ी

**इटावा।** एनसीपीयूएल शिक्षा मंत्रालय तथा नाइलेट चण्डीगढ़ सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संयुक्त रूप से संचालित एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा, सीसीसी प्रमाण पत्र व 'ओ' लेवल डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश प्राप्त करने का एक बार फिर मौका दिया जा रहा है। नाइलिट द्वारा एक बार फिर से प्रवेश की तिथि 30 मार्च तक बढ़ाई गयी है। एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने पर कक्षा-10 व 12 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले सभी वर्ग के छात्र/छात्राओं को 50 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान की जा रही है तथा ओ लेवल पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के उपरान्त 12000 तक की छात्रवृत्ति भी भारत सरकार द्वारा प्रदान की जायेगी। शम्सी इन्सटीट्यूट आफ इन्फारमेशन टेक्नोलाजी के निदेशक ने बताया कि सीसीसी परीक्षा उत्तीर्ण छात्रों को डीसीए में 30 मार्च तक प्रवेश लेने पर 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जावेगी।

# अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता 12 व 13 को

कार्यालय संवाददाता इटावा

- देश के कई राज्यों की टीमें करेंगी प्रतिभाग

**अमृत विचार।** कस्बा बकेवर कन्या पाठशाला के सामने 12 व 13 मार्च को अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता तथा वरिष्ठ जन व प्रबुद्ध जनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा।

भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संरक्षक गोपाल मोहन शर्मा ने बताया की कार्यक्रम पंडित श्री नारायण शर्मा की स्मृति में एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता के साथ जनपद व पड़ोसी जनपदों के आए हुए प्रबुद्ध जनों को भी सम्मानित किया जाएगा। श्री शर्मा ने बताया कि कबड्डी भारत की माटी से जुड़ा हुआ खेल है इसलिए इसके विस्तार के लिए गांव-गांव में प्रतियोगिताओं के माध्यम से नौजवानों को खेल से जोड़ने का प्रयास व परंपरा है। इस प्रतियोगिता में भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित मातृ संगठन, जिला अध्यक्ष, विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, जिला पदाधिकारी व मंडल अध्यक्ष के अलावा ब्लॉक प्रमुख, पूर्व प्रमुख, चेयरमैन, पूर्व चेयरमैन सहित तमाम समाज सेवी संस्थाओं के अग्रणी लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता में भारतवर्ष के कई राज्यों की पुरुष एवं महिला कबड्डी टीमों का इस प्रतियोगिता में आगाज होगा जिन्हें पुरस्कार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि कबड्डी प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक टीमें 12 मार्च को प्रातः 10 बजे तक बकेवर कन्या पाठशाला के सामने पंजीकरण करा लें। श्री शर्मा ने अधिक से अधिक लोगों से आने को कहा।

### गैंगस्टर में एक को तीन साल की सजा

**इटावा।** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट मधु गुप्ता ने तीन साल पुराने गैंगस्टर एक्ट के एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी को दोषी पाए जाने पर उसे तीन साल की सजा से दंडित किया।

पारस त्रिपाठी व उसके साथियों के खिलाफ तीन जुलाई 2023 को गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट की कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान पारस की फाइल को अलग कर दिया गया था।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने उसे दोषी पाया और तीन साल की सजा व पांच हजार रुपया के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर उसे दा दिन का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेग़ा।

# महिलाओं ने गुलाल उड़ाकर खेली होली

कार्यालय संवाददाता इटावा

- श्यामल सेवा समिति के होली मिलन में महिलाओं का किया गया सम्मान

**अमृत विचार।** मैनपुरी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में होली मिलन का कार्यक्रम उल्लास के साथ मनाया गया। इस भव्य समारोह ने आपसी प्रेम और महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्यामला पाण्डेय ने महिलाओं की सामाजिक भागीदारी को रेखांकित किया और इस बात पर बल दिया कि ऐसे आयोजन न केवल महिलाओं को अपने विचार साझा करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं। साथ ही महिलाओं में आत्मविश्वास भरते हैं।

इस उत्सव में नेहा, प्रीति शर्मा, स्नेह पाण्डेय और प्रियंवदा जैसी अनेक प्रबुद्ध महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता की, जहाँ माला, विमा मित्तल, रश्मि पाण्डेय और मनीषा सहित रत्ना कसूरा, कुसुम मिश्रा और नौस तोमर ने कार्यक्रम की रौनक बढ़ाई।

समारोह के दौरान साहती दुबे, नमिता तिवारी, पद्मा त्रिपाठी, सुमन यादव, मनु कुशवाहा और अंजू भसीन सहित उपस्थित सभी महिलाओं ने महिला दिवस की सार्थकता पर भी चर्चा करते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की आत्मीय शुभकामनाएँ दीं। चंचल दुबे, अंजु भसीन, प्रतिभा अवस्थी चित्रा परिहार आदि महिलाओं को मोमेंटो देकर सम्मान किया।


होली मिलन समारोह में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं **अब्दुल हसन खान पुत्र निजामुद्दीन निवासी ग्राम निंदूरा तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** का निवासी हूँ। मेरे सभी अभिलेखानुसार व वास्तविक नाम और पता यही है। जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश मंहगू दर्ज हो गया था। मेरे वास्तविक नाम अब्दुल हसन खान पुत्र निजामुद्दीन के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
मैं **मोहन गुप्ता पुत्र राम शंकर गुप्ता, निवासी–548वी/470 विक्रमनगर, निकट वर्मा मेडिकल स्टोर, पोस्ट–मानकनगर, थाना–पारा, जिला–लखनऊ**, मेरा नाम हाईस्कूल प्रमाणपत्र में मोहन कुमार गुप्ता (MOHAN KUMAR GUPTA) लिखा है जबकि आधार कार्ड, पैन, मतदाता पहचान पत्र के अभिलेखो में शपथी का नाम मोहन गुप्ता (MOHAN GUPTA) है जो पूर्णतया सच व सही है, इसलिये मेरा नाम मोहन कुमार गुप्ता के स्थान पर सही नाम मोहन गुप्ता (MOHAN GUPTA) के नाम से जाना व पहचाना जायें।

**Public Notice**
I. Asha Maurya wife of Mr. Vijay Kumar Maurya resident of Abbonagar dakshini near sansad niwas district Fatehpur, Uttar Pradesh - 212601. Hereby inform that my name was earlier Asha Devi in my Aadhaar Card, due to which the same wes entered in the school recards of my children, Astha mourya of Class 7-1 and. Vijit Maurya of Class 4-k, students of CMS School, LDA Branch, Kanpur Road," Lucknow. After correction in Aadhaar records, my correct name is Asha Maurya. Hence, Asha Devi and Asha Mourya refer to one and the same person. All concerned may kindly take note and make necessary corrections accordingly.

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम RAJENDRA BAHADUR था से बदलकर RAJENDRA BAHADUR VERMA रख लिया है। अब मुझे RAJENDRA BAHADUR VERMA के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-BRAHMDIN VERMA ADD-SANKLAP NEAR GOVT- PRIMARY SCHOOL PARSOYIA DIST-AMETHI-227406 (U.P.)

**सूचना**
मैने अपना नाम SHIVANANDA SINGH से बदलकर SHIVANAND SINGH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-RAM MOHAN SINGH ADD-VILL-JIWALI POST-JIWALI DIST-AZAMGARH-276301 (U.P.)

**सूचना**
मै **किशन कुमार पुत्र रामबरन नि. पूरे मुसहा पो. सिधौना रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम किशन (KISHAN) है, जबकि आधारकार्ड आदि में किशन कुमार (KISHAN KUMAR) अंकित है। अब मैंने अपना नाम किशन से बदल कर किशन कुमार रख लिया है। मुझे किशन कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं।

**सूचना**
मैं **श्यामलाल पुत्र गयादीन, निवासी ग्राम मुरादाबाद, परगना देवां, तहसील नवाबगंज, जिला बाराबंकी**, यह घोषणा करता हूं कि श्रीमती विमला उर्फ आशा देवी पत्नी गुरुप्रसाद तथा उनके पुत्र विशाल व कुनाल को अपने परिवार से तथा अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से पूर्ण रूप से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनका मेरी किसी भी संपत्ति पर कोई अधिकार मान्य नहीं होगा।

राजनीति

## कम्युनिस्ट पार्टी बंगाल में ममता व भाजपा के साथ मिलकर चुनाव नहीं लड़ेगी

# एसआईआर में काटे जा रहे हैं मुसलमानों के नाम : धवले

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पोलित ब्यूरो के सदस्य अशोक धवले ने कहा है कि पश्चिम बंगाल के चुनाव में कम्युनिस्ट पार्टी तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के साथ किसी तरह का समझौता नहीं करेगी। इनसे मिलकर चुनाव नहीं लड़ेंगे।

यहां माकपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा अशोक धवले ने एस आई आर की चर्चा भी की। उन्होंने आरोप लगाया कि एस आई आर में पश्चिम बंगाल में विशेष रूप से मुसलमानों, गरीबों और महिलाओं के नाम मतदाता सूची से काटे जा रहे। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से चुनाव में बेईमानी किए जाने की रणनीति बन रही है, लेकिन जनता भाजपा के खिलाफ है। कम्युनिस्ट पार्टियां जनता की आवाज उठाएंगी और तृणमूल कांग्रेस व भारतीय जनता पार्टी से डटकर मुकाबला करेंगी। डा धवले ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अमेरिका के दबाव में कार्य कर रही है। सारी नीतियां अमेरिका से तय होती हैं। इसके चलते देश की संप्रभुता और आजादी पर खतरा है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने नीतियां नहीं बदली तो फिर सरकार को ही बदलना पड़ेगा तभी संप्रभुता और आजादी बचेगी।


पत्रकारों से बातचीत करते मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता अशोक धवले।

उन्होंने कहा कि भारत कहां से तेल खरीदेगा, कब खरीदेगा और कब बंद करेगा इसका ऐलान अमेरिका से होता है। इसका मतलब है कि सरकार अमेरिका के दबाव में है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने मिलकर ईरान पर हमला किया है और लगातार बमबारी की जा रही है। अमेरिका से दबाव की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि टैरिफ पहले तीन प्रतिशत था अब अमेरिका ने 18 प्रतिशत टैरिफ किया है और भाजपा के लोग खुश हो रही है कि टैरिफ घट गया है। टैरिफ तो यूपीए सरकार की तुलना में 6 गुना बढ़ गया है।

माकपा नेता ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी की ओर से 24 मार्च को दिल्ली में बड़ी रैली की जा रही है। इसमें मुख्य रूप से उत्तर भारत के राज्यों के लोग बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। यह रैली रामलीला मैदान में होगी। इस रैली में चार लेबर कानून लागू किए जाने का जोरदार विरोध किया जाएगा, जिन्हें सरकार 1 अप्रैल से लागू करने जा रही है। यह कानून 5 साल पहले पास हुए थे लेकिन अब लागू किए जा रहे हैं। इससे एक दिन पहले 23 मार्च को शहीद दिवस को साम्राज्यवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिलों में प्रदर्शन किए जाएंगे। बातचीत के दौरान कम्युनिस्ट नेता व किसान सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष केरल के पूर्व विधायक पी कृष्ण प्रसाद और किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव मुकुट सिंह मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने पर युवक गिरफ्तार

**बेला, औरैया।** सोशल मीडिया पर माननीय प्रधानमंत्री का एआई जनरेटेड आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट कर उसे वायरल करने के मामले में थाना बेला पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को गैली मोड़ से अभियुक्त सुमित पाल (19 वर्ष) पुत्र वेदराम पाल निवासी पुरवा भवन थाना बेला जनपद औरैया को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से भारत के प्रधानमंत्री का एआई जनरेटेड आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया था। इस वीडियो के वायरल होने से आम जनमानस में आक्रोश व्याप्त हो गया था और क्षेत्र में शांति भंग होने की आशंका उत्पन्न हो गई थी। इस संबंध में उपनिरीक्षक ब्रजभूषण तिवारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए उपजिलाधिकारी बिधूना के समक्ष न्यायालय भेज दिया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### धोखाधड़ी में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा

**अछल्दा (औरैया)।** वैशाली गांव निवासी प्रेमा देवी पत्नी स्व. नाथूराम ने एसपी अभिषेक भारती को प्रार्थना पत्र दिया था। बताया कि उसके पति नाथूराम ने एक प्लाट बेचा था। मिले छह लाख रुपये अपने व मेरे और बेटे के बैंक खाते में जमा कराए थे। जो कि दो-दो लाख रुपये थे। पति की मौत होने पर बैंक के शाखा प्रबंधक ने फायदा उठाया और रुपये विपक्षी के खाते में ट्रांसफार्मर कर लिए। पीड़िता कई चक्कर लगा चुकी बैंक प्रबंधक सुनवाई नहीं कर रहा 11 दिसंबर 2025 को शिकायत एसपी के पास जाकर की गई थी। थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने बताया कि अवधेश कुमार उर्फ कल्लू दिलीपपुर निवासी और प्रदीप कुमार बालिका इंटर कालेज के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले की जांच शुरू कराई जा रही।

### महिला से टप्पेबाजी में संदिग्धों से पूछताछ

**कालपी।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर निवासी महिला से 15 फरवरी को बाइक सवार दो युवकों ने महिला से टप्पेबाजी की थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए मामले में दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस ने मामले में दो युवकों को हिरासत में लिया तथा महिला से उनकी शिनाख्त कराई। उनके पास से कुछ सामान तथा अन्य संदिग्ध वस्तु भी बरामद होने की चर्चा है। हालांकि पुलिस ने अभी इस मामले की पुष्टि नहीं की है। कोतवाली प्रभारी के अनुसार मामले में जांच चल रही है शीघ्र ही महिला के जेवर ले जाने वाले कानून के शिकंजे में होंगे।

### नहीं थम रहा मौरंग का अवैध और ओवरलोड परिवहन

**कालपी-जालौन।** प्रशासन की सख्ती के बाद भी मौरंग का अवैध और ओवरलोड परिवहन थमने का नाम नहीं ले रहा है। मगरौल रोड से बालू परिवहन मामले में ग्रामीणों में आक्रोश पनपने लगा है। मालूम हो कि इस बार शासन ने यमुना पट्टी स्थित ग्राम हीरापुर में लगभग आधा दर्जन खनन पट्टे दिए हैं। यहां से वैध अवैध ओवरलोड परिवहन हो रहा है, जिससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं।

# आलू लदी ट्रॉली का टायर फटने से लगा जाम, राहगीर हुए परेशान

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** ट्रैक्टर ट्राली आलू से लदी आ रही थी मंगलवार दोपहर निचली गंगा नहर पर ट्राली के पहिया का टायर तेज आवाज के साथ फटने से पैकेट नीचे रोड पर जा गिरने से वाहनों का दोनों तरफ से आवागमन करीब आधा घन्टे बाधित रहा लोगों के सहयोग से ट्रैक्टर ट्राली को एक साइड करने के बाद वाहनों का निकलना शुरू हुआ। मिस्त्री को बुलवाकर पहिया को दुरुस्त करवाने के बाद ट्रैक्टर चालक फफूंद कोल्ड स्टोरेज जाने के लिए दो बजे रवाना हुआ। दोनों तरफ वाहनों का लंबा जाम उस समय लगा।


रोड पर लगा जाम। अमृत विचार

रेलवे क्रासिंग 13 बी फाटक समय से न खुलने पर सुबह से शाम तक कई बार विधूना-फफुंद मार्ग पर जाम लगा जो पुलिस ने खुलवाया। दिल्ली हावड़ा प्रमुख मार्ग के चलते ट्रेनों का अधिक दबाव होने के रहते समय से फाटक न खुलने पर जाम लगा। कस्बा स्थित निचली गंग नहर मैनपुरी सैफई मार्ग की तरफ से आने वाले वाहन और फफूंद और बिधूना मार्ग से आने जाने वाले वाहन पुल क्रास पर फंसने से जाम लग गया।

# छाया घना कोहरा, ट्रेनों की रफ्तार हुई धीमी

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** मंगलवार सुबह अचानक घना कोहरा छा जाने से रेलवे यातायात प्रभावित हो गया। सुबह करीब 7:10 बजे अचानक कोहरा इतना घना हो गया कि रेलवे फाटक से स्टेशन तक कुछ भी साफ दिखाई नहीं दे रहा था।

स्थानीय लोगों बदन सिंह के अनुसार रात भर मौसम सामान्य रहा और कोहरा बिल्कुल नहीं था, लेकिन सुबह होते ही अचानक घना कोहरा छा गया। कोहरे के कारण रेल कर्मियों को भी काफी सतर्कता बरतनी पड़ी। रेलवे गेटमैन राजीव बाथम ने बताया कि रात में कोहरा नहीं था, लेकिन सुबह अचानक घना कोहरा छा गया। दृश्यता बहुत कम हो जाने के कारण ट्रेनों को सावधानीपूर्वक धीमी गति से गुजारा गया, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। कोहरे का असर यात्री ट्रेनों पर भी देखने को मिला। शिकोहाबाद से फफूंद जाने वाली मेमू ट्रेन अपने निर्धारित समय से देरी से अछल्दा स्टेशन पहुंची। कोहरे के कारण यात्रियों को भी थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह करीब एक घंटे तक घना कोहरा बना रहा, जिसके कारण स्टेशन और फाटक के आसपास दृश्यता बेहद कम हो गई थी।


रेलवे स्टेशन पर छाया कोहरा। अमृत विचार

# स्कूली वैन व बाइक में टक्कर, युवक की मौत

## दो महिलाएं घायल, लघु प्रेरणा उद्योग से ड्यूटी कर लौटी पत्नी व चाची को बाइक से घर ला रहा था युवक

संवाददाता, फफूंद (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह घने कोहरे के बीच स्कूली वैन और बाइक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठी उसकी पत्नी और चाची गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद वैन चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस से तत्काल अस्पताल भिजवाया।

गांव फक्कड़पुर निवासी 32 वर्षीय शरद चंद्र उर्फ छोटे पुत्र सुरेश बाबू मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी पत्नी सोनी स्वयं सहायता समूह से जुड़ी है और सल्लहापुर स्थित लघु प्रेरणा उद्योग में काम करती है। सोमवार रात ड्यूटी होने के कारण शरद चंद्र शाम को पत्नी सोनी और चाची सर्वेश कुमारी पत्नी राजेंद्र कुमार को बाइक से उद्योग केंद्र छोड़कर आया था। मंगलवार सुबह करीब छह बजे ड्यूटी खत्म होने के बाद वह दोनों को बाइक से लेकर गांव लौट रहा था।


जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

बताया गया कि फफूंद ककोर मार्ग पर राधा कृष्ण इंटर कॉलेज कटरा के पास घना कोहरा छाया हुआ था। इसी दौरान सामने से बच्चों को लेने सल्लहापुर जा रही एक निजी स्कूल की ओमनी वैन से बाइक की आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार शरदचंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी सोनी और चाची सर्वेश कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा देख राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दिबियापुर भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने शरद चंद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों घायल महिलाओं को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसे में जान गंवाने वाले शरद चंद्र अपने पीछे तीन छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं।

### परीक्षा देने जा रहे सात छात्र सड़क हादसे में घायल

**फफूंद (औरैया)।** दिबियापुर मार्ग पर भाग्यनगर के पास मंगलवार की सुबह एक ऑटो में पीछे से एक के बाद एक तीन बाइक टकरा गई। जिसमें हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे सात छात्र घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी दिबियापुर में भर्ती कराया गया। जहां से पांच को उपचार के बाद पुलिस परीक्षा केंद्र पर परीक्षा दिलाने गई। जबकि दो छात्र गंभीर घायल के कारण परीक्षा देने से वंचित रहे गए। जिन्हें रेफर कर दिया गया है। गांव भौनकपुर निवासी शैलेन्द्र, रोहित, शिव कांत व शिवा दो बाइक पर सवार होकर भाग्यनगर में स्थित किसान इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा देने जा रहे थे। जैसे ही भाग्यनगर के पास पहुंचे तभी एक बाइक ऑटो से जा भिड़ी। इसके बाद साथ में ही आ रही दूसरी बाइक भी टकरा गई जबकि अजीतमल कोतवाली के दयानगर निवासी शैलेन्द्र नायक, अमित नायक व राऊपुर निवासी विकास की बाइक भी पीछे से टकरा गई। जिससे तीन बाईकों पर सवार सात छात्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल छात्रों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी दिबियापुर में भर्ती कराया। जिसमें शैलेन्द्र नायक, रोहित, विकास, शैलेन्द्र और अभिषेक को प्राथमिक उपचार के बाद पुलिस ने परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। जबकि भौंनकपुर निवासी शिवाकांत और शिवा की गंभीर हालत के कारण रेफर किया गया। जिससे यह दोनों छात्र परीक्षा देने से वंचित रहे गए। सूचना पर परिजन भी आ गए थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया की घायलों को अस्पताल भिजवाया गया था। जिसके बाद पांच लोगों को स्टाफ के साथ में परीक्षा दिलवाने के लिए भेज दिया गया था, दो लोग ज्यादा घायल थे, जिन्हें मेडिकल कालेज भेजा।


हादसे के बाद घायल उपचाररत छात्र।

# किशोरी से दुष्कर्म-अपहरण का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कुदरकोट (औरैया)।** कुदरकोट थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है।

मंगलवार सुबह कुदरकोट पुलिस ने बीबीपुर तिराहा से आरोपी अजय शर्मा (25) पुत्र ब्रह्मानंद शर्मा निवासी बीबीपुर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद की है। बताया कि बीते दिन 25 फरवरी को कुदरकोट क्षेत्र की 15 वर्षीय छात्रा साइकिल से स्कूल जा रही थी। आरोप है कि रास्ते में अजय और उसके साथी कन्हैया यादव ने छात्रा को रोककर जबरन कार में बैठा लिया। इसके बाद उसे एरवाकटरा क्षेत्र के एक बंबा के पास ले जाकर दुष्कर्म किया। घटना के बाद जब छात्रा बेसुध हो गई तो आरोपी उसे बंबा के पास ही छोड़कर फरार हो गए। होश में आने के बाद पीड़ित किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां दिल्ली में मजदूरी करती हैं और घटना के समय घर पर नहीं थीं। बीते दिन 7 मार्च को घर लौटने पर बेटी ने रोते हुए पूरी घटना मां को बताई। इसके बाद मां ने 9 मार्च को कुदरकोट थाने में अजय शर्मा और कन्हैया यादव के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी अजय शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक औरैया, अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी बिधूना के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक रामवीर सिंह, हेड कांस्टेबल मदन सिंह, हेड कांस्टेबल अंशुल सिंह और कांस्टेबल अनिवेश शर्मा शामिल थे। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बेटे की शादी में पैरोल पर आए कैदी की मौत

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के धमसरी-रमनगरा गांव ग्राम पंचायत भूलईपुर निवासी वीर बहादुर यादव (65) पुत्र तुला राम यादव का मंगलवार रात निधन हो गया। वह अपने छोटे बेटे की शादी के लिए पैरोल पर बाहर आया था। वीर बहादुर हत्या के एक मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था और कैंसर से पीड़ित था। परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार अपने ही खेत में कर दिया।

वीर बहादुर महोला जेल में बंद था। उसे 6 फरवरी से 16 फरवरी तक पैरोल मिली थी, जिसे बाद में 19 मार्च तक बढ़ा दिया गया था। वह लंबे समय से कैंसर से जूझ रहा था और उनकी तबीयत लगातार खराब चल रही थी। मेडिकल परीक्षण के लिए उसे सैफई भी ले जाया गया था। वीर बहादुर पर 2018 में बकेवर थाने में हत्या का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें चार अन्य लोग भी आरोपी थे। इटावा के सीजीएम कोर्ट ने उसे 11 अप्रैल 2025 को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। यह मुकदमा संख्या 326/2018 के तहत धारा 302, 149, 148, 147, 506 और 452 के अंतर्गत दर्ज किया गया था। यह घटना नगला गुलाब, थाना बकेवर में हुई थी।


जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

- हत्या का दोषी होकर काट रहा था आजीवन कारावास की सजा

वीर बहादुर के दो बेटे अनिल कुमार और अरुण कुमार तथा दो बेटियां मीना यादव और राखी हैं। उनकी पत्नी का नाम अनिता देवी है। वह अपने छोटे बेटे अरुण कुमार की 10 फरवरी को हुई शादी में शामिल होने के लिए पैरोल पर आया था। शादी के बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद उनका निधन हो गया। सूचना मिलने पर वरिष्ठ एसएसआई सुरेश चंद्र, हल्का इंचार्ज रामबहादुर, उपनिरीक्षक शशि भाल और सिपाही धीरज मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के बड़े बेटे अनिल यादव से पूरी जानकारी ली और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तहसीलदार को सौंपा मांगों का ज्ञापन

**रुरुगंज, औरैया।** चौकी क्षेत्र के गांव रौरी में मंगलवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक आजाद अमन गौतम के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नायब तहसीलदार हरकिशोर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्षेत्राधिकारी पी. पुनीत मिश्रा और बिधूना कोतवाली प्रभारी मुकेश बाबू चौहान और रुरुगंज चौकी प्रभारी राजेश कुमार यादव भी मौके पर मौजूद रहे। ज्ञापन में संगठन ने यूजीसी एक्ट 1956 को वर्ष 2026 से देश के सभी शिक्षण संस्थानों में सख्ती से लागू कराने की मांग उठाई। पदाधिकारियों का कहना था कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) देश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और मानकों को बनाए रखने वाली प्रमुख संस्था है, इसलिए इसके नियमों का सभी शिक्षण संस्थानों में पालन सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। संगठन के पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि सरकार उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार कर कार्रवाई करेगी।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

## धूमधाम के साथ मनाया गया होली मिलन समारोह

**बिधूना, औरैया।** मंगलवार को बाबा नीम करोली गेस्ट हाउस गांधीनगर बिधूना में राजकुमार सविता सर्राफ की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह हुआ। मुख्य अतिथि गीता शाक्य राज्यसभा सदस्य के पति मुकुटसिंह शाक्य के द्वारा कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कार्यक्रम शुरू किया गया।

अतिथियों के सानिध्य में राधा-कृष्ण की झांकी हुई। कार्यक्रम में चंद्र किशोर शास्त्री समाजसेवी, गेस्ट हाउस मालिक सूरज राणा, शिशुपाल सिंह अध्यापक, आलोक कुमार सविता अध्यापक, शैलेश कुमार इलेक्ट्रिशियन, अश्विनी कुमार रामकिशोर फौजी, अवनीश कुमार पांडे समाजसेवी, पंकज सविता, उपनीत कुमार सविता, सुशील फोटोग्राफर, विनय कुमार सविता, सत्येंद्र बाबू सविता, संचालक जितेंद्र सिंह पलिया, मुकेश कुमार बिमटामऊ, कृष्ण प्रताप एडवोकेट तहसील बिधूना, नरेंद्र कुमार चंचल, बरौना खुर्द, आशु कौशिक रामगढ़, सुनील शर्मा, शैलेंद्र कुमार फौजी अशोक कुमार, फौजी बाबू सविता, विकास सविता उड़ेलापुर, ध्रुव श्रीवास्तव सुनील चौधरी औरैया आदि मौजूद रहे।

### इफ्तार पार्टी में दिखी एकता की मिसाल

**फफूंद, औरैया।** रमजान मुकद्दस के 19वें रोजे पर सोमवार देर शाम को कस्बे के श्री राधावल्लभ इंटर कॉलेज परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अनवर की ओर से सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इसमें करीब एक हजार से अधिक रोजेदारों ने शिरकत कर रोजा इफ्तार किया।

इफ्तार से पहले और नमाज के बाद रोजेदारों ने देश में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली के लिए दुआ मांगी तथा आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व राज्यमंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद इरशाद ने कहा कि रोजा इंसान को गुनाहों से दूर रखता है और सच्चे दिल से की गई इबादत ही अल्लाह को कबूल होती है। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद अनवर ने कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र और इंसानियत का पैगाम देता है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करते हैं।इस दौरान पुष्पेंद्र यादव, दीपू यादव, गौरव यादव, दीनू, एडवोकेट अकरम मंसूरी आदि रहे।

# पुल के बीच बने डिवाइडर से टकराकर युवक नहर में बहा, खोज में जुटी पुलिस

संवाददाता, कुसमिलिया

**अमृत विचार।** डकोर थाना के पास नहर पुल के बीचों बीच बीती रात करीब एक बजे डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक नहर में जा गिरा। जिसकी काफी तलाश की गई लेकिन वह नहीं मिला। जिसके बाद डकोर पुलिस ने एनडीआरएफ टीम को सूचना दे दी हैं।

जानकारी के अनुसार राठ थाना के अंतर्गत विगवा निवासी 25 वर्षीय जय हिंद विश्वकर्मा बीती रात करीब एक बजे उरई में बुआ सुनीता के घर से अपने गांव की ओर बाइक से जा रहा था तभी रात होने की वजह से पुल के बीचों बीच बने डिवाइडर से टकरा गए और नहर में जा गिरा मंगलवार सुबह जब राहगीर ने सड़क पर क्षतिग्रस्त बाइक पड़ी देखी तो डकोर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी ।सूचना मिलते ही पिता देवेंद्र और बड़ा भाई आनंद मौके पर पहुंचे उन्होंने बताया कि सुनीता ने सुबह तड़के फोन पर जानकारी हुई थी कि भाई जय हिंद रात में घर के लिए निकला था। डकोर पुलिस करीब दस घंटे बीत जाने के बाद भी युवक की तलाश नहीं कर पाई। वही प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडे का कहना है कि एनडीआरएफ टीम को सूचना दे दी हैं। लेकिन मंगलवार दोपहर दो बजे तक कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची थी ।तेज धूप में परिजन टीम का इंतजार करते रहे। वहीं पिता का रो-रो कर बुरा हाल है।


हादसे के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मरीजों को बांटे फल

**कालपी- जालौन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पोरवाल पुरवार महासभा ने सीएचसी में महिला मरीजों को फल बांटे और महिला डाक्टरों को भी सम्मानित किया।

सोमवार को अखिल भारतीय पोरवाल पुरवार महासभा नगर अध्यक्ष विशाल पोरवाल व समाज की महिलाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचीं। इलाज करा रही महिलाओं को फल वितरित किये। साथ में महिला डाक्टर रुबी राजपूत एवं डॉ. गरिमा सचान को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस दौरान जयकान्त पुरवार, ऊषा गुप्ता पुरवार, चन्द्रशेखर पुरवार, मुक्ता पुरवार, योगिता पुरवार, पूनम पुरवार, गौरी पुरवार सहित बड़ी संख्या में महासभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

**सहायता** | मदद से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को मिला संबल

# जरुरतमंद की बेटी की शादी में दिया सामान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति की ओर से मंगलवार को बड़ी माता मंदिर के समीप मोहल्ला दयालपुर, औरैया निवासी आर्थिक रूप से कमजोर दर्शन सिंह जोकि मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का जीवकोपार्जन करते हैं। उनकी बेटी का शुभ विवाह उम्मेद का नगला अछल्दा निवासी के साथ दिनांक 11 मार्च को संपन्न होना है।

बेटी के विवाह में मदद हेतु समिति के सदस्यों से गुहार लगाई गई। समिति परिवार के सदस्यों ने वास्तविक जरूरतमंद के विवाह में यथासंभव सहयोग का भरोसा दिया था। आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं के विवाह, निराश्रित व वास्तविक जरूरतमंदों की सदैव मदद करने वाली समाजसेवी संस्था एक विचित्र पहल सेवा समिति के सदस्य मंगलवार को जरूरतमंद के दरवाजे पहुंचीं। सखी ग्रुप की अध्यक्ष लक्ष्मी बिश्नोई के साथ सखी ग्रुप की सदस्यों ने बेटी के मस्तक पर रोली चावल से तिलक, माल्यार्पण व पुष्प वर्षा करते हुए उसका हृदय से अभिनंदन किया, उसके उपरांत समिति व जन सहयोग से उसको 20 किलो गेहूं का आटा, साड़ियां, सूट, स्टील के बर्तन, ऊनी कंबल, बेडशीट, स्टील की बाल्टी, डिब्बा, परात, केसरोल, कुकर, नाश्ता किट, मिक्सी (मिक्सर ग्राइंडर), सीलिंग फैन, कटोरी सैट, प्रेस, चूड़ी, विछिया, कंगन सैट, पुडिंग सेट, दीवाल घड़ी, चाय कप सैट, कांच की कटोरी सेट, ज्वैलरी सैट, टिफिन, बिछिया, श्रृंगार सामग्री आदि गृह उपयोगी सामग्री व आर्थिक मदद की गयी। समिति द्वारा सहयोग पाकर परिवारीजनों में अपार खुशी झलक रही थी। मौजूद लोगों ने गरीब लड़कियों के विवाह में मदद हेतु संस्था द्वारा संचालित पहल की सराहना की, मदद कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) ने बताया कि अब तक समिति व जन सहयोग से शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की 69 बेसहारा व जरूरतमंद लड़कियों के विवाह में यथासंभव मदद की जा चुकी है। आज जरूरतमंद बेटी की 70 वीं शादी में भरपूर मदद की जा रही हैं जिससे समिति के सदस्यों व सहयोगी दानदाताओं को अपार आनन्द की अनुभूति हो रही है, समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि जरूरतमंद की मदद जारी रहेगी।



जरूरतमंद को सहायता देते संस्था के पदाधिकारी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### युवक ने चूहा मार दवा गटकी, हालत गंभीर

**मौदहा।** थाना क्षेत्र सुमेरपुर के ग्राम इंगोहटा निवासी धीरज (22) पुत्र रमेश चंद्र ने सोमवार की शाम अज्ञात कारणों अपने घर में चूहा मार दवा पी ली। जिस पर उसकी हालत बिगड़ते देख उसके परिजनों ने उसे आनन फानन कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### बिच्छू व मधुमक्खियों के डंक से दो गंभीर

**मौदहा।** बिवांर क्षेत्र के पाटनपुर का बब्लेश (32) खेत पर था, तभी उसके पैर पर बिच्छू ने डंक मार दिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सरकारी अस्पताल लाए, जहां उसकी हालत नाजुक देख डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। उधर, सिलौली के बौरा (70) पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

**कुरारा।** सदर कोतवाली क्षेत्र के रमेड़ी तरौस निवासी उपासना पुत्री ओम प्रकाश ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी मंगलपुर निवासी कमलेश के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद दहेज की मांग को लेकर पति, सास, ससुर, देवर उसे प्रताड़ित कर मारपीट करने लगे। बीते रविवार को मारपीट की। तहरीर पर पुलिस ने ससुर संतोष, सास फूल कली, देवर महेंद्र, पति कमलेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### देवर पर मारपीट करने का आरोप

**बिवांर।** थानाक्षेत्र के मवईजार गांव निवासी सुनीता पत्नी सुरजा खंगार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पति गांव में लगे रामबाबू के नलकूप में रहता है। रंजिश के चलते देवर धर्मपाल पुत्र सेवादास घर के पास लगे बाबूल के पेड़ के नीचे बैठकर शौच क्रिया करता है। महिला के उलाहना देने व विरोध करने पर अभद्रता करने लगता है। मंगलवार को फिर से विरोध करने पर देवर ने थप्पड़ घूंसों से पिटाई कर दी। महिला ने देवर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसआई मोहम्मद सुल्तान ने बताया कि महिला की तहरीर पर जांच कर देवर खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेस क्लब आयोजित करेगा सम्मेलन

**हमीरपुर।** जिला पंचायत परिसर में मंगलवार को हमीरपुर प्रेस क्लब की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष प्रेम दत्त दीक्षित की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हमीरपुर दिग्दर्शिका के प्रकाशन व 30 मई को हिंदी दिवस व चित्रकूट धाम मण्डल स्तरीय पत्रकार सम्मेलन के आयोजन का प्रस्ताव पारित किया गया। सम्मेलन में मंडल के चारों जनपदों के पत्रकार भाग लेंगे। बैठक में महामंत्री मनीष मिश्रा, संरक्षक पंकज मिश्रा, राजेश शर्मा, राजेश सिंह, राजेश कुमार गुप्ता, अनिल सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, रोहित तिवारी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र अवस्थी, अमित नामदेव, मंत्री रोहित सिंह, अभिषेक द्विवेदी, कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित, ऑडीटर आशुतोष दीक्षित, संगठन मंत्री विकास सोनी, अनु. समिति वीरेंद्र शुक्ला, प्रवीण दीक्षित, बृजेश बादल, मंत्री रोहित सिंह, सुरेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य रहे।

### सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई

**सुमेरपुर।** वर्णिता संस्था की ओर से देश की पहली महिला शिक्षिका सामाजिक क्रांतिकारी सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि मनाई गई। संस्था के अध्यक्ष डा.भवानीदीन ने कहा कि सावित्रीबाई समाजोत्थान की नायिका थीं। देश के प्रति योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका महाराष्ट्र के सतारा जिले के नयागांव में खंडोजी नेवसे और लक्ष्मी बाई के घर 3 जनवरी 1831 को जन्म हुआ था। 9 वर्ष की अल्पायु में इनका ज्योतिबा गोविन्दराव फुले के साथ विवाह हो गया था। उस समय यह अनपढ़ थी। उन्होंने अपने को शिक्षित किया। पति के साथ मिलकर 1848 में लड़कियों के लिए पहला स्कूल खोला और देश की पहली महिला शिक्षिका बनीं। वह लेखिका भी थीं। उन्होंने दो पुस्तकों की रचना की थी। छुआछूत, बाल विवाह विरोधी और विधवा पुनर्विवाह की समर्थक थीं। पुणे में 10 मार्च 1897 को निधन हुआ था। यहां अशोक अवस्थी, सिद्धा, प्रेम, सागर, प्रिंस, पंकज सिंह, विनय सोनकर, विकास, रामनारायण, महावीर प्रजापति, पप्पू सोनकर, बाबूलाल प्रजापति, सतेन्द्र, राहुल आदि रहे।

# ग्राम प्रधान के विरुद्ध पशु क्रूरता की रिपोर्ट

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कुनेहटा गौशाला में मृत पाए गए गोवंश और भारी अनियमितताओं को लेकर सोमवार को सोशल मीडिया में वायरल हुए वीडियो की जांच में दोषी मिले ग्राम प्रधान के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम का केस दर्ज हुआ है।

कुनेहटा गौशाला में अव्यवस्थाओं के कारण गोवंश की होने वाली मौतों का एक वीडियो ग्रामीणों ने सोमवार को सोशल मीडिया में वायरल किया था। जिसमें लगभग एक दर्जन मृत पड़े गौवंश और उनके कंकालों को दिखाया गया था। साथ ही प्रधान ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई थी। इस पूरे मामले को तमाम समाचार पत्रों में भी प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। मंगलवार को डीसी मनरेगा व बीडीओ राघवेन्द्र सिंह ने मौके पर पहुंचकर गौशाला की स्थिति देखी और ग्रामीणों के बयान लिए। जहां ग्राम प्रधान रामराज को दोषी पाया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस गांव के पंचायत सचिव राजू सिंह की तहरीर पर ग्राम प्रधान के खिलाफ थाना बिवांर में पशु क्रूरता अधिनियम एवं अधिकारियों से अभद्रता करने के मामले को लेकर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। बीडीओ राघवेन्द्र सिंह ने बताया है कि ग्राम प्रधान रामराज द्वारा गौशाला में भारी अनियमितताओं और अधिकारियों के साथ अभद्रता करने पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## रुक गई कॉमर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति

**सुमेरपुर।** कस्बे की गैस एजेंसी में व्यावसायिक सिलेंडर की आपूर्ति ठप होने से होटल कारोबार में असर पड़ने लगा है। व्यावसायिक सिलेंडर नहीं मिलने से होटल संचालक घरेलू गैस सिलेंडर प्रयोग में ला रहे हैं।

खाड़ी देशों में युद्ध का असर पेट्रोलियम उत्पादों में पड़ने लगा है। कस्बे की हिंदुस्तान पेट्रोलियम गैस एजेंसी में व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति एक सप्ताह से ठप है। इससे होटल व्यवसाय डगमगाने लगा है। होटल व्यवसायी घरेलू सिलेंडर उपयोग में ला रहे हैं। गैस एजेंसी संचालक मनोज पालीवाल ने बताया कि एक हफ्ते से व्यावसायिक सिलेंडरों नहीं दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 2 दिन बाद मंगलवार को एक गाड़ी सिलेंडर आए हैं, जिनका वितरण हो रहा है। फिलहाल घरेलू सिलेंडर का अभी संकट नहीं है।

# मार्च में दिसंबर जैसा कोहरा देख लोग सन्न

**बेइमान मौसम**

- नेशनल हाईवे पर हेड लाइट जला कर रेंगते नजर आए वाहन
- सुबह 8:30 बजे तक छाया रहा कोहरा, कई वाहन टकराए

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


घने कोहरे के चलते हाईवे पर भिड़े वाहन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार की सुबह मौसम का बदला मिजाज देखकर लोग सन्न रह गए। मार्च माह में 36 डिग्री तापमान के बीच दिसंबर माह जैसे कोहरे ने लोगों को अचरज में डाल दिया। कोहरे के कारण वाहन रेंगते नजर आए। घने कोहरे के कारण हाईवे पर कई वाहन आपस में भिड़कर क्षतिग्रस्त हो गए। मंगलवार की सुबह 8:30 के बाद कोहरे छंट सका। बुजुर्गों का कहना है कि उनके जीवन की यह पहली घटना है कि चैत्र मास में कोहरे का कहर नजर आया है।

सोमवार को जनपद का अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। सोमवार की दोपहर में इतनी चटख धूप थी कि लोगों को पसीना छोड़ने को मजबूर किए थी। रात के तापमान में भी खासी बढ़ोतरी थी। गर्मी का एहसास हो रहा था, लेकिन मंगलवार की सुबह मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदला नजर आया। सुबह जब लोगों की नींद खुली तो वातावरण में घना कोहरा नजर आया। कुछ ही दूरी पर साफ दिखाई नहीं दे रहा था। घना कोहरा देखकर लोग सन्न रह गए।

घने कोहरे के बीच हाईवे पर कई वाहन आपस में भिड़ गए, जिससे कोई हताहत तो नहीं हुआ, मगर वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। अचानक कोहरे की धुंध छाने से लोग अचरज में पड़ गए। बुजुर्ग भूरेलाल यादव, कामता प्रसाद, राम सिंह, बच्चा कुशवाहा, रघुनंदन, चंद्रभान कुशवाहा आदि ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में चैत्र मास में कभी कोहरे का कहर नहीं देखा है। पता नहीं प्रकृति की यह घटना क्या संदेश देना चाहती है। फिलहाल चैत्र मास का यह कोहरा मानव जीवन के लिए फायदेमंद कम घातक ज्यादा है।

# रफ्तार की मार: हाइवे पर वाहन ने छीनी एक युवक की जिंदगी

## सुमेरपुर कस्बे में फैक्ट्री की तरफ पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार वाहन ने रौंदा

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- घर से पैदल निकला था युवक रात में मिली हादसे की सूचना


सत्यम सिंह।

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार ने एक युवक की जिंदगी छीन ली। कस्बे के वार्ड नंबर 12 निवासी युवक को सोमवार की रात फैक्ट्री की तरफ पैदल जाते समय तेज रफ्तार वाहन ने रौंद दिया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अचानक हुई इस घटना से युवक के परिवार में कोहराम मच गया।

कस्बे के वार्ड संख्या 12 निवासी बालकृष्ण उर्फ पुत्तन सिंह का पुत्र सत्यम सिंह (24) सोमवार की रात करीब 8:00 बजे घर से निकला था। सत्यम के चाचा भोला सिंह ने बताया कि रात करीब 3:30 बजे पुलिस ने सूचना दी कि दुर्घटना में सत्यम सिंह की मौत हो गई है और शव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रखा हुआ है। जानकारी मिलने पर वह परिजनों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को देखकर सत्यम की शिनाख्त की। उन्होंने बताया कि सत्यम सोमवार की रात करीब 8 बजे घर से पैदल निकला था। रात में फैक्ट्री एरिया में हाईवे पर रिमझिम फैक्ट्री मोड़ के पास किसी वाहन ने उसे कुचल दिया। पुलिस ने उसे गंभीर हालत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने बताया कि सत्यम दो भाई एवं दो बहनों में सबसे छोटा और अविवाहित था। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सत्यम की मौत से पिता बालकृष्ण सिंह, मां पुष्पलता, विवाहित बहन रुचि व विभा और भाई रेशू सिंह रोते-बिलखते रहे। चाचा ने बताया कि सत्यम के पिता सहकारी समिति मौदहा में सचिव पद में कार्यरत हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। हादसा करने वाले वाहन का पता लगाया जा रहा है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### ट्रक का टायर फटा, ई-रिक्शा सवार 6 लोग घायल

**सुमेरपुर।** पत्योरा-सुमेरपुर मार्ग पर देवगांव में मंगलवार को ओवरलोड ट्रक का टायर फटने से ई-रिक्शा में सवार छह लोग घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं गंभीर है। एंबुलेंस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया. जहां से दो महिलाओं को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। देवगांव प्रधान जितेंद्र शिवहरे ने बताया कि पत्योरा बालू खदान से आ रहा ओवरलोड ट्रक अचानक टायर फटने से अनियंत्रित हो गया। ट्रक पलटने से बच गया, लेकिन टायर फटने से उछली गिट्टी से पीछे से आ रहे ई-रिक्शा पर सवार लोग घायल हो गए। हादसे में चुनबुदिया (45) और भगवानिया (70) सहित छह लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल दोनों महिलाओं को एंबुलेंस से पीएचसी लाया गया, जिन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भाग निकला। ग्रामीणों का कहना है कि सुमेरपुर-पत्योरा रोड पर दिन-रात ओवरलोड ट्रक दौड़ते हैं, जिससे हादसे होते हैं।

# मांग में सिंदूर और कलाई में नई चूड़ियों ने उलझाई गुत्थी

**तफ्तीश तेज**

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** मुस्करा थाना क्षेत्र के बिहूनी गांव के पास अर्जुन नहर की पटरी पर लहूलुहान हालत में बेसुध मिली छात्रा के मामले की जांच तेज हो गई है। मांग में सिंदूर और कलाइयों में नई चूड़ियों ने मामले की गुत्थी उलझ गई है। छात्रा के बाएं हाथ की नस कटी थी और काफी मात्रा में खून बह चुका था। फिलहाल उरई मेडिकल कॉलेज में भर्ती छात्रा की हालत गंभीर है।

कोतवाली क्षेत्र के अछरेला गांव निवासी रामकेश कुशवाहा की पुत्री हर्षिता कस्बे के गांधी इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की छात्रा है। वह सोमवार को घर से स्कूल ड्रेस पहनकर शिक्षा शास्त्र की परीक्षा देने के लिए निकली थी। दोपहर के समय वह बिहूनी गांव के पास नहर पटरी पर गुमशुम बैठी दिखी थी। इसी दौरान खेतों में काम करने जा रही आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुनीता ने उससे पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन उसने कोई जवाब नहीं दिया। इसके बाद शाम को जब सुनीता काम खत्म कर घर वापस लौट रही थी तो युवती बेसुध पड़ी थी और उसके हाथ से खून की धार बह रही है। सुनीता ने बिना देर किए 108 एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद घायल युवती को मुस्करा सीएचसी ले जाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती की मांग में ताजा सिंदूर भरा था और हाथों में नई चूड़ियां पहने थी, जिससे उसके नवविवाहिता होने का आभास हो रहा था, मगर पुलिस की छानबीन में पता चला कि छात्रा अभी अविवाहित है, जिससे पूरे मामले की गुत्थी उलझ गई। पुलिस का कहना है कि घटना का जल्द ही खुलासा होगा।

### परीक्षा देने कॉलेज पहुंची ही नहीं थी छात्रा

- कॉलेज के प्रधानाचार्य इसराइल खान ने पुष्टि की कि हर्षिता परीक्षा देने केंद्र नहीं पहुंची थी। उसकी अनुपस्थिति दर्ज है। हर्षिता के पिता रामकेश ने बताया कि जब उन्होंने फोन किया और बेटी के स्कूल न पहुंचने की जानकारी मिली तो उन्होंने बिहूनी गांव में रहने वाले अपने दामाद उदयभान कुशवाहा को सूचित किया। परिजन उसकी तलाश कर ही रहे थे, तभी उसके नहर किनारे मिलने की खबर आई। सीएचसी से रेफर होने के बाद परिजन उरई गए हैं।

### बाएं हाथ की गहराई से कटी नस, हालत गंभीर

- मुस्करा सीएचसी के डॉ.संतोष कुमार ने बताया कि युवती के बाएं हाथ की नस काफी गहराई से कटी हुई थी। अत्यधिक रक्तस्राव होने और गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे उरई मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। थानाध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि पुलिस मामले की गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है। छात्रा के पास से मिले प्रवेश पत्र के आधार पर उसकी पहचान सुनिश्चित हुई है। फिलहाल छात्रा बयान देने की स्थिति में नहीं है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि यह आत्मघाती कदम था या इसके पीछे कोई और साजिश है।

# बाल विवाह कुप्रथा ही नहीं, बलात्कार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा के समापन पर लोगों को जागरूक किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत सरकार के केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की पहल पर चले 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान के तहत जिले के गांवों व कस्बों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चला रहे 'बाल विवाह मुक्ति रथ यात्रा के समापन के अवसर पर साई ज्योति संस्था द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय जागरूकता अभियान का आयोजन हुआ, जिसमें बाल विवाह मुक्ति रथ निकाला गया। समापन पर नगर के एक गेस्ट हाउस में कार्यक्रम हुआ। साईं ज्योति संस्था के निदेशक अजय श्रीवास्तव ने जागरूकता अभियान और निकाले गए 'बाल विवाह मुक्ति रथ को परिवर्तनकारी बताते हुए कहा, "यह कोई प्रतीकात्मक यात्रा नहीं थी। यह पहियों पर बदलाव का संदेश था जिसे लोगों ने स्वीकार किया और सराहा। बाल विवाह कोई सामाजिक कुप्रथा नहीं बल्कि विवाह की आड़ में बच्चों से बलात्कार है। यह एक अपराध है और कानूनन दंडनीय है। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से यह अभियान एक व्यापक जनभागीदारी वाले जन अभियान में तब्दील हो गया। सभी के सहयोग से बाल विवाह के खात्मे के लिए कानून, सुरक्षा और जवाबदेही के संकल्प को हम जनसमुदाय तक ले गए ताकि बाल विवाह मुक्त हमीरपुर का लक्ष्य वास्तविकता में बदल सके। इस मौके पर धर्म गुरु फहीम अहमद, रसीद अली, बौद्ध भिक्षु प्रज्ञादीप, राहुल बौद्ध, कंचन बौद्ध, ग्राम प्रधान अरविंद प्रताप सिंह, शिवशरण प्रजापति, चाइल्ड लाइन से सफवान, महिला कल्याण समिति से शिखा सोनी, रीना, महिमा, सुनीता और साई ज्योति संस्था के कैलाश नारायण गौतम, पंकज तिवारी, शिवकांति, हरिराम आदि लोग उपस्थित रहे।

## भगवान की भक्ति में ही अपार शक्ति

**मौदहा।** कस्बे के मराठीपुरा छोटी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा में मंगलवार को कथावाचक भागवत प्रसाद महाराज ने ध्रुव चरित्र, भक्त प्रहलाद चरित्र और नरसिंह अवतार प्रसंग पर कथा सुनाई।

कथावाचक ने कहा कि हिरण्य कश्यप ने आदेश दिया कि भक्त प्रहलाद को खत्म करो, भस्म करो। जब आग का भयानक जलवा हुआ, तब भक्त प्रहलाद ने इतना ही कहा अच्छा भगवान, अच्छा मेरे राम तेरी मर्जी और भक्त प्रहलाद बच गए। नरसिंह अवतार में हिरण्यकश्यप को मार कर भक्त प्रह्लाद को बचाया। भगवान की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें। गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

# युवक ने घर में घुसकर युवती संग छेड़छाड़ की

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- विरोध करने पर मारपीट, पुलिस मामले की जांच कर रही

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती ने गांव के ही एक युवक पर घर में घुसकर सोते समय अश्लील हरकतें करने और जबरन शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पीड़िता के विरोध करने पर युवक ने पिटाई की। शोर मचाने पर युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पीड़िता ने तहरीर दी है।

क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बताया कि बीती रात वह अपने घर में कमरे के अंदर सो रही थी। तभी गांव निवासी एक दबंग व्यक्ति उसके घर की दीवार फांदकर उसके घर के अंदर घुस आया तथा उसके साथ अश्लील हरकतें कर छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर दबंग युवक ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए पिटाई कर दी। चीखने चिल्लाने पर जब उसके परिवार के लोग मौके पर आए तो आरोपी युवक उसे जानमाल की धमकी देते हुए भाग गया। बताया कि घटना के बाद उसने यूपी 112 पुलिस को फोन कर मौके पर बुलाया। पुलिस आरोपी युवक को पकड़कर कोतवाली ले गई। वहीं मंगलवार की सुबह उक्त दबंग युवक के माता-पिता उसके घर में आए और उसे धमकी देते हुए जबरन समझौते का दबाव बनाने लगे। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि प्रेम प्रसंग का मामला है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## फाग में बजेहटा की टीम बनी विजेता

**बिवांर।** क्षेत्र के निवादा गांव में सप्तमी पर होली मिलन समारोह के मौके पर फाग गायन प्रतियोगिता हुई, जिसमें 8 टीमों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता स्वर्गीय राजाबेटी कुशवाहा की याद में हुई।

समारोह का उद्घाटन सपा नेत्री राजपूत चंद्रवती वर्मा ने किया। प्रतियोगिता में बजेहटा की कुलदीप निगम, टीहर की सरोज परिहार, बिगहना की कामता और बरेलाल, करगांव के माहेश्वरी दीन, सुरहा की स्वामी अमरनन्द महाराज, बिवांर की प्रहलाद सिंह और लोदीपुर की रघुराज की टीम ने प्रतिभाग किया, जिसमें बजेहटा टीम को विजेता घोषित किया गया। सुरहा टीम उपविजेता रही। अन्य टीमों को सद्भावना पुरस्कार मिला। यहां रघुराज कुशवाहा, छविलाल, रामकरन, रामसिंह, शिवभूषण, शिवशंकर, उमेश, कुलदीप, प्रदीप, संदीप, अरविंद, वीर सिंह रहे।

**प्रतियोगिताएं हुईं** | **अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

# जादू जैसी कोई चीज नहीं, सिर्फ एक कला

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर


बेहतर स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कृत करते सीडीओ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में मंगलवार को कनौंटा शीतलपुर स्थित दीनदयाल पाल इंटर कॉलेज में अंधविश्वास के विरुद्ध वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी एवं उपाध्यक्ष जिला विज्ञान क्लब अरुण कुमार सिंह ने कहा कि वास्तव में जादू जैसी कोई चीज नहीं होती, यह केवल एक कला है। जब इस कला को समझ लिया जाता है तो अंधविश्वास स्वतः समाप्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अंधविश्वास के पीछे कोई न कोई वैज्ञानिक कारण होता है, जिसे विज्ञान के माध्यम से समझा जा सकता है। इस दौरान प्रयागराज से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विशेषज्ञ डॉ.ओमप्रकाश गुप्ता ने चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या करते हुए विज्ञान एवं गणित के विभिन्न प्रयोगों का प्रदर्शन किया। उन्होंने भाई-बहनों की संख्या, सब में राम ही राम जैसे रोचक प्रयोगों के माध्यम से बच्चों को वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं आयोजित विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में प्रियांशु, मयंक, राजन, सौरभ एवं गुलशन के समूह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सत्येंद्र ने द्वितीय तथा यश ने तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्राक्षी ने प्रथम, कृतिका ने द्वितीय तथा लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्राओं द्वारा अंधविश्वास पर प्रहार करता हुआ एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रामबाबू कुटार, प्रबंधक हेमंत कुमार पाल, विकास प्रबंधक महेंद्र बाबू पाल, शिक्षक शैलेंद्र पाल, सुरेश चंद्र, कुंवर सिंह, अंकित पाल, अशोक सिंह, अजीत यादव, रविंद्र, सुरभि, पारुल, नेहा, निलेश एवं जूही का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन जिला विज्ञान क्लब के समन्वयक डॉ. जीके द्विवेदी ने किया।

# राजनीतिक चुनौतियों से रूबरू कराए गए भाजपा पदाधिकारी

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)


कार्यक्रम को संबोधित करते सदर विधायक डॉ.मनोज प्रजापति। अमृत विचार

**अमृत विचार।** श्रीराम कृष्ण महाविद्यालय में भाजपा का पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का दो दिवसीय आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय अभियान में मंडल कुरारा व नगर हमीरपुर का प्रशिक्षण संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में पार्टी के इतिहास, कार्यपद्धति, अंत्योदय के सिद्धांत और वर्तमान राजनीतिक चुनौतियों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर साहू रहे। सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति ने इन सत्रों के माध्यम से पार्टी के इतिहास, कार्यपद्धति, अंत्योदय के सिद्धांत और वर्तमान राजनीतिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला। हमीरपुर नगर के संयोजक राजकुमार शुक्ला ने बताया कि कार्यकर्ताओं को बौद्धिक व सामाजिक राजनीतिक विषयों पर जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष शकुंतला निषाद, प्रीतम सिंह किसान, सुनील पाठक, साधना सिंह, रेनू सिंह, सिद्धार्थ पाठक, ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, अंकित गुप्ता, रवि सान्याल, लक्ष्मीरतन साहू, आशुतोष शुक्ला, प्रांशु पुरवार सहित मंडल अध्यक्ष कुरारा मोहन कुशवाहा, महामंत्री दिनेश द्विवेदी आदि सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। अगला प्रशिक्षण सुमेरपुर पूर्वी एवं पश्चिमी मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण 12 मार्च से 13 मार्च तक युग चेतना महाविद्यालय सुमेरपुर में होगा

न्यूज ब्रीफ

### 663 परीक्षार्थियों ने छोड़ दी परीक्षा

**महोबा।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में हाईस्कूल चित्रकला और इंटर कृषि रसायन सामान्य आधारित विषय की परीक्षा में पंजीकृत 11383 के सापेक्ष 10780 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, 603 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह इंटर की परीक्षा में 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पहली पाली में कुल 619 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। द्वितीय पाली में इंटर गृहविज्ञान व्यवसाय अध्ययन की परीक्षा में पंजीकृत 1831 के सापेक्ष 1787 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, 44 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### दबंग ने विकलांग को पीट तोड़ा मोबाइल

**महोबा।** चरखारी के चिंतेपुरा निवासी एक विकलांग के साथ शराब के नशे में धुत दबंग ने गालीगलौज कर मारपीट की। पीड़ित ने मोबाइल से 112 डायल कर पुलिस को काल किया तो उसने मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। चिंतेपुरा निवासी विकलांग रामसिंह पुत्र हजारीलाल ने तहरीर में बताया कि वह कस्बे की मंडी गेट के पास बैठा था, तभी राकेश शराब के नशे में आया और गाली गलौज करते हुए भगाने लगा। उसने कहा कि वह विकलांग है और थक गया है, थोड़ी देर बाद चला जाएगा। यह सुन दबंग हाथापाई पर आमादा हो गया और मारपीट करने लगा। जब उसने जेब से मोबाइल निकालकर पुलिस को सूचना देनी चाही तो उसने मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। पीड़ित ने पुलिस ने दबंग के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### चकबन्दी लेखपाल पर रिश्वत लेने का आरोप

**चरखारी।** तहसील क्षेत्र के भटेवरा कला निवासी जाहर सिंह ने विधायक डॉ. ब्रजभूषण राजपूत को शिकायती पत्र देकर चकबन्दी लेखपाल इमरान खान पर खतौनी में सुधार करवाने के एवज में 6000 रुपये नकद एवं 4000 रुपये आनलाइन रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। मंगलवार को जनता दरबार में पहुंचे किसान ने विधायक को बताया कि उसकी खतौनी संख्या 1387 से 1392 फसली खाता संख्या 226 की नकल 14-06-12 को क्रमांक संख्या 2750 से जारी की गई थी, जिसमें खाता संख्या 254 का हवाला नहीं था। जब लेखपाल से सम्पर्क किया तो उसने रिश्वत मांगी। खतौनी में सुधार नहीं हुआ। विधायक ने लेखपाल के विरुद्ध मामला दर्ज कराने की बात कही है।

# मगफिरत का अशरा खत्म निजात का अशरा प्रारंभ

संवाददाता कार्यालय, महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान का दूसरा अशरा मगफिरत का 20वें रोजे को खत्म होने के साथ रमजान का आखिरी अशरा निजात (जहन्नुम की आग से बचाने) का शुरू हो गया है। इस महीने का तीसरा अशरा 20वें रोजे की मगरिब से शुरू होता है, जो ईद का चांद दिखाई देने तक जारी रहता है, इसमें इबादत करने से जहन्नुम से आजादी मिलती है।


हाफिज राहत रजा।

इसी अशरे में लोग मस्जिदों में एहतकाफ पर बैठकर पूरे अशरे तक मस्जिदों से बाहर न निकलकर मुतबातिर इबादत तिलावत करते हैं और सिर्फ बेहद अहम (अनिवार्य) काम के लिए चंद मिनटों के लिए निकलते हैं। बाकी दिन रात मस्जिदों में ही गुजारते हैं और चांद देखने के बाद मस्जिदों से निकलकर अपने अपने घरों की जानिब जाते हैं।

तीसरे अशरे में एक अहम रात आती है, जिसे लैलतुलकद्र की रात कहते हैं। लैलतुलकद्र की रात बेइंतहा फजीलत वाली रात होती है। इस रात को जागकर लोग शब-ए-कद्र मनाते हैं और पूरी रात इबादत तिलावत में गुजारते हैं। इस रात में अल्लाह ताअला अपने बंदों के गुनाहों को माफ करके उन्हें गुनाहों से निजात दे देता है। इस अशरे में लोग अल्लाह ताअला की बारगाह में रो रोकर अपने गुनाहों की माफी मांगता हैं। शब-ए-कद्र की रात अल्लाह नेक व जायज दुआएं पूरी फरमाता है। कुछ मस्जिदों में तरावीह पढाने वाले हाफिज इसी शब-ए-कद्र पर कुरआन मुकम्मत करते हैं। हाफिज राहत रजा बताते हैं कि रमजानुल मुबारक का तीसरा अशरे की बड़ी फजीलत है। बताया कि नबी करीम सल्लल्लहो अलैहे वसल्लम ने इरशाद फरमाया है कि आखिरी अशरे में लाखों करोड़ों लोगों को जहन्नूम से निकालकर अल्लाह ताअला जन्नत में दाखिल फरमाते हैं और इसी अशरे में एतकाफ भी किया जाता है, जो गुनाहों के माफ होने का एक बड़ा जरिया है और इसी अशरे में 21, 23, 25, 27 रातें शब-ए-कद्र के नाम से हैं, जिसमें इबादत करने पर हजारों साल इबादत करने का सवाब मिलता है।

# दुल्हन की विदाई में मधुमक्खियों का हमला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- डीजे की तेज धमक से भड़कीं मधुमक्खियां, मची भगदड़
- डोली में बैठी दुल्हन को कार में बैठाकर सकुशल बचाया गया

**अमृत विचार।** शादी समारोह निपटने के बाद मंगलवार को सुबह विदाई कार्यक्रम दौरान तेज आवाज से बज रहे डीजे की धमक से सड़क किनारे पेड़ पर मधुमक्खियां उड़कर निकल आई और विदाई के दौरान डोली के साथ चल रहीं वर पक्ष की महिलाओं और पुरुषों पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से वर पक्ष के अलावा कई राहगीर भी बुरी तरह घायल हो गए। मधुमक्खियों के हमले से सड़क पर भगदड़ मच गई।

चरखारी के नवादा मोहल्ला निवासी एक दलित समाज के बेटे की शादी स्थानीय गेस्ट से थी। सोमवार की रात रीति-रिवाज के साथ शादी सम्पन्न होने के बाद मंगलवार की सुबह डीजे, डोली और घोड़ी के साथ विदाई हुई।


डोली में दुल्हन को विदा कराकर ले जाते वर पक्ष के लोग। अमृत विचार

सुबह करीब 11 बजे जैसे ही वर पक्ष की महिलाएं, पुरुष, बच्चे डीजे के साथ नाचते-झूमते दुल्हन को विदा कराकर लौट रहे थे, तभी गोवर्धन्नाथ मंदिर के पास बरगद के पेड़ से अचानक मधुमक्खियों ने हमला बोल दिया। देखते ही देखते भगदड़ मच गई। वर पक्ष के साथ ही अन्य राहगीर भी मधुमक्खियों की चपेट में आ गए।

बाराती बचने के लिए अदालत की तरफ भागे तो मधुमक्खियों ने पीछा करते हुए हमला जारी रखा। अदालत के सामने बैठे अधिवक्ताओं और वादकारियों में भी भगदड़ मच गई। तमाम वादीकारी भी मधुमक्खियों के हमले की चपेट में आ गए। डोली में बैठी दुल्हन के चीखने-चिल्लाने पर डोली से निकालकर कार में बैठाकर किसी तरह दुल्हन को बचाया जा सका।

### हफ्ते भर पहले जत्थे पर हुआ था हमला

- एक सप्ताह पहले राजस्थान के खाटूश्याम दर्शन के लिए निकले श्रद्धालुओं के जत्थे पर भी मधुमक्खियों ने जोरदार हमला कर दिया था, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायल श्रद्धालुओं का अस्पताल में इलाज कराया गया था। मधुमक्खियों के हमले की चर्चा कस्बा भर में फैल गयी।

# हाईवोल्टेज करंट दौड़ने से उपकरण फुंके, बत्ती गुल

## कुलपहाड़ में वायरिंग और पंखों से धुआं निकलता देख लोग घरों से बाहर भागे

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- हादसे के बाद रात भर ठप रही कस्बे की विद्युत आपूर्ति
- सुबह पानी की समस्या से जूझे लोग, अफरा-तफरी मची

**अमृत विचार।** नगर के बाजार वार्ड में रात को हाई वोल्टेज आ जाने से आधा सैकड़ा घरों के बिजली उपकरण फुंक जाने जाने लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। एसी कूलर, पंखे, फ्रिज, टीवी सहित तमाम उपकरण जल जाने से लोगों में बिजली विभाग के प्रति खासा गुस्सा दिखाई दिया। पूरी रात बत्ती गुल रही, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही।

रात में अचानक हाई वोल्टेज करंट दौड़ने से घरों की वायरिंग धू-धूकर जलने लगी और पंखे-कूलर से धुआं निकलने लगा। यह देख लोग शोर मचाते हुए घरों से बाहर निकल भागे। इसके बाद लोगों ने बिजली विभाग को फोन कर वार्ड की बिजली लाइन बंद कराई। तब तक घरों में बिजली के ज्यादातर उपकरण जलकर बर्बाद हो चुके थे और इससे लोगों को अंधेरे में रहना पड़ा। भीषण गर्मी और मच्छरों की भरमार के चलते लोगों की रात की नींद हराम हो गई। सुबह बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण पेयजल व्यवस्था भी धड़ाम रही। सुबह उठाने के बाद लोग दस बजे बिजली कार्यालय पहुंचे और समस्या से अवगत कराते हुए बिजली व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। कस्बे के अनिल अग्रवाल, किशोरीलाल सोनी, सुधीर, मुहम्मद जफर, रामाराजा सोनी, संजय कुमार, रमेश पाटकार, सुरेश सोनी आदि मोहल्लेवासियों ने बताया कि रात में तेज वोल्टेज आने से पंखे और बिजली लाइन से धुआं निकलता देख लोग घरों से बाहर की तरफ भागे, जिससे काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। हाई वोल्टेज के चलते सभी इलेक्ट्रानिक उपकरण खराब हो गए। उन्होंने बताया कि जो उपकरण बंद थे, वह भी जल गए, इससे लोगों में आक्रोश दिखाई दे रहा है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक झुलसा

- **महोबा।** पनवाड़ी थाना क्षेत्र के लौलारा गांव में एक शादी समारोह में डीजे के ऊपर चढ़ा युवक हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसकर नीचे गिर गया। उसे पनवाड़ी सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के जिला छतरपुर के वनपुरा गांव से सोमवार की रात पनवाड़ी क्षेत्र के लौलारा गांव में बारात आई थी। बारात के साथ आए डीजे में बनपुरा गांव का चंद्रपाल (18) डीजे के ऊपर चढ़ा था। डीजे छाछरी गांव के पास से गुजरते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। डीजे में करंट आते ही चंद्रपाल झुलसकर नीचे गिर गया, जिसे ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनवाड़ी पहुंचाया।


अस्पताल में भर्ती युवक।

# गैस रिसाव से सिलेंडर में लगी आग, दंपति झुलसे

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- चरखारी क्षेत्र के रिवई में सुबह चाय बनाते समय हादसा
- गंभीर रूप से जली पत्नी झांसी मेडिकल कॉलेज हुई रेफर

**अमृत विचार।** चरखारी कोतवाली क्षेत्र के रिवई गांव में मंगलवार की सुबह घर पर चाय बनाते समय गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। आग की लपटों ने चाय बना रही महिला को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। चीख-पुकार सुनकर परिजन दौड़ पड़े। पत्नी को बचाने के प्रयास में पति भी झुलस गया। महिला को चरखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल से झांसी मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। मामूली रूप से झुलसे पति को मरहम-पट्टी के बाद छुट्टी दे दी गई।


चरखारी सीएचसी में उपचार के बाद महिला को रेफर किया गया। अमृत विचार

रिवई गांव के रहने वाले काशीप्रसाद तिवारी की 53 वर्षीय पत्नी रेखा तिवारी मंगलवार की सुबह रसोईघर में चाय बनाने गई थी। जैसे ही उन्होंने सिलेंडर खोलकर लाइटर जलाया, तभी अचानक गैस रिसाव के चलते सिलेंडर में आग लग गई। आग से रेखा बुरी तरह झुलस गई और शोर मचाने लगीं। चीख-पुकार सुनकर उनके पति काशीप्रसाद और पुत्र नीतेश दौड़े और रसोईघर में फैली आग बुझाई। रेखा को बाहर निकाला। रेखा को बचाने के प्रयास में पति भी झुलस गए। महिला की हालत नाजुक होने पर फौरन चरखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां हालत में सुधार होने के बजाय और बिगड़ने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल में डाक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया, लेकिन हालत चिंताजनक होने पर उसे झांसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया, जहां हालत अभी स्थिर बनी हुई है। लेखपाल मनीष ने घटनास्थल का जायजा लिया।

# दबंगों ने घर में घुसकर दंपति संग मारपीट की

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- थाने में शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं, एसपी से गुहार

**अमृत विचार।** कबरई ब्लाक क्षेत्र के उटियां गांव में फसल को अन्ना पशुओं के चरवाने का आरोप लगाते हुए दबंगों ने घर में घुसकर अभद्रता करते हुए लाठी-डंडों से प्रहार कर दंपति को घायल कर दिया। पति को बचाने पहुंची पत्नी की दबंगों ने लात-घूंसों से पिटाई की। पीड़ित ने मंगलवार को एसपी को शिकायती पत्र देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

उटियां गांव निवासी मुन्नालाल प्रजापति ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि गांव के नंदराम, महेश व अन्य कुल्हाड़ी, लाठी डंडे लेकर घर पहुंचे और दरवाजा पीटकर गालीगलौज करने लगे। शोर सुनकर पत्नी कमलेश दरवाजा खोलने के लिए पहुंची तो दबंग गाली गलौज करते हुए घर में गुस गए। दबंगों ने उसे देखकर अभद्रता करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। पति की पिटाई देख पत्नी उसे बचाने के लिए पहुंची और दबंगों में रोका, जिस पर उपरोक्त लोगों ने खेत में लगी फसल अन्ना जानवरों से चरवाए जाने की बात कहकर उसे भी पकड़कर लात घूंसों से पिटाई कर दी। इसके बाद दबंगों ने पीड़ित के सिर पर कुल्हाड़ी मार दी, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। काफी देर बाद जब ग्रामीण को आता देखा तो दबंगों ने जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि संबन्धित थाने में इसकी शिकायत की गई थी, बावजूद इसके पुलिस ने न तो रिपोर्ट लिखी और न ही डाक्टरी परीक्षण कराया। पीड़ित ने एसपी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# मंत्री के फरमान के बाद भी सड़कों की मरम्मत नहीं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- चरखारी विधायक ने गांव-गांव जाकर देखीं उखड़ी सड़कें
- विभागीय रिपोर्ट में जिन सड़कों का काम पूरा, वह खुदी पड़ीं

**अमृत विचार।** हर घर जल योजना के तहत गांव गांव में बिछाई गई पाइप लाइन की खुदाई करने के बाद मरम्मत न कराए जाने के बाद चरखारी विधायक ग्रामीण क्षेत्रों में मौके पर जाकर जिम्मेदारों को जमकर फटकारा और हर गली कूचे में क्षति ग्रस्त पड़ी सड़कों की मरम्मत कराने और पानी की टंकी बंद मिलने पर नाराजगी जताई।

चरखारी विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने बताया कि जल शक्ति मंत्री की प्रदेश में जगह जगह क्षति ग्रस्त सड़कों को लेकर छीछालेदर होने के बाद भी शासन व प्रशासन सुधरने का नाम नहीं ले रहा है। जल शक्ति मंत्री के घेराव के बाद खुद कैबिनेट मंत्री स्वतन्त्र देव सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों तकनीकी अधिकारियों की बैठक लखनऊ मे बुलाई और कड़े निर्देश जारी किए और हर गांव की रिपोर्ट तलब करते हुए तोड़ी गई सड़कों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। उसकी एक प्रति चरखारी चरखारी विधायक को भी सौंपी गयी। रिपोर्ट का अवलोकन किया, जहां एक सैकड़ा से अधिक क्षतिग्रस्त रास्तों की रिपोर्ट के बाद प्रशासन ने 6 मार्च को शत प्रतिशत मरम्मत और सभी गांवों में सप्लाई की रिपोर्ट थमा दी, लेकिन चरखारी विधायक ने रिपोर्ट पर नहीं मौके पर जाकर जांच की।


ग्रामीणों के साथ नरेड़ी गांव में निरीक्षण करते चरखारी विधायक। अमृत विचार

मंगलवार को हर घर जल योजना के तकनीकी अधिकारियों के साथ चरखारी विकासखंड के ग्राम नरेड़ी पहुंचे, जहां ग्राम प्रधान मंगल कुशवाहा सहित सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण शुरू हुआ और नतीजा ढाक के तीन पात निकला। जिन रास्तों को मरम्मत किए जाने की रिपोर्ट भेजी गयी, वह सभी रास्ते खुदे मिले। गांव में पानी की सप्लाई जारी होने की कोई जानकारी मौके पर नहीं मिली।

एक हैंडपम्प पर सबमर्सिबल पम्प लगा मिला और जब जानकारी ली तो पता चला कि वर्ष 2012 में चरखारी की विधायक रहीं उमा भारती की ओर से पानी की सप्लाई के लिए टंकी बनवाते हुए हैंडपम्प पर सबमर्सिबल पंप लगवाया गया था। उसी सप्लाई को हर जल योजना ने अपनी योजना में शामिल कर लिया। ग्राम प्रधान ने बताया कि गांव में पांच साल से काम चल रहा है। हर जल योजना की टंकी बनी है लेकिन पहली ही टेस्टिंग में लीकेज होने के बाद दुबारा मरम्मत करायी लेकिन इसके बाद भी टंकी चालू नहीं हो सकी। गांव वालों को पानी नहीं मिल रहा है।

# एक की नाले में गिरने से मौत दूसरे ने जहर खाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस दोनों मामलों की जांच-पड़ताल करने में जुटी
- पसवारा गांव में शौच के लिए नाले के पास पहुंचा था किशोर

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर एक किशोरी समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के घरों में कोहराम मचा हुआ है, परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। कोतवाली पुलिस घटना की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

शहर कोतवाली क पसवारा गांव का 16 वर्षीय किशोर हरि सिंह गांव के बाहर शौचक्रिया के लिए गया हुआ था। पानी न ले जाने के कारण वह पास के नाले पर पहुंच गया और पैर का संतुलन बिगड़ने से वह नाले में गिर गया। नाले में पानी अधिक होने के कारण किशोर काफी देर तक नाले में पड़ा रहा। बाद में ग्रामीणों की नजर किशोर पर पडी और उसे बाहर निकालकर परिजन उसे अस्पताल ले गए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंच पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

दूसरी घटना शहर के मोहल्ला शेखूनगर में घटी। शेखूनगर निवासी दामिनी (17) पुत्री नृपत ने घर पर जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसने परिजनों को जहर खाने की बात बताई। परिजन उसे आनन फानन जिला अस्पताल ले गए, जहां पर उसकी उपचार दौरान मौत हो गई। जहर खाकर जान देने का कारण परिजन भी नहीं बता पा रहे हैं। मृतका के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

होली मिलन समारोह

भारतीय किसान यूनियन की ओर से पिपरामाफ गांव में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# फाल्गुनी बयार में अबीर की फुहार संग थिरके किसान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में पिपरामाफ गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन धामधाम के साथ किया। पदाधिकारियों और किसानों के अलावा ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर गले मिले। कार्यक्रम में किसानों और कार्यकर्ताओं ने फगुआ गायन से समारोह में चार चांद लगा दिए, वहीं लोगों ने गीत संगीत के बीच जमकर थिरकते हुए अबीर गुलाल उड़ाते हुए एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।

भारतीय किसान यूनियन का होली मिलन समारोह बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन की शुरूआत यूनियन जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कराई। होली मिलन समारोह में पारंपरिक फाग लोक गीतों का गायन वादन किया गया साथ ही डीजे पर होली के गीतों पर किसान उत्साह के साथ झूमते नजर आए। किसानों ने एक दूसरे को गुलाल और तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और यूनियन की एकजुटता को मजबूत करने का संकल्प लिया।


होली मिलन समारोह में ठुमके लगाते किसान। अमृत विचार

इस मौके पर जिला यूनियन के जिलाध्यक्ष ने कहा कि होली मिलन समारोह आपसी भाईचारे, प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम गिले शिकवे भुलाकर लोगों को एक साथ लाता है, जिससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संचार होता है। यह पुराने रिश्तों को मजबूत करने और सांस्कृतिक परंपराओं को सहेजने का एक बेहतरीन अवसर है।

होली मिलन समारोह में संगठन के चित्रकूट मंडल के उपाध्यक्ष प्रेमचंद तिवारी, जिला प्रमुख महासचिव शंतराम त्रिपाठी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेंद तिवारी, जिला उपाध्यक्ष धर्मेश नायक, जिला सचिव दारा सिंह, तहसील अध्यक्ष कुलपहाड़ वीर बहादुर सिंह, सदर तहसील अध्यक्ष शिशुपाल सिंह, बलवंत सिंह कल्लू सिंह के अलावा श्रीनगर, अतरार, इमलिया, दौनी, नेगुंआ, गंज, करपहाडियां, लुहेडी, मवई, सहित तमाम गांव के सम्मानित किसान के अलावा पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रमेश चंद्रा शिवहरे, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश वर्मा, पुष्पेंद्र पटेरिया, दुष्यंत सिंह, लाल विश्वकर्मा, संदीप सिंह परिहार, रितुराज सिंह आदि मौजूद रहे।

# बीडीओ को ज्ञापन सौंप मांगा मानदेय

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** चरखारी विकास खंड में मनरेगा कर्मचारियों को 11 माह से मानदेय और ईपीएफ का भुगतान न किए जाने से नाराज कर्मियों ने मनरेगा कर्मचारी महासंघ के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। महासंघ ने विरोध जताने के बाद बीडीओ को अपनी समस्याओं का एक ज्ञापन सौंपकर जल्द से जल्द निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

प्रदर्शन दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि मनरेगा कर्मचारियों को पिछले 11 माह से मानदेय नहीं मिला है। उनका ईपीएफ भुगतान भी 2016 से अनियमित रहा है और पिछले 11 माह से लंबित है। इस स्थिति ने कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। बताया कि मानदेय न मिलने से कर्मचारियों के बच्चो की पढ़ाई और रोजमार्रा के घरेलू खर्च उठाना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने बताया कि इस आर्थिक संकट के कारण वे अपने विभागीय दायित्वों और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलन नहीं बना पा रहे हैं।


बीडीओ को ज्ञापन सौंपते मनरेगा कर्मी। अमृत विचार

**11** माह से मानदेय और ईपीएफ का भुगतान न होने से संकट बढ़ा

उन्होंने बताया कि मानदेय न मिलने के कारण प्रदेश में रोजगार सेवकों और तकनीकी सहायकों द्वारा आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आई हैं। कर्मियों ने तत्काल लंबित मानदेय और ईपीएफ के भुगतान की मांग की है। विरोध प्रदर्शन में नितेन्द्र सिंह, संदीप मित्तल, विजय कुमार सिंह, दयानन्द, देवेन्द्र कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य मनरेगा कर्मी उपस्थित रहे। खंड विकास अधिकारी ने ज्ञापन लेने के बाद मनरेगा कर्मियों को जल्द मानदेय दिलाने का आश्वासन दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### बृजभूषण बने मऊ तहसील के नामिका अधिवक्ता

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के अनुमोदन पर अधिवक्ता बृजभूषण पुत्र मनीशंकर निवासी ग्राम खप्टिहा को तहसील मऊ स्थित राजस्व न्यायालयों में गांवसभा/सरकार की ओर से पैरवी किए जाने के लिए तीन वर्ष के लिए ग्राम पंचायत नामिका वकील (राजस्व) पद पर नियुक्त किया जाता है। नियुक्ति को किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है।

### 14 मार्च और 15 मार्च को होगी पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने बताया कि उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा 14 एवं 15 मार्च को होगी। परीक्षा जिले के सात परीक्षा केंद्रों में दो पाली में होनी है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 (सीआरपीसी की धारा-144) जनपद में प्रभावी है। परीक्षा अवधि में केंद्र एवं उसके 100 मीटर की परिधि में और आवश्यकता पड़ने पर उसके बाहर भी अनधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। न्यूनतम एक किमी की परिधि में फोटो कॉपियर एवं स्कैनर का संचालन भी नहीं होगा। आसपास के प्रतिष्ठान/दुकानें नहीं खुलेंगी।

### बीएसए बने जनगणना के नोडल अधिकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के लिए प्रशिक्षण कराने के निर्देश हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षाधिकारी/अपर जिला जनगणना अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। इनको निर्देशित किया गया है कि जनगणना से संबंधित प्रत्येक स्तर पर आयोजित होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संपन्न कराएं।

### जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के मड़फा जंगल में मंगलवार सुबह एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मानपुर ग्राम प्रधान राजेश पटेल ने भरतकूप थाने को इसकी सूचना दी। मौके पर खड़ी बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान बांदा जिले के कालिंजर थाना क्षेत्र के सड़ा गांव निवासी सुमित पुत्र लाला के रूप में हुई। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य कारण है।

# गौशाला में कम भूसा मिलने से प्रधान व सचिव को नोटिस

## सीडीओ ने गौशाला का किया मुआयना, गौशाला में साफ सफाई के दिये निर्देश



ब्लाक रामनगर का मुआयना करते सीडीओ डीपी पाल। अमृत विचार

### आकांक्षी ब्लाक रामनगर का किया निरीक्षण

**रामनगर (चित्रकूट)।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने मंगलवार को आकांक्षी ब्लाक रामनगर का औचक निरीक्षण किया। सीडीओ ने शौचालय में टूटा दरवाजा बदलने, परिसर की सफाई नियमित करने का निर्देश बीडीओ राजेश तिवारी को दिया। पशु चिकित्सालय में स्टोर रूम तथा वेटनरी का निरीक्षण किया। क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकुर चौधरी ने नेशनल हाईवे से ब्लाक मुख्यालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को जोड़ने वाली सड़क को जल्द से जल्द बनवाने का मांग पत्र सीडीओ को दिया। समाजसेवी ब्रजेश पांडेय ने ब्लाक मुख्यालय में पेयजल की समस्या बताई। बताया कि ब्लाक में विजली न होने पर पानी की किल्लत रहती है। इस दौरान सीडीओ ने बीडीओ से प्रगति रिपोर्ट ली और एवं नीति आयोग के आकांक्षी बिंदुओं के अनुसार ब्लाक को विकास कार्यों में बेहतर प्रगति करने के लिए निर्देश दिए। इस दौरान ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्रा, प्रभारी एडीओ पंचायत अनुराग पांडेय आदि मौजूद रहे।

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने मंगलवार को विकास खंड की ग्राम पंचायत तिलौली गौशाला का मुआयना किया। गौशाला में काफी कम भूसा पाए जाने पर सीडीओ ने ग्राम प्रधान और सचिव को अलग-अलग नोटिस देने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के समय गौशाला में चार केयरटेकर मिले। यहां पर लगभग 181 गोवंश संरक्षित मिले। गोबर का ढेर लगा हुआ मिला, जिसे नीलाम किए जाने के लिए निर्देशित किया गया। साफ सफाई की आवश्यकता पाई गई। ग्राम प्रधान को निर्देशित किया गया कि गोवंशों को नियमित संतुलित आहार खिलाया जाए। गर्मी से बचाव के लिए टीनशेड के नीचे घास का छप्पर लगाया जाए। बाद में उन्होंने ग्राम पंचायत सेसासुबकरा के मजरा पटौरी में संचालित टेक होम राशन (टीएचआर) प्लांट का निरीक्षण किया। बताया गया कि प्लांट में उत्पादित सामग्री के रखरखाव के लिए एक गोदाम निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। इस पर सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश यादव को निर्देशित किया कि गोदाम के निर्माण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराएं।

### बाल अपचारियों की समस्याओं की ली जानकारी

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी ने मंगलवार को राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बाल अपचारियों से समस्याओं की जानकारी की और बताया कि किसी बाल अपचारी के पास अधिवक्ता उपलब्ध न हो तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने वाद की पैरवी के लिए निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान कहानी सुनने/सुनाने का सत्र का आयोजन किया गया। सचिव ने शेख चिल्ली की हास्य कहानी व कुछ अन्य प्रेरणा दायक कहानी सुनाईं। इनको गलतियां सुधारने, बुरी संगत से बचने एवं शिक्षा पर ध्यान देने के लिए प्रेरणा दी। इस अवसर पर विदिषा भूषण प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड, वीर सिंह संस्था प्रभारी, अर्चना श्रीवास्तव सदस्य, दीपक कुमार काउंसलर आदि मौजूद रहे।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



कार्यक्रम में संबोधित करते उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव। अमृत विचार

# आंगनबाड़ी नौनिहालों की प्रथम पाठशाला

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** नगरपंचायत के सभागार में मंगलवार को अपना आंगन अपने बच्चे उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी फूलचंद्र यादव ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहालों को संवारा जा सकता है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की प्रथम पाठशाला है।

एसडीएम ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा में माता-पिता ही बच्चों के प्रथम गुरु हैं। एक वर्ष से छह वर्ष का बालक आंगनबाड़ी केंद्र जाता है। इसे सबसे पहले नैतिक आचरण और व्यवहार सिखाने की आवश्यकता है। बताया कि सरकार ने आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए कई योजनाएं लागू की हैं, जिनसे बच्चों का मानसिक, शारीरिक और बौद्धिक विकास किया जा सके। खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने कहा कि अपना आंगन अपने बच्चे जैसे कार्यक्रमों से जनजागरूकता और बच्चों में उत्साह का संचार होता है। कार्यक्रम की शुरुआत एसडीएम और खंड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना से की। अच्छा प्रदर्शन अभिनय करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान हरिश्चंद्र सिंह, अवनीश पांडेय, बृजेश शुक्ला, राजेश यादव, संतोष मिश्रा, प्रेमचंद यादव, शंकर दयाल शुक्ल, अजीत सिंह, अरुंधति, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, संदीप शुक्ला, पूनम श्रीवास्तव, उमाशंकर सिंह, विपिन तिवारी, अर्चना द्विवेदी रहीं।



बूढ़े हनुमान मंदिर में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# मोबाइल ऐप की सहायता से होगी जनगणना

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



जनगणना संबंधी बैठक में समीक्षा करते एडीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर की अध्यक्षता में मंगलवार को जनगणना की तैयारियों के संबंध में बैठक हुई। एडीएम ने बताया कि प्रगणक घर घर जाकर मोबाइल ऐप से डाटा संकलन करेंगे।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर का प्राथमिकता का कार्यक्रम है। इस बार जनगणना पूर्णरूप से डिजीटल होगी। प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं परिवार की संपत्तियों व उपलब्ध सुविधाओं का डाटा एकत्र किया जाएगा। बेव पोर्टल पर आनलाइन स्वगणना की व्यवस्था भी सरकार ने की है। इससे नागरिक प्रथम चरण में अपने घर की जानकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। अपर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित मानकों एवं दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जाए। सभी समन्वय बनाकर इस महत्वपूर्ण कार्य को पूर्ण करें। जनगणना कार्य निदेशालय के जिला प्रभारी अमित कुमार पटेल ने बताया कि 34 फील्ड ट्रेनरों का प्रशिक्षण 16 से 18 मार्च तक किया जाएगा। इसके बाद ये फील्ड ट्रेनर लगभग 2500 सुपरवाइजर एवं प्रगणक को प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। बैठक में क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें जनगणना संबंधित प्रश्न पूछे गए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे आदि अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# बुढ़वा मंगल पर भंडारे में उमड़े लोग

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

- बूंदी और ठंडाई का बंटा प्रसाद श्रद्धालुओं ने की पूजा

**अमृत विचार।** होली के बाद पहले मंगलवार को बूढ़े हनुमानजी में बुढ़वा मंगल की धूम रही। अखंड संकीर्तन, रामचरित मानस पाठ के बाद भंडारा हुआ। शाम को अबीर गुलाल लगाकर भक्तों ने महाआरती में शिरकत किया। वहां पर जय बजरंगी जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। श्रद्धालुओं को बूंदी और ठंडाई का प्रसाद वितरित किया गया।

मंदिर के पुजारी रामजी दास ने बताया कि दशकों से बूढ़े हनुमान मंदिर में बुढ़वा मंगल मनाने की परंपरा रही है। इस दौरान मंदिर की फूलों से सजावट की गई। अखंड रामनाम संकीर्तन के बाद श्रीरामचरित मानस पाठ में आस्थावानों ने बढ़चढ़कर सहभागिता की। सुबह से ही भक्त मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचने लगे थे। देरशाम तक हजारों भक्तों ने मंदिर पहुंचकर पूजा पाठ किया। धर्मनगरी के संत और क्षेत्रीय हजारों लोगों ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। शाम को विशेष महाआरती के पहले भक्तों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मंदिर में अलग अलग सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। किसी ने बजरंग बाण तो किसी ने संक्षिप्त रामायण का पाठ किया। इससे पूरे समय माहौल भक्तिमय बना रहा। जयकारे गूंजते रहे और घंटा घड़ियाल बजते रहे। इस दौरान बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप दास सहित विभिन्न जगहों से आए आस्थावान मौजूद रहे।

### वाहन की टक्कर से बालिका घायल

**चित्रकूट।** शिवरामपुर क्षेत्र में मंगलवार दोपहर एक वाहन की टक्कर से साइकिल सवार 14 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रियंका देवी (14) पुत्री फूलचंद्र निवासी कामद नगर पथरौड़ी साइकिल से ग्राम पथरौड़ी से ग्राम मछरिया एक शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। इसी दौरान भरतकूप से कर्वी की ओर जा रही सफेद रंग की चारपहिया गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी। शिवरामपुर चौकी प्रभारी सनी चतुर्वेदी ने एंबुलेंस से घायल बालिका को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।



## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा विकास खण्ड गोहाण्ड (हमीरपुर)

पत्रांक: मेमो/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक: 10.03.2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिचाई विभाग एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवां वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 17.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3:30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 11.03.2026 से 17.03.2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | केन्द्रीय वित्त | बिलगांव डाण्डा UPIS में बाउण्ड्री वाल निर्माण | 1,39,742/– लाख रू0 | 2,795/– रू0 | (500+ 90) रू0 | 3 माह |

**अन्य शर्ते–**
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं होगी। 3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है। 4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें। 5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी। 6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत/विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा
विकास खण्ड – गोहाण्ड (हमीरपुर)


# दंपती की कलह की भेंट चढ़ा मासूम

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



गर्व।

**अमृत विचार।** पति से झगड़े के बाद मां ने अपने दो साल के बेटे के साथ आग लगा ली। बचाने में पति भी झुलस गया। इलाज के दौरान मासूम की सांसें थम गईं। पति-पत्नी का इलाज प्रयागराज में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, मूल रूप से पुरानी बाजार निवासी लेखराज अमरनानी उर्फ लेखू (40) अपनी पत्नी कोमल (38) और दो साल के मासूम गर्व के साथ सदर बाजार में किराये का कमरा लेकर रह रहा था। उसकी कपड़े की थोक दुकान है। परिजनों और आसपास के लोगों के अनुसार, लेखराज और पत्नी का आयेदिन झगड़ा होता था। सोमवार की रात गर्व की किसी बात पर लेखराज नाराज हो गया और फिर पति पत्नी में विवाद हुआ। बताया जाता है कि इसके बाद कोमल बच्चे को लेकर स्टोर रूम चली गई और वहां अपने और बच्चे के ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। जब इसकी भनक कमरे में टीवी देख रहे लेखराज को लगी तो वह आग बुझाने दौड़ा। इसी दौरान वह भी झुलस गया। तीनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मासूम बच्चे की सांसें थम गईं। उधर, दंपती को प्रयागराज रिफर किया गया। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी श्यामप्रताप पटेल और फोरेंसिक टीम आदि मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। बताया जाता है कि घटना को लेकर मायके और ससुराल पक्ष में तनाव का माहौल है।

इस संबंध में एसपी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घर में लगे कैमरे फुटेज से पता चला है कि घटना रात 11 बजे के बाद की है। यह भी पता चल रहा है कि किसी वजह से मां ने बच्चे के साथ आग लगा ली। पति-पत्नी का प्रयागराज में इलाज चल रहा है।



अवैध खनन पर कार्रवाई करते एसडीएम रामऋषि रमन। अमृत विचार

### गिट्टी लदा ट्रक किया जब्त, चालक भाग निकला

**मऊ (चित्रकूट)।** उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गिट्टी से लदा एक ट्रक जब्त किया। यह कार्रवाई अहिरी गांव के पास की गई। जानकारी के अनुसार, ट्रक में गिट्टी भरी हुई थी लेकिन चालक के पास उससे संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। उप जिलाधिकारी को देखते ही ट्रक चालक मौके से भाग गया। बताया गया कि उप जिलाधिकारी ने कई घंटों तक चालक के वापस आने का इंतजार किया लेकिन वह नहीं लौटा। इसके बाद जेसीबी की मदद से ट्रक को मऊ थाने लाया गया और मौके पर ही ट्रक को सीज कर दिया गया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि इस मामले की रिपोर्ट खनिज विभाग, सेल टैक्स विभाग और आरटीओ को भेजी जाएगी।



## कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसाय वि0ख0 सरीला (हमीरपुर)

पत्रांक मेमो/मनरेगा/विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक 10/03/2026

**अति अल्पकालीन निविदा – सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा, एवं लघु सिचाई विभाग एवं व्यापार कर विभाग में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं से मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु निविदायें दिनांक 17/03/2026 तक कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसाय वि0ख0 सरीला में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 11/03/2026 से दिनांक 17/03/2026 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 17/03/2026 को 2.00 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 17/03/2026 को समय 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय ग्राम पंचायत भैंसाय वि0ख0 सरीला से प्राप्त की जा सकती है। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रू0 मूल्य का स्टांम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य +टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | ग्राम पंचायत का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | मनरेगा | ग्रा0पं0 भैंसाय की गौशाला में पशु शेड निर्माण कार्य। | 361827.00 | 7236.54 | 450+81 | 03 माह | भैंसाय |
| 2 | मनरेगा | ग्रा0पं0 भैंसाय में इन्द्र के खेत के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 146853.00 | 2937.06 | 450+81 | 03 माह | भैंसाय |

अन्य शर्ते: 1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जाएगी। 2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नहीं की जाएगी। 3. किसी भी दशा में अग्रिम भुगतान नहीं किया जाएगा। 4. आपूर्तिकर्ता निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें। 5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। 6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर आपूर्तिकर्ता द्वारा वहन किया जाएगा। 7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी। 8. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी। 9. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नहीं ली जा सकती है। 10. किसी भी प्रकार का वाद मात्र हमीरपुर न्यायालय में ही मान्य होगा।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत भैंसाय
विकासखण्ड– सरीला (हमीरपुर)


**आयोजन** | भैसौंधा में किसान सभा ने लगाई पंचायत

# सरकारी नीतियों से देश का किसान घाटे में : राजेंद्र

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



भैसौंधा में लगी किसान पंचायत में मौजूद ग्रामीण और नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश किसान सभा जिला कमेटी ने भैसौंधा में किसान पंचायत का आयोजन किया। इसमें अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव ने कहा कि सरकारी नीतियों से देश में किसान घाटे की खेती कर रहा है। आयेदिन किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर है।

उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन व फैक्ट्री उत्पादन के मूल्यों में सामंजस्य नहीं है। फैक्ट्री में किसानों के उपयोग की सामग्री का दाम सन् 1976 से अबतक 100 गुना से अधिक बढ़ गया है जबकि कृषि उत्पादन में फसलों का दाम 25 गुना तक ही बढ़ा है। कर्मचारियों के लिए तो आठवां वेतन आयोग तक लागू हो रहा है पर किसानों के लिए बने एकमात्र स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को आज तक लागू नहीं किया गया। सी 2 प्लस 50 प्रतिशत एमएसपी की गारंटी जबतक नहीं दी जाएगी तब तक किसानों की हालत सुधरेगी नहीं। कार्यक्रम में किसान सभा के प्रदेश प्रभारी व भाकपा के वरिष्ठ नेता रामचंद्र सरस, गाजीपुर किसान सभा जिलाध्यक्ष राजदेव यादव, शारदा प्रसाद एडवोकेट, चरण सिंह यादव, अजय मिश्रा जिला उपाध्यक्ष नौजवान सभा एवं ब्लाक मंत्री सदर किसान सभा गाजीपुर, मुलायम यादव ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी केशव प्रसाद ने किया।

### रामअवतार बने जिला संयोजक

- सर्वसम्मति के निर्णय से किसान सभा का जिला संयोजक राम अवतार यादव को बनाया गया। केशव प्रसाद को जिला संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई। इस मौके पर भाकपा के जिला मंत्री अमित यादव एडवोकेट ने बताया कि किसान जागरण कार्यक्रम के तहत नौ और 10 मार्च को बांदा में किसान पंचायत होगी।

### गौरिहार मंदिर मामले में हाईकोर्ट ने दिया स्थगनादेश

**सीतापुर।** तीर्थक्षेत्र के चर्चित प्राचीन गौरिहार मंदिर को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट ने स्थगनादेश दिया है। यह जानकारी मंदिर के महंत रूपनारायण दास ने दी। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट ने मंदिर के पुनर्निर्माण और उसकी जमीन को सुरक्षित रखने का निर्देश दिया है। महंत ने बताया कि करीब एक माह पहले स्थानीय प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण के दौरान मंदिर को हटाने की कार्रवाई शुरू की थी। इसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मंदिर को पिलर खड़े कर पुन: बनाया जाएगा। साथ ही प्रशासन को मंदिर की जमीन का अधिग्रहण करने से भी रोक दिया गया है। महंत ने बताया कि अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि पहले मंदिर को संरक्षित और सुरक्षित किया जाए। इसके बाद ही सड़क निर्माण आदि गतिविधियां शुरू की जाएं। मंदिर के महंत ने फैसले का स्वागत करते



मनुष्य को वाणी की जो देन मिली है, वह बड़ी भारी शक्ति है। वह दुनिया को बनाने वाली तीसरी ताकत है।
–विनोबा भावे, संत

# तेल संकट की धार

अमेरिका द्वारा भारत को रूसी तेल की खरीद के लिए 30 दिन की छूट के पीछे हमारे प्रति सदाशयता का प्रदर्शन अथवा कोई दयानतदारी नहीं है। अमेरिका चाहता है कि तेल लेकर समुद्र में खड़े रूसी टैंकर उसके प्रतिद्वंद्वी चीन की तरफ रुख करें, इससे पहले यह तेल भारत की रिफाइनरियों में पहुंच जाए और फिर शोधित होकर उन देशों के पास जाएं, जो तेल के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। बेशक तेल संकट से परेशान देश कहीं न कहीं इस आफत के लिए अमेरिका को भी जिम्मेदार मानेंगे और इससे उसकी साख गिरेगी। सो अमेरिका ने अपने हित में यह फैसला लिया है।

यह बात उसकी इस चेतावनी से ही साफ है कि यह अल्पकालिक और व्यावहारिक प्रयास है, इसे रूसी तेल खरीद के बारे में अमेरिकी नीति के बारे में किसी बदलाव का संकेत न समझा जाए। असल में पश्चिमी एशिया में छिड़े संघर्ष के चलते उन देशों को जो तेल के बड़े उत्पादक है, उन्हें छोड़ कर संसार के तकरीबन सारे ऐसे देशों पर जो ईंधन या ऊर्जा का बेतरह इस्तेमाल करते हैं और इसके लिए वे आयात पर निर्भर हैं, तेल संकट गहराता जा रहा है। पाकिस्तान में तेल के दाम 55 रुपये फी लीटर बढ़ना, 50 फीसदी कर्मचारियों को घर से काम के आदेश और सरकार के मंत्रियों, सलाहकारों को एक महीने बिन वेतन भत्ते के रहने की सलाह तथा बांग्लादेश में कई बड़े संस्थानों में सप्ताह भर की बंदी और पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें, इसके नजदीकी गवाह हैं। सरकार ने कच्चे तेल के दाम 130 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचने से पहले पेट्रोल, डीजल का दाम न बढ़ाने का फैसला लिया है, पर दाम अभी 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच चुका है, जल्द ही इसके 130 डॉलर प्रति बैरल भी पहुंचने की पूरी आशंका है, फिर घरेलू गैस और सीनजी के दाम भी अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में आसमान छू ही रहे हैं, तिसपर आपूर्ति भी बाधित है। देश के कई राज्यों में कामर्शियल सिलिंडर दुर्लभ है, तो साथ ही देश भर में घरेलू सिलिंडर की बुकिंग अवधि चार दिन बढ़ा दी गई है। यह सब इस बात का साफ संकेत है कि तेल का विकट संकट हमारे निकट भी आता जा रहा है, वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में 26 प्रतिशत से अधिक का उछाल और भारतीय शेयर बाजार में कोहराम भी यही कह रहा है।

यह जंग लंबी चली तो हमारा रिजर्व आखिर कब तक चलेगा? संकट बढ़ा तो हमें हर महीने सात से आठ अरब डॉलर का घटा झेलना पड़ेगा। फलस्वरूप मुद्रास्फीति, महंगाई बढ़ेगी, विदेशी मुद्रा का नुकसान होगा, राजस्व घाटा तथा चालू खाते का घाटा भी बढ़ेगा। भारत ने अपने आपूर्ति आधार को 27 से बढ़ाकर 40 देशों तक फैलाना, होर्मुज के अलाव अन्य रास्ते से तेल मंगाने की व्यवस्था किसी भी क्षेत्रीय संघर्ष के प्रभाव को कम करने के लिए एक मजबूत सुरक्षा घेरा प्रदान करता है। पर आसन्न संकट को देखते हुए संकट गहराने से पहले सरकार को चाहिए कि वह आवश्यक आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए गैर जरूरी खपत को नियंत्रित करने एवं खरीद और भंडारण के नए तरीके तलाशे।

## प्रसंगवश

# दुनिया के लिए स्वास्थ्य संकट बनता धूम्रपान

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 11 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस हर साल एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है। नो स्मोकिंग डे 2026 का विषय 'धूम्रपान से मुक्त जीवन की शुरुआत एक धूम्रपान-मुक्त दिन से होती है' है। यह नारा धूम्रपान छोड़ने की दिशा में पहला कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था।

गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है, लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं, तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनो-मस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है।



अतुल गोयल
लेखक

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से एक पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं।

गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लंबाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है, जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरुष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं, जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरुषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तंबाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत की बढ़ती ताकत और अमेरिका की बयानबाजी





दिग्विजय सिंह
कानपुर

तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था ने आईएमएफ और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों को सुधारने में लगे हैं।

भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे संस्थानों को चौंकाया है। इसका परिणाम यह है कि आज दुनिया के तमाम देश भारत से कदम से कदम मिलाकर चलने और अपने संबंधों में सुधार लाने में लगे हुए हैं। यहां तक कि तमाम मंचों पर भारत का विरोध कर चुका चीन भी अपने व्यापारिक व अन्य रिश्तों को सुधारने की जी तोड़ कोशिश कर रहा है, लेकिन अगर कोई सबसे ज्यादा घबराया हुआ है, तो वह है अमेरिका। अमेरिकी उप विदेश सचिव क्रिस्टोफर लैंडौ ने नई दिल्ली में आयोजित रायसीना डायलॉग में अपनी इस घबराहट को जाहिर भी कर दिया। भारत से पहले ही चीन ने लैंडों के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देकर भारत के साथ खड़े होने के अपने इरादे को जाहिर कर दिया।

लैंडों का यह कहना कि अमेरिका, भारत को वैसी 'अनियंत्रित' आर्थिक छूट और बाजार पहुंच नहीं देगा, जैसी दो दशक पहले चीन को दी गई थी, जिसके चलते आज चीन, अमेरिका के एक प्रतिद्वंद्वी के रूप में उभरा है। अमेरिका को लगता है कि भारत रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर रक्षा उत्पादों के खरीदार के साथ ही अब निर्यातक भी बन चुका है। तमाम क्षेत्रों में काम करने वाली मल्टीनेशनल कंपनियां मेक इन इंडिया के तहत भारत में अपने प्लांट लगा रही हैं।

भारत दुनिया का न सिर्फ बड़ा बाजार बन गया है, बल्कि बड़ा निर्यातक बनने की ओर भी अग्रसर है। ऐसे में अमेरिका की घबराहट स्वाभाविक है। पूरी दुनिया अब भारत की ओर हर मामले में देखती है, जो पहले कभी अमेरिका का मुंह देखती थी। वर्ष 2000 में तो चीन को परमानेंट नॉर्मल ट्रेड रिलेशंस या मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा तक दे दिया। चीनी उत्पादों पर टैरिफ बहुत ही कम किए। वहां उत्पाद सस्ते होने की वजह से मांग बढ़ी और चीन ने अपने निर्यात को खूब बढ़ाया। अमेरिका ने 2001 में चीन को विश्व व्यापार संगठन का सदस्य भी बनवा दिया। इससे तो पूरी दुनिया में चीनी उत्पादों के लिए बाजार खुल गए और फिर उसके सस्ते उत्पाद पूरी दुनिया के बाजारों में भर गए। 2001 में चीन का निर्यात 24.4 लाख करोड़ रुपये था, जो 2010 तक 145 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। अमेरिकी कंपनियों ने सस्ते श्रम की वजह से चीन में अपने प्लांट लगाए।

अब अमेरिका के साथ ही दुनिया के तमाम देशों की बड़ी कंपनियां भारत में निवेश कर रही हैं। अमेरिका को लगता है कि कहीं ऐसा न हो कि उनके यहां से भी कपनियां अपने कारोबार को समेट कर भारत न चली जाएं। यही वजह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर पहले 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया और फिर रूस से तेल कारोबार बंद करने की मांग पूरी न होने पर 25 प्रतिशत और टैरिफ लगाकर झटका दिया, हालांकि व्यापार समझौते पर सहमति के बाद टैरिफ को घटा तो दिया, लेकिन कड़ी शर्तें थोप दीं।

अमेरिका को डर है कि विभिन्न उत्पादों की मैन्युफैक्चरिंग में आत्मनिर्भर हो रहा भारत धीरे धीरे व्यावसायिक मोर्चे पर अमेरिका को पछाड़ रहा है। कुछ देश, जो अमेरिका से हथियार खरीदते थे, अब वे भारत से भी रक्षा सौदे कर रहे हैं। यही वजह है कि लैंडौ ने कहा है कि भारत के साथ अमेरिका काम तो करना चाहता है, लेकिन भारत को यह समझना होगा कि अमेरिका अपनी पुरानी गलतियों से सीख ले चुका है और चीन के साथ 20 साल पहले जो गलती की थी, अब वह उसे नहीं दोहराएगा।

भारत के साथ व्यापार समझौते में अमेरिका पूरी सावधानी बरत रहा है। अब वह अपने देश में भारत को बिना रोकटोक के पहुंच नहीं बनाने देगा। भारत को डेड इकोनॉमी कहने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की निगाह भारत के हर व्यापारिक कदम पर है। भारत ने यूरोपियन यूनियन से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया और अब कई और देशों से करने की तैयारी है। 30 से अधिक देशों से फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हो चुका है। ऐसे में अमेरिका के थिंकटैंक भारत को लेकर चिंतित दिख रहे हैं। बढ़ती अर्थव्यवस्था की रफ्तार यदि ऐसी ही रही तो भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन सकता है।

उधर अमेरिका, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित दिख रहा है, तो चीन ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत के साथ अच्छे रिश्ते पर जोर दिया है और कहा है कि चीन और भारत के विकास के लिए आपसी भरोसा और सहयोग जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि टकराव की स्थिति न सिर्फ भारत-चीन बल्कि पूरे एशिया के विकास में अड़चन का सबब बनेगा। वांग यी का बयान दर्शाता है कि चीन अब भारत के साथ अपने रिश्तों को सुधारने को आतुर है।

इस बार ब्रिक्स की मेजबानी भारत के पास है, जबकि अगली मेजबानी चीन करेगा। ऐसे में चीन की मंशा है कि दोनों देश ब्रिक्स के आयोजन में एक-दूसरे का साथ मजबूती के साथ दें। उम्मीद की जा रही है कि संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थायी सदस्यता के लिए भारत का विरोध करने वाला चीन अब समर्थन कर देगा। चीन ने अब भारत का विरोध करना लगभग बंद कर दिया है। जब भी अमेरिका की ओर से भारत विरोधी बयान आते हैं, चीन की सरकार भारत के पक्ष में खड़ी हो जाती है। टैरिफ के मुद्दे पर भी चीन ने अमेरिका की आलोचना की थी।

चीन के बार-बार भारत के पक्ष में खड़े होने के मायने भी निकाले जा रहे हैं। विशेषज्ञों कहना है कि चीन अनायास ही भारत के साथ खड़ा नहीं हो रहा है। चीन चाहता है कि ब्रिक्स में तुर्की और पाकिस्तान की एंट्री हो जाए, लेकिन भारत इसके लिए तैयार नहीं है। पाकिस्तान तो भारत का दुश्मन है ही तुर्की भी भारत के लिए हर मौके पर विरोध करने का बहाना ढूंढता रहता है। ऐसे में भारत कभी नहीं चाहेगा की ब्रिक्स में चीन के दो सहयोगी राष्ट्र शामिल हों। दूसरे चीन भारत के साथ व्यापार में थोड़ी और सुगमता चाहता है।

## आमने सामने



ईरान के खिलाफ युद्ध जल्दी ही खत्म हो सकता है। इस युद्ध में अमेरिका काफी आगे चल रहा है। ईरान की सैन्य ताकत को तकरीबन खत्म कर दिया गया है। मुझे लगता है कि युद्ध लगभग खत्म हो चुका है, क्योंकि अब ईरान के पास कोई सेना नहीं है।
–डोनॉल्ड ट्रंप
राष्ट्रपति, अमेरिका

जंग का अंत हम तय करेंगे। इलाके के समीकरण और भविष्य की स्थिति अब हमारी सेना के हाथों में है। अमेरिकी सेना जंग खत्म नहीं करेगी। वह अब इस स्थिति में नहीं है। जंग खत्म करने का फैसला अब हमारी ओर से लिया जाएगा। अब चीजें पूरी तरह से हमारे पक्ष में हैं।
–मोजतबा खामेनेई
सुप्रीम लीडर, ईरान



# इंसानों को नौकरी पर रखने लगा एआई



राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' में मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते।

सदियों से इंसान मशीनों का मालिक रहा है। उसने मशीनें बनाईं, उन्हें काम सिखाया और उनसे उत्पादन करवाया, लेकिन अब इतिहास एक दिलचस्प मोड़ पर खड़ा है। पहली बार मशीनें या कहें कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंसानों को काम पर रखने लगा है। यह बदलाव जितना चौंकाने वाला है, उतना ही गहरे अर्थ लिए हुए भी है। वर्षों तक यह आशंका जताई जाती रही थी कि एआई इंसानों की नौकरियां छीन लेगा, लेकिन अब एक नया परिदृश्य उभर रहा है, जहां एआई खुद इंसानों को भुगतान कर रहा है और उनसे अपने लिए काम करवा रहा है।

हाल ही में शुरू हुए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म 'रेंट-ए-ह्यूमन' ने इस नई व्यवस्था को वास्तविक रूप दिया है। इस ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर पांच लाख से अधिक लोग अपनी सेवाएं देने के लिए जुड़ चुके हैं। इस प्लेटफॉर्म की सबसे खास बात यह है कि यहां कोई पारंपरिक नियोक्ता नहीं है। यहां मालिक एआई एजेंट हैं, जो इंसानों को ऐसे कामों के लिए नियुक्त कर रहे हैं, जिन्हें वे खुद नहीं कर सकते- जैसे बाजार जाकर सामान लाना, किसी जगह की फोटो लेना, किसी कार्यक्रम में शामिल होना या वास्तविक दुनिया में किसी चीज की पुष्टि करना।

इस प्लेटफॉर्म के पीछे 26 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर एलेक्जेंडर लिटेप्लो का विचार है। उन्होंने महसूस किया कि दुनिया में लाखों एआई एजेंट हैं, जो डिजिटल दुनिया में बेहद सक्षम हैं, लेकिन भौतिक दुनिया में उनकी उपस्थिति नहीं है। वे सोच सकते हैं, विश्लेषण कर सकते हैं, कोड लिख सकते हैं और निर्णय ले सकते हैं, लेकिन वे चल नहीं सकते, देख नहीं सकते और छू नहीं सकते। इसी कमी को पूरा करने के लिए 'रेंट-ए-ह्यूमन' का जन्म हुआ। इसकी टैगलाइन 'एआई कैंट टच ग्रास, यू कैन' इस नई व्यवस्था की सच्चाई को बेहद सरल तरीके से व्यक्त करती है।

दिलचस्प बात यह है कि लिटेप्लो ने इस प्लेटफॉर्म को खुद नहीं बनाया। उन्होंने एआई एजेंट्स को ही इसका निर्माण करने का काम सौंप दिया और खुद अर्जेंटीना में पोलो खेलने चले गए। जब वे घुड़सवारी कर रहे थे, तब उनके डिजिटल एजेंट इस प्लेटफॉर्म को विकसित कर रहे थे। यह उदाहरण इस बात का प्रतीक है कि एआई अब केवल सहायक नहीं रहा, बल्कि एक सक्रिय कार्यकर्ता बन चुका है।

इस नई व्यवस्था में पूरा सिस्टम एआई द्वारा संचालित होता है। एआई एजेंट खुद नौकरी का विज्ञापन देते हैं, उम्मीदवारों का चयन करते हैं और काम पूरा होने के बाद भुगतान करते हैं। इंसान को अपने काम का प्रमाण फोटो या वीडियो के रूप में देना होता है। एक बार एआई द्वारा सत्यापन हो जाने के बाद भुगतान क्रिप्टोकरेंसी या डिजिटल वॉलेट के माध्यम से कर दिया जाता है। भुगतान की सुरक्षा के लिए एस्क्रो सिस्टम का उपयोग किया जाता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि काम पूरा होने पर व्यक्ति को उसका पैसा मिल जाए।

इस प्लेटफॉर्म पर मिलने वाले काम कई बार बेहद अनोखे और दिलचस्प होते हैं। उदाहरण के लिए, वॉशिंगटन में एक एआई एजेंट ने एक व्यक्ति को प्रति घंटे 2700 रुपये देकर कबूतर गिनने का काम दिया। वहीं एक एआई, जो बैडमिंटन की रणनीति सीख रहा था, उसने प्रति घंटे 9000 रुपये देकर एक इंसान को अपना बैडमिंटन पार्टनर बनाया। टोरंटो के मिंजे कांग दुनिया के पहले व्यक्ति बने, जिन्हें एआई ने नौकरी दी। उनका काम केवल एक बोर्ड पकड़कर खड़ा होना था, जिस पर लिखा था- 'एआई ने मुझे यह बोर्ड पकड़ने के पैसे दिए हैं।' यह दृश्य केवल एक प्रयोग नहीं था, बल्कि भविष्य की एक झलक थी।

एआई द्वारा इंसानों को काम पर रखने की इस व्यवस्था का सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह है कि यह रोजगार के नए अवसर पैदा कर सकती है। खासतौर पर उन लोगों के लिए, जो फ्रीलांस या अंशकालिक काम करना चाहते हैं। अब केवल कंपनियां ही नहीं, बल्कि एआई एजेंट भी लोगों को काम दे सकते हैं। इससे रोजगार के स्रोत बढ़ सकते हैं।

यह मॉडल वैश्विक रोजगार के नए दरवाजे भी खोल सकता है। एक भारतीय युवा अमेरिका, यूरोप या किसी अन्य देश के एआई एजेंट के लिए काम कर सकता है, बिना उस देश में गए। इससे रोजगार का वैश्वीकरण और अधिक व्यापक हो सकता है। भारत जैसे देशों के लिए, जहां बड़ी संख्या में युवा रोजगार की तलाश में हैं, यह एक महत्वपूर्ण अवसर बन सकता है।

एआई और इंसान का यह संयोजन उत्पादकता को कई गुना बढ़ा सकता है। एआई रणनीति और विश्लेषण कर सकता है, जबकि इंसान उसे वास्तविक दुनिया में लागू कर सकता है। इससे काम तेजी से और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकता है। इस नए मॉडल के साथ कई गंभीर खतरे भी जुड़े हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल जवाबदेही का है। यदि कोई एआई किसी व्यक्ति को खतरनाक काम दे और उसमें कोई दुर्घटना हो जाए, तो जिम्मेदार कौन होगा? एआई की कोई कानूनी पहचान नहीं होती, इसलिए जवाबदेही तय करना मुश्किल हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# रहस्यमयी नींद

1871 की एक अजीब और रहस्यमय घटना है, 15 साल की एक लड़की एवेलिना कॉटन रात का खाना खाने के बाद सोने गई, लेकिन वह फिर कभी नहीं जागी।

डॉक्टरों ने उसकी जांच की। उसका दिल धड़क रहा था। उसकी सांसें चल रही थीं, लेकिन वह किसी भी चीज़ पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही थी।

बीएन थॉट
ब्लॉगर

न दर्द पर। न आवाज़ पर। न छूने पर। ठंडा पानी डाला गया। तेज़ आवाज़ें की गई। यहां तक कि बिजली के झटके भी दिए गए, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया।

दिन बीत गए। फिर हफ्ते हफ्ते महीनों में बदल गए और महीने सालों में।

एवेलिना सोती ही रही। वह मरी नहीं थी। वह कोमा में भी नहीं थी। बस जैसे किसी गहरी रहस्यमयी नींद में खो गई थी।

उसकी मां ने उम्मीद नहीं छोड़ी। हर दिन वह एवेलिना के बाल संवारतीं। उसके कपड़े बदलतीं। उससे ऐसे बात करतीं, जैसे उसकी बेटी सब सुन रही हो।

फिर 9 साल बाद... एक सुबह अचानक एवेलिना ने अपनी आंखें खोल दीं। उसने चारों तरफ देखा और लगभग एक दशक बाद अपने पहले शब्द कहे, "सब लोग इतने बूढ़े क्यों लग रहे हैं?" वह लड़की अपनी नींद के बारे में किसी को कुछ भी नहीं बता सकी। न उसे यह ही पता था कि वह इतनी लंबी नींद सोई थी।

उसके लिए तो सिर्फ एक रात ही बीती थी लेकिन दुनिया में 9 साल गुजर चुके थे। आसपास काफी कुछ बदल चुका था। लड़की आसपास हुए बदलाव को लेकर काफी दिनों तक असहज और अचंभित रही।

डॉक्टरों ने इस पूरे मामले को समझने की काफी कोशिश की लेकिन लाख कोशिशों के बावजूद आज तक इसे समझ नहीं पाए। उन्होंने उस लड़की से भी काफी गहन पूछताछ की। लड़की के दिमाग को न कोई नुकसान हुआ था। न कोई बीमारी। डॉक्टरों ने इसे नाम दिया— 'लंबी कैटाटोनिक नींद'

एक नाम लेकिन कोई असली जवाब नहीं।

आज भी यह घटना मेडिकल इतिहास के सबसे रहस्यमय मामलों में से एक मानी जाती है।

यह घटना हमें बताती है कि कभी-कभी हमारा शरीर यहीं पर रह जाता है और समय हमारे बिना ही आगे बढ़ जाता है।

–फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# प्रशासनिक तंत्र पर जनता के मन में बढ़ता संदेह

हरियाणा के आईपीएस अधिकारियों की संपत्ति का विवरण सार्वजनिक होने के बाद एक बार फिर प्रशासनिक पारदर्शिता, जवाबदेही और नैतिकता पर व्यापक चर्चा शुरू हो गई है। जब जनता के सामने यह तथ्य आते हैं कि कानून-व्यवस्था संभालने वाले कई वरिष्ठ अधिकारियों के पास करोड़ों रुपये की संपत्ति है। जमीन, प्लॉट, मकान, फार्महाउस या अन्य निवेश, तो स्वाभाविक रूप से लोगों के मन में जिज्ञासा और सवाल दोनों पैदा होते हैं। यह सवाल केवल आंकड़ों का नहीं होता, बल्कि उस भरोसे का होता है जो जनता प्रशासन और शासन पर करती है।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकारी पद केवल अधिकार का प्रतीक नहीं होता, बल्कि वह जिम्मेदारी और नैतिक आचरण का भी प्रतीक होता है। विशेष रूप से पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं के अधिकारी राज्य की शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। वे कानून लागू करते हैं, अपराध पर नियंत्रण रखते हैं और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा करते हैं। ऐसे में जब उनकी आर्थिक स्थिति चर्चा का विषय बनती है, तो जनता यह समझना चाहती है कि यह संपत्ति किस प्रकार अर्जित हुई, क्या यह पूरी तरह वैधानिक है और क्या इस पर निगरानी की कोई प्रभावी व्यवस्था मौजूद है?



डॉ. प्रियंका सौरभ
लेखिका

संपत्ति का विवरण सार्वजनिक करना निश्चित रूप से एक सकारात्मक कदम है। इससे शासन की पारदर्शिता बढ़ती है और नागरिकों को यह अधिकार मिलता है कि वे सत्ता से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। लोकतंत्र का मूल सिद्धांत भी यही है कि सत्ता जनता से छिपी हुई नहीं होनी चाहिए। भारत में कई वर्षों से यह परंपरा रही है कि वरिष्ठ सरकारी अधिकारी अपनी चल-अचल संपत्ति का विवरण सरकार को देते हैं, लेकिन जब यह जानकारी सार्वजनिक होती है, तब उसका महत्व और बढ़ जाता है, क्योंकि तब समाज स्वयं भी उस पर नजर रख सकता है।

केवल आंकड़े सामने आ जाने से समस्या का समाधान नहीं हो जाता। असली प्रश्न यह है कि क्या इन विवरणों की गंभीरता से जांच भी होती है? क्या यह सुनिश्चित किया जाता है कि घोषित संपत्ति वास्तविकता से मेल खाती है? क्या आय के स्रोत पूरी तरह स्पष्ट हैं? यदि यह प्रक्रिया केवल एक औपचारिकता बनकर रह जाए तो पारदर्शिता का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। पारदर्शिता तभी सार्थक होती है, जब उसके साथ जवाबदेही भी जुड़ी हो।

सरकारी सेवाओं में काम करने वाले सभी अधिकारियों को एक ही नजर से देखना उचित नहीं होगा। देश में अनेक ऐसे अधिकारी हैं, जिन्होंने ईमानदारी, सादगी और सेवा भावना की मिसाल कायम की है। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने कर्तव्य से समझौता नहीं किया। कई अधिकारी ऐसे भी हैं, जो वर्षों तक दूर-दराज के क्षेत्रों में काम करते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं, इसलिए किसी भी चर्चा को संतुलित दृष्टि से देखना आवश्यक है। कुछ मामलों के आधार पर पूरे तंत्र को दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं होगा।

दूसरी ओर यह भी सच है कि पिछले कुछ दशकों में प्रशासनिक तंत्र को लेकर जनता के मन में संदेह बढ़ा है। भ्रष्टाचार के कई मामलों ने लोगों का भरोसा कमजोर किया है। जब आम नागरिक रोजमर्रा के कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाता है, रिश्वत की शिकायतें सुनता है या व्यवस्था की जटिलताओं से जूझता है, तो उसके मन में यह भावना पैदा होती है कि कहीं न कहीं व्यवस्था में सुधार की जरूरत है। ऐसे माहौल में जब बड़े पैमाने पर संपत्तियों की खबर सामने आती है, तो संदेह और गहरा हो जाता है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



पिछले दिनों लखनऊ स्थित 'लखनऊ पब्लिक वर्ल्ड स्कूल' द्वारा फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी के सहयोग से 'नन्हें हाथ, बड़ी रचनाएं' शीर्षक से एक रचनात्मक क्ले मॉडलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य छोटे विद्यार्थियों को मिट्टी जैसे सहज और अभिव्यक्तिपूर्ण माध्यम से रचनात्मकता, कल्पनाशीलता तथा स्पर्श-आधारित सीखने की प्रक्रिया से जोड़ना था। कला शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की कोई भी पहल केवल एक गतिविधि भर नहीं होती, बल्कि वे बच्चों के व्यक्तित्व विकास, संवेदनात्मक जागरूकता और सृजनात्मक सोच को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम भी बनती है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

# कला शिक्षा और सांस्कृतिक चेतना
# नई पीढ़ी के निर्माण की दिशा

## बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा



वास्तव में हाल के वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में स्थानीय स्तर पर कला एवं संस्कृति से जुड़े आयोजनों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। आज कला प्रदर्शनी, कला कार्यशालाएं, लोककला शिविर, संगीत एवं नाट्य आयोजन जैसे कार्यक्रम अब केवल बड़े सांस्कृतिक केंद्रों अथवा केवल महानगरों तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि छोटे शहरों और जिलों में भी सक्रिय रूप से आयोजित हो रहे हैं। एक ओर शिक्षा संस्थान अब यह समझने लगे हैं कि कला शिक्षा बच्चों के समग्र विकास का आवश्यक हिस्सा है, वहीं दूसरी ओर राज्य और केंद्र सरकार की सांस्कृतिक नीतियों ने भी इस दिशा में वातावरण तैयार किया है। उदाहरण के लिए बिहार में सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में सांस्कृतिक पदाधिकारी की नियुक्ति की पहल ने स्थानीय स्तर पर कला-सांस्कृतिक गतिविधियों को नई गति दी है। इन पदाधिकारियों की भूमिका केवल औपचारिक कार्यक्रम आयोजित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे स्थानीय कलाकारों, लोककलाओं और सांस्कृतिक परंपराओं को मंच उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप विभिन्न जिलों में लोक नृत्य, लोक संगीत, चित्रकला, शिल्प और नाट्यकला से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित हो रहे हैं। इससे जहां एक ओर स्थानीय कलाकारों व प्रतिभाओं को अपनी कला प्रस्तुत करने का अवसर मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर समाज के विभिन्न वर्गों में कला के प्रति रुचि और संवेदनशीलता का विकास भी हो रहा है।

## महापुरुषों का दृष्टिकोण

भारतीय संदर्भ में कला और संस्कृति को राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया से अलग करके नहीं देखा जा सकता। इस संदर्भ में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का दृष्टिकोण विशेष रूप से उल्लेखनीय है। वे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे और उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की आत्मा उसकी संस्कृति में निहित होती है। अपने लेखों और भाषणों में उन्होंने इस बात पर बल दिया कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएं- चाहे वे लोक कलाओं में हों या शास्त्रीय कलाओं में हमारी राष्ट्रीय पहचान की आधारशिला हैं। उनका मानना था कि जब कोई समाज अपनी सांस्कृतिक जड़ों से कट जाता है, तो उसकी राष्ट्रीय चेतना भी कमजोर पड़ जाती है।

इसी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी कला और संस्कृति को राष्ट्र के बौद्धिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण आधार माना। उन्होंने कहा था कि किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी कला, साहित्य और सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में दिखाई देती है। नेहरू के समय में ही अनेक राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्थानों की स्थापना हुई, जिनका उद्देश्य भारतीय कला और परंपराओं के संरक्षण तथा प्रसार को सुनिश्चित करना था। इसी प्रकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का मानना था कि भारतीय ग्राम्य जीवन में विकसित कला और शिल्प परंपराएं केवल सौंदर्यबोध की अभिव्यक्ति नहीं हैं, बल्कि वे समाज की आत्मनिर्भरता, श्रम-सम्मान और सांस्कृतिक स्वाभिमान की भी परिचायक हैं। इन विचारों के आलोक में देखा जाए, तो यह स्पष्ट हो जाता है कि कला शिक्षा केवल सौंदर्यबोध विकसित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में संवेदनशीलता, रचनात्मकता और सांस्कृतिक चेतना को विकसित करने का भी महत्वपूर्ण साधन है। यदि बच्चों को प्रारंभिक स्तर से ही कला और संस्कृति से जोड़ा जाए, तो उनमें न केवल रचनात्मक सोच का विकास होता है, बल्कि वे अपने समाज और



परंपराओं के प्रति भी अधिक जागरूक बनते हैं। इसी कारण आज यह आवश्यकता और भी अधिक महसूस की जा रही है कि प्राथमिक कक्षाओं से ही छात्रों में कला एवं संस्कृति के प्रति रुचि विकसित की जाए। चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, नृत्य और लोकशिल्प जैसी गतिविधियों को विद्यालयी शिक्षा के साथ समन्वित करने से बच्चों को अपनी अभिव्यक्ति के विविध माध्यम मिलते हैं। इसके साथ-साथ वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भी परिचित होते हैं। अंततः यह कहा जा सकता है कि कोई भी राष्ट्र अपनी कला और संस्कृति को अक्षुण्ण रखते हुए ही वैश्विक मंच पर सम्मानजनक उपस्थिति दर्ज करा सकता है।

ऐसे में विद्यालयों, सांस्कृतिक संस्थानों, स्थानीय समाज और सरकारों की यह साझा जिम्मेदारी बनती है कि वे कला शिक्षा को प्रोत्साहित करें और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के लिए ठोस प्रयास करें। क्योंकि इस प्रयास में आयोजित छोटी-छोटी कार्यशालाएं और सांस्कृतिक गतिविधियां भविष्य में एक सशक्त सांस्कृतिक समाज की नींव तैयार करती हैं।

अनोखी परंपरा

## तोप की गूंज से मिलता सहरी का पैगाम




राजस्थान के अजमेर शहर में पवित्र रमजान माह के दौरान एक अनोखी और ऐतिहासिक परंपरा आज भी जीवित है। आधुनिक तकनीक और मोबाइल अलार्म के इस दौर में भी यहां सदियों पुरानी एक परंपरा लोगों को सहरी के लिए जगाने का काम करती है। जैसे ही रात गहराती है और शहर शांत नींद में डूब जाता है, तभी बड़ी पीर पहाड़ी की ओर से एक तेज और गूंजदार धमाके की आवाज सुनाई देती है। यह कोई सामान्य आवाज नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक तोप का धमाका होता है, जो रोजेदारों को सहरी के समय का संकेत देता है। तोप की यह आवाज सुनते ही शहर के कई इलाकों में लोग जाग जाते हैं और सहरी की तैयारी में लग जाते हैं।

यह परंपरा अजमेर की विश्व प्रसिद्ध अजमेर शरीफ दरगाह से जुड़ी हुई है। दरगाह परिसर के समीप स्थित बड़ी पीर पहाड़ी से रमजान के पूरे महीने हर रोज तोप दागी जाती है। इसकी गूंज दूर-दूर तक सुनाई देती है और यह आवाज रोजेदारों के लिए अलार्म का काम करती है। इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को निभाने वाली शख्सियत हैं फौजिया खान, जिन्हें अजमेर में लोग स्नेहपूर्वक 'तोपची' के नाम से जानते हैं। इस परंपरा की खास बात यह है कि इसे निभाने का जिम्मा एक महिला के हाथों में है, जो इसे और भी विशिष्ट बना देता है। फौजिया खान बताती हैं कि रमजान के दौरान मुसलमान सूर्योदय से पहले सहरी करते हैं और उसके बाद दिनभर रोजा रखते हैं, जो सूर्यास्त के समय इफ्तार के साथ खोला जाता है। सहरी का समय सीमित होता है, इसलिए लोगों को समय पर जगाने के लिए यह परंपरा शुरू की गई थी।

इतिहासकारों के अनुसार, तोप चलाने की यह परंपरा मुगल काल से चली आ रही है। उस समय घड़ियों और आधुनिक साधनों का अभाव था, इसलिए लोगों को समय का संकेत देने के लिए इस तरह के तरीके अपनाए जाते थे। अजमेर में यह परंपरा आज भी उसी श्रद्धा और अनुशासन के साथ निभाई जा रही है। दिलचस्प बात यह भी है कि अजमेर शरीफ दरगाह में होने वाली कई महत्वपूर्ण रस्मों की शुरुआत भी इसी तोप के धमाके से होती है। गरीब नवाज के उर्स के आगाज का संकेत भी इसी तोप की आवाज से दिया जाता है। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में यह परंपरा हर वर्ष सुरक्षित रूप से निभाई जाती है। रमजान के दौरान अजमेर की यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि शहर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और इतिहास की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती है।

आर्ट गैलरी

## हजारों साल पुरानी रॉक पेंटिंग



'उत्तराखंड के अल्मोड़ा जनपद में अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ मार्ग पर नगर से 14 किलोमीटर आगे पेटशाल गांव में नदी के किनारे स्थित है - लखुडियार। लखुडियार का शाब्दिक अर्थ है 'एक लाख (लख) गुफाएं (उडियार)। यह एक प्रागैतिहासिक शैलाश्रय (रॉक शेल्टर) है, जो शैल चित्रण के लिए प्रसिद्ध है। माना जाता है कि यह शैल चित्र लगभग 6000 वर्ष पुराने हैं और उस समय के आदिमानव द्वारा इन विशाल शिलाओं में बनाए गए थे। लखुडियार की खोज 1968 में डॉ .एमपी जोशी ने की थी। इस खोज के बाद अल्मोड़ा जिले के फड़कनौली, कलामाटी, मल्ला पनेली आदि स्थानों पर भी रॉक आश्रयों की खोज की गई। ये शैलाश्रय भौगोलिक दृष्टि से कालामाटी- दीनापानी पर्वत श्रृंखला की पूर्वी दिशा में लगभग 15 किलोमीटर के दायरे में केंद्रित है। ये शैल चित्र उस समय के दैनिक जीवन, शिकार और सभ्यता को दर्शाते हैं। मुख्य सड़क से लगभग 25 मीटर अंदर सर्प के फन के समान आकृति की विशाल शिला में प्रागैतिहासिक मानव चित्रण कला का उत्कृष्ट अंकन मिलता है। चित्रों में अधिकांश मानव चित्रण के साथ साथ कहीं-कहीं पर पेड़ों तथा पशुओं की आकृति का चित्रण भी है। अलंकरण के लिए लहरदार रेखाओं और बिंदुओं का बखूबी इस्तेमाल किया गया है। लहरदार रेखाओं को इतिहासकार नदी की लहरों के रूप में पहचानते हैं, तो कुछ इसे सर्प की आकृति बताते हैं।



दीपक नौगांई
लेखक

यहां पर छतनुमा चट्टान फर्श से बहुत आगे निकली हुई है। स्थल को देखकर लगता है कि अग्रभाग लगभग चार-पांच मीटर टूट चुका है। इस शिला में अधिकतर चित्र गहरे गेरुए रंग में बने हैं। कहीं-कहीं पर हल्के काले और सफेद रंग से बने चित्र भी दिखाई देते हैं। चित्रों की विषय वस्तु में मुख्यतः पंक्तिबद्ध मानव, पशु, वृक्ष, ज्यामितीय नमूने और आखेटीय चित्र हैं। मानव आकृतियां पंक्तिबद्ध में एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए चित्रित किए गए हैं। कहीं एक पंक्ति में दस तथा कहीं इससे कम मानव आकृतियां अंकित हैं। इसकी विशेषता यह है कि प्रथम मानव से अंतिम मानव एक दूसरे का हाथ पकड़े हुए छोटे होते जा रहे हैं। शिला में ऐसे चित्रण भी हैं, जहां पंक्तिबद्ध मानव एक दूसरे का हाथ नहीं पकड़े हुए हैं। प्रथम दृश्य में ये मानव अपने हाथ में कोई वस्तु धारण किए हुए हैं। संभवत यह आखेट का चित्रण है। लखुडियार के चित्रों में मानव तथा वृक्षों के चित्र समान आकृति के प्रतीत होते हैं। किंतु मानव आकृतियों में स्पष्ट रूप से गर्दन सहित शीर्ष बनाया गया है। कहीं-कहीं मानव आकृतियों में सिर पर पीछे की ओर लंबे बालों के जुड़े अथवा चोटी बनाई गई है। संभवतः यह नारी की आकृति है। इन शैल चित्रों को देखकर लगता है कि तत्कालीन मानव ने अभिव्यक्ति के लिए भाषा से पहले कला का प्रयोग किया होगा। लखुडियार में प्राप्त शैल चित्रण से स्पष्ट है कि कुमाऊं क्षेत्र प्रागैतिहासिक काल से ही मानव गतिविधियों का केंद्र रहा है। पुरातत्व विभाग ने 1992 में लखुडियार को अपने सरंक्षण में तो ले लिया, पर इसे सुरक्षित और सहेजकर रखने के कोई इंतजाम नहीं किए है। मानवीय हस्तक्षेप तथा प्राकृतिक कारणों से अधिकांश चित्रण धूमिल हो गए हैं। यह स्थान इतिहासविद और प्रकृति प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण आकर्षण का केंद्र है, जो हमें पाषाण युग की कलात्मक अभिव्यक्ति से जोड़ता है। आज इस अद्भुत शैल चित्रण को संरक्षित और बचाने की जरूरत है।

लोकायन

## कलाबाजी, संगीत और आस्था का संगम

उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति में अनेक पारंपरिक नृत्य रूप शामिल हैं, जो यहां की आस्था, जीवनशैली और सामुदायिक उत्सवों को जीवंत बनाते हैं। इन्हीं में से एक है लांगवीर नृत्य, जो राज्य के टिहरी गढ़वाल क्षेत्र में विशेष रूप से प्रसिद्ध है। अपनी अनोखी शैली और रोमांचक प्रस्तुति के कारण यह नृत्य दर्शकों के लिए बेहद आकर्षक और यादगार अनुभव बन जाता है।

लांगवीर नृत्य की सबसे खास बात यह है कि यह सामान्य लोक नृत्यों से अलग एक प्रकार का कलाबाजी प्रधान नृत्य है। इसे परंपरागत रूप से केवल पुरुष कलाकार ही प्रस्तुत करते हैं। इस नृत्य की शुरुआत एक लंबे और मजबूत बांस के खंभे को जमीन में गाड़कर की जाती है। इसके बाद नर्तक बड़ी फुर्ती और कौशल के साथ उस खंभे पर चढ़ता है और ऊपर पहुंचकर अपनी नाभि के सहारे संतुलन बनाते हुए खड़ा हो जाता है। नर्तक का यह संतुलन ही इस नृत्य की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक विशेषता है। खंभे के ऊपर पहुंचने के बाद कलाकार धीरे-धीरे अपने शरीर को संतुलित करते हुए गोल-गोल घूमता है और हाथ-पैरों की सहायता से विभिन्न कलाबाजी के करतब दिखाता है। यह दृश्य दर्शकों को रोमांच से भर देता है और नर्तक की शारीरिक क्षमता तथा अभ्यास का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करता है। नृत्य के दौरान नीचे खड़े संगीतकार ढोल और दमाना जैसे पारंपरिक वाद्ययंत्र बजाते हैं। इन वाद्यों की ताल और लय के साथ नर्तक अपने करतबों को और भी प्रभावशाली बना देता है।

लांगवीर नृत्य केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं है, बल्कि इसका धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व भी है। लोकमान्यता के अनुसार इस नृत्य का उद्देश्य नाटक, संगीत और कलाबाजी के माध्यम से देवताओं का मनोरंजन करना और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करना है। इसलिए इसे अक्सर मेलों, पर्व-त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान प्रस्तुत किया जाता है। खंभे के ऊपर पेट के बल संतुलन बनाते हुए घूमते कलाकार को देखना दर्शकों के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव होता है। यही कारण है कि लांगवीर नृत्य उत्तराखंड सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बना हुआ है।





## प्रकृति का सूक्ष्म संगीत और चैत्र

चैत्र और वसंत के संधिकाल में जब प्रकृति अपने नवजीवन की आभा से भर उठती है, तब आम के वृक्षों पर आने वाले बौर एक अद्भुत सौंदर्य और सुगंध का संसार रच देते हैं। यह दृश्य केवल एक वृक्ष के फूलने का नहीं, बल्कि पूरे परिवेश के जाग्रत होने का संकेत है। आम के बौर, जो सूक्ष्म और कोमल पुष्पों के गुच्छों के रूप में शाखाओं पर झूलते दिखाई देते हैं, प्रकृति के उस सूक्ष्म सौंदर्य का प्रतीक हैं, जिसे देखने के लिए संवेदनशील दृष्टि और अनुभवशील मन की आवश्यकता होती है। डालियों पर फैले छोटे-छोटे पुष्पों का यह गुच्छा किसी कलाकार की सूक्ष्म रचना जैसा प्रतीत होता है। प्रत्येक कली और फूल जीवन की उस संभावना का प्रतीक है, जो आगे चलकर मीठे और रसपूर्ण फलों का रूप लेती है। यही कारण है कि भारतीय ग्रामीण जीवन में आम के बौर को केवल एक वनस्पतिक घटना नहीं माना जाता, बल्कि इसे समृद्धि और आशा के आगमन का संकेत भी समझा जाता है। आम के वृक्षों पर जब बौर आते हैं, तब वातावरण में एक विशिष्ट प्रकार की मादक सुगंध फैल जाती है। यह सुगंध इतनी सूक्ष्म होती है कि वह हवा के साथ बहते हुए धीरे-धीरे मन के भीतर तक उतर जाती है। ग्रामीण अंचलों में यह समय विशेष उल्लास का होता है, क्योंकि आम के बौर आने का अर्थ है कि प्रकृति अपने अगले मधुर फल की तैयारी कर रही है। किसान और ग्रामीण जन इसे आने वाले फलों की पहली आहट के रूप में अनुभव करते हैं। छोटे-छोटे फूलों से भरी यह शाखाएं यह भी बताती है कि प्रकृति की महानता उसकी विराटता में ही नहीं, बल्कि उसकी सूक्ष्मता में भी छिपी हुई है। भारतीय काव्य और लोकपरंपरा में आम के बौर का विशेष महत्व रहा है। कवियों ने इसे प्रेम, सौंदर्य और नवजीवन के प्रतीक के रूप में चित्रित किया है। लोकगीतों में भी बौराए आम का उल्लेख अक्सर मिलता है, जहां यह ऋतु के परिवर्तन और मन के उल्लास का संकेत बन जाता है। जब वसंत की बयार इन बौरों को हल्के से स्पर्श करती है, तब वे झूमते हुए मानो प्रकृति के संगीत पर थिरकने लगते हैं। इस प्रकार यह छोटा-सा बौर केवल एक फूलों का गुच्छा नहीं, बल्कि प्रकृति की उस चिरंतन प्रक्रिया का प्रतीक है, जिसमें हर वर्ष जीवन नए रूप में जन्म लेता है। यह हमें यह भी स्मरण कराता है कि हर नई शुरुआत पहले एक सूक्ष्म कली के रूप में ही जन्म लेती है और समय के साथ वह फलित होकर जीवन को मधुरता से भर देती है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 78,205.98 | 24,261.60 |
| बढ़त | 639.82 | 233.55 |
| प्रतिशत में | 0.82 | 0.97 |

सोना 1,64,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,79,275 प्रति किलो

अमृत विचार

कानपुर, बुधवार, 11 मार्च 2026

www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### पांच साल में 36 नये मॉडल उतारेगा रेनो ग्रुप

**नयी दिल्ली।** वाहन निर्माता रेनो ग्रुप ने अगले पांच साल में 36 नये मॉडल उतारने की घोषणा की है। कंपनी ने मंगलवार को एक नयी रणनीतिक योजना 'फ्यूचरेडी' की घोषणा की जिसके तहत साल 2030 तक 36 नये मॉडल बाजार में पेश करने की योजाना है। इनमें 16 इलेक्ट्रिक वाहन और 14 अंतर्राष्ट्रीय बाजार के लिए बनाये गये वाहन होंगे। रेनो ग्रुप की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि फ्यूचरेडी के साथ कंपनी मानक यूरोपीय कार निर्माता बनना चाहती है। यह चार स्तंभों – विकास, प्रौद्योगिकी, उत्कृष्टता और विश्वास – पर आधारित होगा। यूरोप के अलावा कंपनी भारत, दक्षिण अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर भी फोकस कर रही है जो उसके प्रमुख बाजार हैं। कंपनी ने बताया कि उसका लक्ष्य 2030 तक 55 प्रतिशत वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करना है।

### एक्सईडी ने आईपीओ की तारीख आगे बढ़ाई

**नयी दिल्ली।** वरिष्ठ पेशेवरों को प्रशिक्षण प्रदान करने वाली कंपनी एक्सईडी एक्जिक्यूटिव डेवलपमेंट ने अपने 1.2 करोड़ डॉलर के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए पहले तय की गई छह मार्च की तारीख से बदलकर 16 मार्च कर दिया है। यह फैसला पश्चिम एशिया में अमेरिका, इज़राइल और ईरान से जुड़ी मौजूदा भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के कारण लिया गया है। कंपनी का 10 से 10.5 डॉलर प्रति शेयर के मूल्य दायरे वाला यह आईपीओ 16 मार्च को खुलकर 24 मार्च को बंद होगा। यह आईपीओ अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के नियमों के तहत लाया जा रहा है।

### गुजरात में उद्योगों को गैस आपूर्ति में 50% कटौती

**अहमदाबाद।** पश्चिम एशिया संकट से गैस आपूर्ति को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच गुजरात सरकार ने घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उद्योगों को होने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तक कटौती कर दी है। गुजरात के ऊर्जा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने मंगलवार को विधानसभा सत्र से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि राज्य और केंद्र सरकार मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी भी घर में रसोई गैस सिलेंडर की कमी न हो। उन्होंने कहा कि गैस की घरेलू खपत को प्राथमिकता देने के लिए कुछ औद्योगिक उपयोगों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मिलने वाली गैस आपूर्ति में 50 प्रतिशत तथा उर्वरक और दूध प्रसंस्करण क्षेत्रों के लिए गैस आपूर्ति में लगभग 40 प्रतिशत कटौती की गई है।

### 22% बढ़ा जनवरी-फरवरी में चीन का निर्यात

**हांगकांग।** अमेरिका के साथ व्यापार में कमी आने के बावजूद चीन का निर्यात वर्ष 2026 के पहले दो महीनों में सालाना आधार पर लगभग 22 प्रतिशत बढ़ गया। चीन के सीमा शुल्क प्रशासन की तरफ से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-फरवरी 2026 की अवधि में चीन का आयात लगभग 20 प्रतिशत बढ़ा, जबकि दिसंबर में यह वृद्धि 5.7 प्रतिशत थी। अमेरिका से चीन के आयात में सालाना आधार पर लगभग 27 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि इस अवधि में निर्यात में 22 प्रतिशत की वृद्धि अर्थशास्त्रियों के अनुमान से अधिक रही। यह दिसंबर में दर्ज 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर से काफी ज्यादा है। अमेरिका के साथ तनाव के बावजूद चीन का निर्यात बढ़ना उसकी अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक माना जा रहा है।

# दिवाला, कंपनी कानून में बदलाव और एफडीआई नियम किये आसान

## केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसले-मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को फोर लेन बनाने का प्रस्ताव भी मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को एफडीआई, दिवाला-कंपनी कानून संशोधन और दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेसवे के बदनावर–टिमरवानी खंड को चार लेन का करने के प्रस्ताव को मंजूरी समेत कई बड़े फैसले किये। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवाला कानून और कंपनी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी के संबंध में अभी पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) और कंपनी अधिनियम, 2013 में विभिन्न संशोधनों को मंजूरी दे दी गयी है। इन दोनों कानूनों को कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय लागू करता है। पिछले साल अगस्त में मंत्रालय ने लोकसभा में आईबीसी में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था। इस विधेयक में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए थे, जिनका उद्देश्य दिवाला मामलों की प्रक्रिया को तेज करना और आवेदन स्वीकार करने में लगने वाले समय को कम करना है। इस विधेयक को लोकसभा की एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। समिति ने दिसंबर, 2025 में अपनी रिपोर्ट भी दे दी है। पिछले महीने वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार बजट सत्र के दूसरे भाग में आईबीसी (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने चाहती है।

इसके अलावा एक अन्य फैसले में सरकार ने सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि




सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधन किया गया है। हालांकि, सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल के फैसलों पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान इस संबंध में कोई घोषणा नहीं की। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने कहा की मंत्रिमंडल द्वारा आज ऐसी कोई घोषणा नहीं की गई। डीपीआईआईटी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की इकाई है जो प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से संबंधित मामलों को देखता है।

इस प्रेस नोट के तहत जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार से अनिवार्य रूप से मंजूरी लेने की जरूरत है। भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमार और अफगानिस्तान हैं।

भारत में अप्रैल, 2000 से दिसंबर, 2025 तक आये कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.32 प्रतिशत (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) है और वह 23वें स्थान पर है। जून, 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गयी थी। इसके बाद भारत ने टिक टॉक, वीचैट और अलीबाबा के यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, भारत को चीन से बहुत कम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है, फिर भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के एक हिस्से को चार लेन का बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी है। इस परियोजना की कुल लागत 3,839.42 करोड़ रुपये होगी और इसे सरकार और निजी कंपनियों की साझेदारी में पूरा किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने एनएच-752डी के बदनावर-पेटलावद-थांदला-टिमरवानी खंड के 80.45 किलोमीटर लंबे चार-लेन गलियारे के विकास को मंजूरी दी है। परियोजना का निर्माण कार्य 24 महीने में पूरा होगा।

## अखबारी कागज की गुणवत्ता, मानकों पर आईएनएस चिंतित

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन न्यूजपेपर सोसाइटी (आईएनएस) ने मंगलवार को घरेलू अखबारी कागज की गुणवत्ता और मानकों को लेकर चिंता व्यक्त की है। सोसाइटी ने कहा कि जब तक देश में अखबारी कागज के उत्पादन की क्षमता अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप नहीं हो जाती, तब तक भारत में अख़बारों के समय पर और गुणवत्तापूर्ण उत्पादन के लिए कागज के आयात की जरूरत बनी रहेगी। आईएनएस के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने बताया कि उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, देश में 123 अखबारी कागज मिलें हैं, जिनकी स्थापित क्षमता लगभग 22 लाख टन प्रति वर्ष है। लेकिन वास्तविक उत्पादन आंकड़े इस दावे से काफी कम हैं, जिससे घरेलू उपलब्धता पर्याप्त नहीं दिखाई देती।

# सकारात्मक विदेशी संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सेंसेक्स 639 अंक उछला

## निफ्टी भी 233.55 चढ़ा, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के युद्ध खत्म होने संबंधी बयान का असर

**मुंबई, एजेंसी**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को तेजी लौट आयी। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 639.82 अंक (0.82 फीसदी) चढ़कर 78,205.98 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत ऊपर 24,261.60 अंक पर बंद हुआ। बीती 26 फरवरी के बाद छह कारोबारी दिवस में दोनों प्रमुख सूचकांक 5.7 प्रतिशत टूट गये थे। इस दौरान सिर्फ एक दिन बाजार में तेजी रही थी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान युद्ध जल्द समाप्त होने संबंधी बयान के बाद वैश्विक स्तर पर सभी शेयर बाजारों में तेजी देखी गयी। घरेलू शेयर बाजारों पर भी इसका असर दिखा। मझौली और छोटी कंपनियों में ज्यादा लिवाली रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक



1.60 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.12 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईटी और तेल एवं गैस को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। ऑटो, वित्त, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, बैंकिंग, रियलिटी, फार्मा, धातु, मीडिया और रसायन समूहों में लिवाली ज्यादा रही। एनएसई में कुल 3,304 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,544 के शेयर हरे और 673 के लाल निशान में रहे। अन्य 87 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे।

सेंसेक्स की कंपनियों में इंडिगो का शेयर 3.46 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.30 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक में 2.73, मारुति सुजुकी में 2.71, एशियन पेंट्स में 2.70, अल्ट्राटेक सीमेंट में 2.42, टाटा स्टील में 2.09 और एक्सिस बैंक में 2.07 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 1.48 प्रतिशत, टाइटन का 1.47, कोटक महिंद्रा बैंक का 1.41, बीईएल का 1.29, भारतीय स्टेट बैंक का 1.24, एचडीएफसी बैंक का 1.18 और पावरग्रिड का 1.08 प्रतिशत चढ़ गया।

आईटीसी, एलएंडटी, ट्रेंट और सनफार्मा के शेयर भी ऊपर बंद हुए। इटरनल में सबसे अधिक 1.50 प्रतिशत की गिरावट रही। इंफोसिस का शेयर 1.43 प्रतिशत और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.08 प्रतिशत टूट गया। भारती एयरटेल और टीसीएस के शेयर भी लाल निशान में रहे।

वैश्विक स्तर पर एशिया में जापान का निक्केई 2.88 फीसदी, हांगकांग का हैंग सेंग 2.17 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.65 फीसदी की मजबूती में बंद हुए।

यूरोपीय बाजारों में जर्मनी का डैक्स फिलहाल 2.32 प्रतिशत और ब्रिटेन का एफटीएसई 1.56 प्रतिशत ऊपर है।

### कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ युद्ध जल्द समाप्त होने के बयान के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में करीब पांच प्रतिशत की गिरावट रही और यह 100 डॉलर प्रति बैरल के नीचे आ गया। कच्चे तेल का मानक लंदन का ब्रेंट क्रूड वायदा 4.1 प्रतिशत टूटकर 94.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। अमेरिकी वेस्ट टेक्सस क्रूड 4.89 प्रतिशत उतरकर 90.3 डॉलर प्रति बैरल बोला गया। इससे पहले सोमवार को कच्चे तेल में जबरदस्त तेजी देखी गयी थी और एक समय यह 119 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया था। अमेरिका और इजरायल द्वारा 28 फरवरी को एक संयुक्त सैन्य अभियान में ईरान पर किये गये हमले के बाद अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। ईरान पर हमले और उसकी जवाबी प्रतिक्रिया के कारण पश्चिमी एशिया में इन दोनों गंभीर भू राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। इससे कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति और उत्पादन दोनों बाधित हुए हैं।

# अवसरवादी एवं अनुचित मूल्य निर्धारण से बचें जहाजरानी कंपनियां

**मुंबई, एजेंसी**

- नौवहन महानिदेशालय ने कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को दी सलाह

पोत परिवहन क्षेत्र के नियामक डीजीएस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से उत्पन्न व्यवधानों के बीच जहाजरानी कंपनियों, पोत संचालकों और उनके एजेंटों को अनुचित, अपारदर्शी एवं अवसरवादी मूल्य निर्धारण से बचने की सलाह दी है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

नौवहन महानिदेशालय (डीजीएस) ने सोमवार को जारी अपने परामर्श में यह भी कहा कि जहाजरानी कंपनियों को निर्यातकों, आयातकों और अन्य हितधारकों को सभी लागू शुल्कों के बारे में स्पष्ट रूप से और पहले से बताना होगा।

यह परामर्श ऐसे समय जारी किया गया है जब नियामक को निर्यात-आयात व्यापार से जुड़े विभिन्न हितधारकों से कई अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने की शिकायतें मिली थीं।

डीजीएस के अनुसार, जहाजरानी कंपनियों, मालवाहकों और उनके एजेंटों द्वारा लगाए जा रहे कई सहायक शुल्क अपारदर्शी और अवसरवादी प्रकृति के माने जा रहे हैं, जिससे लॉजिस्टिक श्रृंखला में लेनदेन की लागत बढ़ जा रही है। नियामक ने कहा कि ये शुल्क मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव और युद्ध जैसी स्थिति का अनुचित लाभ उठाने के तरीके लग रहे हैं।

डीजीएस ने परामर्श में कहा कि कंपनियों को निष्पक्ष व्यापार व्यवहार का पालन करना चाहिए और ऐसे शुल्क लगाने से बचना चाहिए जिससे आयात-निर्यात व्यापार में विवाद की स्थिति पैदा हो सकती हो।

उल्लेखनीय है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष बढ़ने से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते होने वाला व्यापार बुरी तरह बाधित हो गया है। इस वजह से जहाजों के लिए माल लेकर आना-जाना काफी मुश्किल हो गया है।

# बंदरगाह में फंसे एशिया जाने वाले कंटेनर को मिलेगी शुल्क में छूट

**मुंबई, एजेंसी**

जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीए) के कंटेनर टर्मिनल संचालक पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण उत्पन्न बाधाओं के मद्देनजर बंदरगाह पर फंसे पश्चिम एशिया जाने वाले कंटेनर पर 15 दिन तक के लिए 'ग्राउंड रेंट' और 'ड्वेल टाइम' शुल्क में शत-प्रतिशत छूट देंगे। जेएनपीए ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह की सीमा के भीतर कंटेनर रखने के लिए वसूला जाने वाला किराया ''ग्राउंड रेंट'' कहलाता है, जबकि कंटेनर के बंदरगाह पर पहुंचने से लेकर वहां से रवाना होने तक के कुल समय को 'ड्वेल टाइम' कहा जाता है। यह बंदरगाह पर माल के ठहराव और भंडारण पर लगने वाला शुल्क है।

इसके अतिरिक्त, जेएनपीए ने हितधारकों को सूचित किया कि जल्दी खराब होने वाले सामान के लिए इस्तेमाल होने वाले 'रीफर' (प्रशीतित/ठंडे) कंटेनर को बिजली आपूर्ति के लिए लगने वाले 'रीफर प्लग-इन' शुल्क में भी 15 दिन तक 80 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह राहत उन कंटेनर पर लागू होगी जो 28 फरवरी से बंदरगाह के भीतर थे या आठ मार्च को सुबह सात बजे तक वहां पहुंच चुके थे।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने निपटाये धोखाधड़ी के 645 करोड़ के दावे

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी क्षेत्र के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने मंगलवार को कहा कि चंडीगढ़ की एक शाखा में सामने आए धोखाधड़ी मामले से जुड़े दावों का निपटान 645 करोड़ रुपये में कर दिया गया है। बैंक ने पिछले महीने बताया था कि चंडीगढ़ स्थित उसकी एक शाखा में हरियाणा सरकार के कुछ खातों से जुड़े मामलों में कुछ कर्मचारियों और अन्य लोगों द्वारा 590 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। बैंक ने शेयर बाजार को दी नवीनतम सूचना में कहा कि पहले इस राशि का आकार 590 करोड़ रुपये रहने का अनुमान था लेकिन बाद में मिले दावों के आधार पर 645 करोड़ रुपये की मूल राशि का भुगतान किया गया है।

# काम बंद करने को मजबूर हो सकते हैं होटल-रेस्तरां

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से जूझ रहे होटल कारोबारियों के संगठन ने मंगलवार को कहा कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो मुंबई के कई होटल और रेस्तरां को अगले दो दिनों में अपना कामकाज बंद करना पड़ेगा। फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएचआरएआई) के उपाध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पुणे, औरंगाबाद, नागपुर, दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से भी समस्याएं सामने आ रही हैं।

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच, सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन की प्राथमिकता सूची में संशोधन किया है और एलपीजी उत्पादन को सीएनजी



और पाइप वाली खाना पकाने की गैस के साथ शीर्ष पर रखा है। इससे बाजार मूल्य पर वाणिज्यिक एलपीजी का उपयोग करने वाले होटल और रेस्तरां के लिए आपूर्ति में भारी कमी हो गई है। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन (पश्चिमी भारत) के प्रवक्ता शेट्टी ने कहा कि बीते एक सप्ताह में वाणिज्यिक एलपीजी की बेहद गंभीर किल्लत हो गई है और सोमवार से कई क्षेत्रों में आपूर्ति लगभग पूरी तरह ठप हो गई है। कहा कि हमें मुंबई, पुणे, औरंगाबाद और नागपुर जैसे शहरों से भी गंभीर किल्लत की खबरें मिल रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों में भी इसी तरह की समस्याएं हैं।

अगर अगले दो दिनों के भीतर स्थिति नहीं सुधरती है तो मुंबई में लगभग 50 प्रतिशत होटल एवं रेस्तरां को अपने पास उपलब्ध गैस सिलेंडरों के मौजूदा भंडार के आधार पर अस्थायी रूप से संचालन बंद करने को मजबूर होना पड़ सकता है।

### पेट्रोलियम मंत्री से वाणिज्यिक सिलेंडर पर हस्तक्षेप की मांग

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में कमी को लेकर ओडिशा होटल एवं रेस्तरां संघ (एचआरएओ) ने मंगलवार को पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी से हस्तक्षेप कर एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। एचआरएओ ने पुरी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में व्यवधान से आतिथ्य उद्योग के संचालन में गंभीर कठिनाइयां पैदा हो रही हैं। उद्योग संगठन ने कहा कि होटल और रेस्तरां अपने रोजमर्रा के रसोई संचालन के लिए वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की निरंतर आपूर्ति पर अत्यधिक निर्भर हैं।

**अच्छी खबर** | रोजगार परिदृश्य रिकॉर्ड स्तर पर

# अप्रैल–जून तिमाही में नियुक्तियां बढ़ने की उम्मीद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

- मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण की रिपोर्ट

मजबूत कारोबारी भरोसे और घरेलू मांग के दम पर भारतीय नियोक्ताओं ने इस साल की अप्रैल-जून तिमाही के लिए नियुक्तियों के इरादे में मजबूती दर्ज की है। मंगलवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई। मैनपावरग्रुप के नवीनतम रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण के अनुसार, साल 2026 की दूसरी तिमाही के लिए शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) 68 प्रतिशत के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। यह पिछली तिमाही से 17 अंक और पिछले साल की समान तिमाही से 24 अंक अधिक है। मैनपावरग्रुप इंडिया के प्रबंध निदेशक संदीप गुलाटी ने कहा कि ये आंकड़ा दोहरी



वास्तविकता पेश करता है। एक तरफ नियुक्तियों का इरादा मजबूत है, वहीं दूसरी तरफ प्रतिभाओं की कमी भी बढ़ रही है। लगभग 82 प्रतिशत संगठनों ने अपनी जरूरत के अनुसार कौशल वाले लोग ढूंढने में कठिनाई की बात कही है।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में भारत में 'वित्त और बीमा' क्षेत्र 71 प्रतिशत के रोजगार परिदृश्य के साथ सबसे अधिक प्रतिस्पर्धी बना हुआ है। इसके बाद संख्या के आधार पर वाहन, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) एवं सूचना और प्रौद्योगिकी सेवाओं में सबसे ज्यादा नियुक्तियां होने का अनुमान है।

देश के चारों क्षेत्रों के संगठनों ने आगामी तिमाही में कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि का अनुमान जताया है। उत्तर भारत 70 के एनईओ के साथ सबसे आगे है, जबकि आतिथ्य क्षेत्र (31 प्रतिशत) ने इस तिमाही में नियुक्तियों के प्रति सबसे सतर्क रुख (यानी सबसे कम भर्तियां करने) के संकेत दिए हैं।

सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि लगभग 87 प्रतिशत संगठन नियुक्तियों और प्रशिक्षण के लिए पहले से ही कृत्रिम मेधा (एआई) का उपयोग कर रहे हैं। हालांकि, 40 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि एआई का सबसे अधिक लाभ प्रशिक्षण एवं विकास के क्षेत्र में मिल रहा है।

## 25,978 करोड़ हुआ इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** इक्विटी म्यूचुअल फंड योजनाओं में फरवरी के दौरान शुद्ध निवेश आठ प्रतिशत बढ़कर 25,978 करोड़ रुपये हो गया। उद्योग संगठन एम्फी ने मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी।

इस निवेश के साथ ही म्यूचुअल फंड उद्योग की कुल प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) फरवरी महीने में बढ़कर 82 लाख करोड़ रुपये हो गईं। जनवरी में इसका एयूएम 81 लाख करोड़ रुपये था। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड इन इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी वेंकट एन चलसानी ने कहा कि इक्विटी योजनाओं में सकारात्मक प्रवाह भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर सहमति बनने के कारण बढ़े निवेशक भरोसे का नतीजा हो सकता है।

# सरकार ने उर्वरक संयंत्रों को कम से कम 70% प्राकृतिक गैस आपूर्ति की गारंटी दी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने मंगलवार को कहा कि उर्वरक संयंत्रों को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए ''प्राथमिकता क्षेत्र-2'' में रखा गया है। इस कदम से उन्हें उनकी औसत प्राकृतिक गैस खपत का कम से कम 70 प्रतिशत हिस्सा मिलने की गारंटी मिलती है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मिट्टी के लिए ज़रूरी पोषक तत्वों का घरेलू उत्पादन, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण वैश्विक आपूर्ति में आने वाली रुकावटों से प्रभावित न हो।

उर्वरक मंत्रालय ने नौ मार्च को प्राकृतिक गैस (आपूर्ति विनियमन) आदेश-2026 में इस फैसले को अधिसूचित करते हुए बताया कि यह



औसत, पिछले छह महीनों की खपत के आधार पर निकाला जाएगा। मंत्रालय ने बयान में कहा कि इस उपाय का मकसद उर्वरक उत्पादन को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में आने वाली रुकावटों, खासकर पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) की आपूर्ति में आ रही दिक्कतों से बचाना है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब यह चिंता जताई जा रही है कि पश्चिम एशिया में राजनीतिक अस्थिरता के कारण एलएनजी की खेप की आवाजाही बाधित हो सकती है और खरीफ की बुवाई के अहम मौसम से ठीक पहले उर्वरक उत्पादन पर इसका बुरा असर पड़ सकता है।

मंगलवार को उर्वरक विभाग में हुई एक उच्चस्तरीय बैठक में सभी उर्वरक कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में उन्होंने अपनी तैयारियों की स्थिति से अवगत कराया और सामने आ रही चुनौतियों को भी रेखांकित किया। बैठक में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अधिकारी भी मौजूद थे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### केन्या : दो बाइक की टक्कर के बाद भीड़ पर चढ़ा ट्रक, 14 की मौत

**वेबुये।** केन्या के वेबुये-किटाले राजमार्ग पर सोमवार रात भीषण सड़क हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई और 16 गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस हादसे में दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हुई, जिसमें दोनों सवारों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद जब आसपास के लोग और राहगीर घायलों की मदद के लिए जमा हुए, तभी एक अनियंत्रित ट्रक भीड़ को कुचलता हुआ निकल गया। ट्रक की चपेट में आने से 10 लोगों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। अस्पताल में चार घायलों की मृत्यु हो गई। 16 घायलों का उपचार चल रहा है, जिनमें कई की हालत नाजुक बनी हुई है।

### हिंसा के बाद मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स में सेना तैनात की गई

**शिलांग।** मेघालय के पश्चिम गारो हिल्स जिले में सेना तैनात कर दी गई है, जहां दो गुटों के बीच झड़प होने के बाद सुरक्षाबलों की गोलीबारी में दो लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गारो हिल्स स्वायत्त जिला परिषद (जीएचएडीसी) चुनावों की नामांकन प्रक्रिया के दौरान तनाव के बीच हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने गोलीबारी की। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने कहा, 'नागरिक प्रशासन के अनुरोध पर पश्चिम गारो हिल्स में सेना की टुकड़ियां तैनात की गई हैं और वे फ्लैग मार्च कर रही हैं।' हालांकि, उन्होंने इस बारे में नहीं बताया कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए कितने सैन्यकर्मी तैनात किए गए हैं।

### पासपोर्ट कार्यालयों और डाकघरों को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी वाला ई-मेल मिलने के बाद राजस्थान के कई शहरों में पासपोर्ट कार्यालयों, पासपोर्ट सेवा केंद्रों और डाकघरों की मंगलवार को गहन जांच की गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पासपोर्ट कार्यालय के अधिकारियों ने तुरंत जयपुर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद प्रोटोकॉल के अनुसार जांच की गई। जयपुर में स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय और पासपोर्ट सेवा केंद्र, डाकघर परिसर में संचालित पासपोर्ट कार्यालयों व सेवा केंद्रों को खाली कराया गया और जांच की गई। हालांकि, कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने बताया, कार्यालयों में प्रवेश तुरंत रोककर लोगों को बाहर निकाल दिया गया।

# कनाडा के स्कूल में गोलीबारी मामले में ओपनएआई पर केस

- **घायल छात्रा के परिवार ने चैटबॉट पर लगाया साजिश के बारे में पहले से पता होने का आरोप**

**वैंकूवर।** कनाडा में स्कूल में हुई गोलीबारी में गंभीर रूप से घायल एक छात्रा के माता-पिता ने सोमवार को दायर दीवानी मुकदमे में आरोप लगाया कि चैटबॉट बनाने वाली कंपनी ओपनएआई को पहले से पता था कि हमलावर सामूहिक हमले की योजना बना रहा था।

मुकदमे के अनुसार, कंपनी के एआई आधारित संवाद प्रोग्राम चैटजीपीटी का उपयोग हमलावर ने हमले की योजना बनाने के लिए किया था। ओपनएआई ने कहा है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, लेकिन पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। बाद में 10 फरवरी को ब्रिटिश कोलंबिया के टम्ब्लर रिज में हुई गोलीबारी के बाद उसने पुलिस से संपर्क किया।

इस हमले में हमलावर जेस वान रूस्टसेलार ने आठ लोगों की हत्या करने के बाद स्वयं भी जान दे दी थी। कंपनी के अनुसार हमलावर का चैटजीपीटी खाता बंद कर दिया गया था, लेकिन उसने दूसरा खाता बनाकर प्रतिबंध से बचने की कोशिश की।

ब्रिटिश कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि कंपनी को इस बात की विशिष्ट जानकारी थी कि हमलावर टम्बलर रिज जैसी बड़ी जनहानि वाली घटना की योजना बनाने के लिए चैटजीपीटी का उपयोग कर रहा था।

## ऊर्जा खपत कम करने में जुटे देश

ईरान और अमेरिका-इजराइल युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में भारी उथल-पुथल है। कच्चे तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है, हालांकि ताजा घटनाक्रम और अमेरिकी बयानों के बाद बाजार में कुछ स्थिरता के संकेत मिले हैं। 9 मार्च को ब्रेंट क्रूड की कीमतें 119 .50 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर तक पहुंच गई थीं जो 10 मार्च को 90 डॉलर के आसपास आ गईं। इसके बाद भी ईरान द्वारा महत्वपूर्ण जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की चेतावनियों के कारण अनिश्चितता छायी हुई है और दुनिया की 20 प्रतिशत तेल आपूर्ति और एलएनजी पर खतरा मंडरा रहा है। तेल संकट बढ़ने की आशंकाओं से घिरे दुनिया भर के देशों ने इससे निपटने की तैयारी शुरू कर दी है। इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलू अपनी ऊर्जा खपत को कम करना है।

# तेल संकट की आहट



### उत्पादन-आपूर्ति पर असर

- युद्ध के बीच हॉर्मुज जलडमरूमध्य की घेराबंदी से कई खाड़ी देशों की तेल आपूर्ति और उत्पादन पर गंभीर असर पड़ा है।
- अपने तेल ढांचों पर हमलों की संभावना को देखते हुए प्रमुख तेल उत्पादक देश ईरान का निर्यात काफी हद तक बाधित है।
- कुवैत और इराक ने अपने उत्पादन में कटौती की है, क्योंकि उनके पास तेल को स्टोर करने की जगह भी खत्म हो रही है।
- दुनिया में एलएनजी के प्रमुख निर्यातक कतर की आपूर्ति पर हॉर्मुज जलमार्ग के बाधित होने से लगभग रोक लग गई है।
- सऊदी अरब ने लाल सागर के रास्ते पाइपलाइनों से तेल आपूर्ति शुरू की है, मगर निर्यात क्षमता में बड़ी गिरावट आई है।

### ओपेक का रुख

- ओपेक देशों ने अनिश्चितता देखते हुए उत्पादन में वृद्धि नहीं की है, जिसके कारण आपूर्ति की कमी बनी हुई है।

### पूरी दुनिया में चिंता

- अमेरिका, चीन और यूरोपीय देशों के साथ दुनिया के प्रमुख देश ऊर्जा संरक्षण के लिए सख्त और रणनीतिक उपाय लागू कर रहे हैं।
- अमेरिका और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के सदस्य देशों ने अपने आपातकालीन तेल भंडार से लाखों बैरल तेल बाजार में जारी किया है।
- संकट ने सौर, पवन और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए मजबूर किया है ताकि तेल निर्भरता को कम किया जा सके।

### इन देशों में कड़े कदम

- पाकिस्तान में चारदिवसीय कार्य सप्ताह, स्कूल दो सप्ताह के लिए बंद, सरकारी कर्मचारियों के ईंधन भत्ते में 50% कटौती।
- थाईलैंड में सिविल सेवकों को वर्क फ्रॉम होम, लिफ्ट बंद, कार्यालयों में एसी का तापमान 26-27 डिग्री सेल्सियस निर्धारित।
- वियतनाम में निजी कंपनियों को कर्मचारियों से वर्क फ्रॉम होम कराने का निर्देश, ईंधन पर आयात शुल्क हटाने की योजना।
- बांग्लादेश सरकार की ओर से बिजली की खपत कम करने के लिए विश्वविद्यालयों में समय से पहले घोषित की गईं छुट्टियां।

### ये भी उपाय

- कई देशों ने निजी वाहनों का उपयोग कम कर सार्वजनिक परिवहन मुफ्त कर दिया है। संडे को कार फ्री घोषित कर रात में लाइटिंग को जल्दी बंद किया जा रहा है।

### भारत की पहल

- भारत सरकार ने सरकार ने नेचुरल गैस (सप्लाई रेगुलेशन) ऑर्डर, 2026 लागू किया है।
- इसके तहत सबसे पहले घरेलू पीएनजी, सीएनजी, उर्वरक उत्पादन को गैस दी जा रही है।
- बड़े रेस्टोरेंट जैसे गैरजरूरी उद्योगों और व्यवसायों के लिए आपूर्ति में कटौती की गई है।
- एलपीजी की जमाखोरी रोकने को रिफिल बुकिंग का अंतर 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन।

# कलकत्ता हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की मंजूरी बिना कोई कदम न उठाए आयोग

## सुप्रीम आदेश- निर्वाचन आयोग नहीं करेगा न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा

### पश्चिम बंगाल में एसआईआर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उसकी ओर से कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की मंजूरी के बिना ऐसा कोई अनिवार्य कदम न उठाया जाए, जिससे पश्चिम बंगाल में एसआईआर की प्रक्रिया बाधित हो। शीर्ष अदालत ने निर्वाचन आयोग के साथ राज्य सरकार को भी निर्देश दिया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में न्यायिक अधिकारियों को हर तरह की सहायता प्रदान की जाए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि आयोग के पोर्टल में तकनीकी व्यवधानों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आगे ऐसी कोई बाधा न उत्पन्न हो। पीठ ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए नई लॉगिन आईडी शीघ्र बनाई जाएं, ताकि मतदाता सूचियों में संशोधन की प्रक्रिया सुचारू रूप से सुनिश्चित



हो सके। पीठ ने यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा निर्वाचन आयोग के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जैसे ही मुख्य न्यायाधीश पूरक सूचियों के प्रकाशन के संबंध में उचित सिफारिश करेंगे, चुनाव आयोग को उस पर तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। पीठ ने कहा, न्यायिक अधिकारियों ने अब तक मतदाता सूची से नाम हटाने के 10.16 लाख दावों-आपत्तियों पर सुनवाई की है।

### अपीलीय निकाय बनाने के लिए अधिसूचना जारी करने का निर्देश

शीर्ष अदालत ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपीलों पर सुनवाई के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की पीठ गठित कर सकते हैं तथा निर्वाचन आयोग को एसआईआर प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों के फैसलों के खिलाफ अपीलों पर सुनवाई के लिए एक अपीलीय निकाय गठित करने के लिए अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया। पीठ राज्य में जारी एसआईआर प्रक्रिया से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

### आईटी नियमों को रद्द करने संबंधी बंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र की याचिका पर विचार करने पर सहमति

**फैसले पर रोक लगाने से इन्कार**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह सोशल मीडिया पर फर्जी और झूठी सामग्री को विनियमित करने के उद्देश्य से सूचना प्रौद्योगिकी नियमों में सरकार द्वारा 2023 में किए गए संशोधनों को रद्द करने संबंधी मुंबई हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्र सरकार की याचिका पर विचार करेगा। शीर्ष अदालत ने हालांकि 2024 के मुंबई हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया, जिसमें न केवल संशोधित सूचना प्रौद्योगिकी नियमों को रद्द कर दिया गया था बल्कि उन्हें 'असंवैधानिक' भी करार दिया गया था। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स सहित मूल याचिकाकर्ताओं को नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इन्कार करते हुए सीजेआई ने कहा कि बेहतर होगा कि इस पूरे मामले का अंतिम निर्णय आ जाए।

### सोशल मीडिया पोस्ट विवाद: नेहा सिंह को अग्रिम जमानत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के कारण दर्ज मामले में मंगलवार को लोक गायिका नेहा सिंह राठौर की अग्रिम जमानत याचिका मंजूर कर ली। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने इस बात का संज्ञान लिया कि राठौर संबंधित अधिकारियों के समक्ष पेश हो चुकी हैं और अपने बयान दर्ज करा चुकी हैं। इसके बाद पीठ ने उनकी अग्रिम जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। शीर्ष अदालत ने उन्हें जांच में सहयोग जारी रखने का निर्देश दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने पिछले साल पांच दिसंबर को राठौर की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# अफगानिस्तान पर हवाई हमले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन

**नई दिल्ली/संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

- **भारत ने संयुक्त राष्ट्र में की पाकिस्तान के हमलों की निंदा**



भारत ने अफगानिस्तान पर हाल ही में हुए हवाई हमलों की संयुक्त राष्ट्र में कड़ी निंदा की है। पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच बढ़ते सीमा पार संघर्षों के बीच भारत ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का घोर उल्लंघन करार दिया है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पर्वतनेनी हरीश ने महासचिव की रिपोर्ट में उजागर की गई उन चिंताओं का उल्लेख किया, जो सीमा पार हिंसा के कारण हताहत होने वाले नागरिकों से जुड़ी हैं। हरीश ने कहा, महासचिव की रिपोर्ट में सीमा पार सशस्त्र हिंसा के कारण नागरिकों के प्रभावित होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। हम महासचिव के उस आह्वान का समर्थन करते हैं, जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के तहत दायित्वों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा, अफगानिस्तान के क्षेत्र पर हुए हवाई हमलों की भारत कड़ी निंदा करता है, जो अंतरराष्ट्रीय कानून, संयुक्त राष्ट्र चार्टर और राज्य संप्रभुता के सिद्धांत का स्पष्ट उल्लंघन हैं।

भारतीय दूत ने इस भू-आबद्ध देश पर आर्थिक दबाव के संबंध में भी चिंता जताई। हरीश ने गंभीर चिंता जताते हुए व्यापार के लिए रास्ता रोकने और चारों तरफ जमीन से घिरे देश की पहुंच को जानबूझकर बंद कर व्यापार और पारगमन आतंकवाद के अभ्यास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ऐसी कार्रवाइयों के सामने भू-आबद्ध विकासशील देशों पर संयुक्त राष्ट्र की घोषणाएं खोखली लगती हैं। इन देशों की व्यापारिक और पारगमन संबंधी मजबूरियों को हथियार के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

# राजौरी में पाकिस्तानी आतंकी ढेर

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की एक कोशिश को नाकाम करते हुए एक पाकिस्तानी आतंकवादी को मार गिराया।

भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि खुफिया एजेंसियों से मिली विश्वसनीय सूचना के आधार पर मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे लाइन ऑफ कंट्रोल पर नौशेरा सेक्टर में झंगर क्षेत्र में दो आतंकवादियों की गतिविधि देखी गई। इसके बाद सतर्क सैनिकों ने त्वरित और सटीक कार्रवाई करते हुए घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया।

मुठभेड़ के दौरान पाकिस्तान समर्थित एक आतंकी को मार गिराया गया और नियंत्रण रेखा की सुरक्षा में किसी भी तरह की सेंध नहीं लगने दी गई। सेना के अनुसार दूसरे आतंकी की तलाश के लिए इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इसके लिए जमीनी और हवाई निगरानी को भी बढ़ाया गया है।

# विश्व व्यवस्था पुनर्निर्माण में रही है भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**



- **प्रिटोरिया में उद्योग जगत और शिक्षाविदों की बैठक में बोले दक्षिण अफ्रीका के मंत्री**

दक्षिण अफ्रीका के व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय के उप मंत्री जुको गोडलिम्पी ने प्रिटोरिया में उद्योग जगत के दिग्गजों, शिक्षाविदों और नीतिनिर्माताओं की सभा को संबोधित करते हुए कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद की विश्व व्यवस्था पुनर्निर्माण में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जो अब पतन के कगार पर है।

गोडलिम्पी ने भारतीय उच्चायोग और 'सीआईआई-इंडिया बिजनेस फोरम' द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित दूसरे वार्षिक भारत-दक्षिण अफ्रीका व्यापार सम्मेलन को संबोधित किया। मंत्री ने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध समाप्त होने के दो वर्ष बाद स्वतंत्र भारत का जन्म उस वैश्विक व्यापार प्रणाली के ढांचे के बीच हुआ, जिसे पश्चिमी देशों ने तैयार किया था। उन्होंने कहा, प्रमुख शक्तियों की ओर से आकार दी जा रही दुनिया में भारत उभरता हुआ लोकतंत्र है। भारत की स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक एक प्रमुख वैश्विक शक्ति बनने की उसकी योजनाओं पर मंत्री ने कहा कि भारत अब एक अलग और खास स्थिति में है। उन्होंने कहा, भारत खुद को ऐसी स्थिति में पाएगा, जहां वह सिर्फ मौजूदा वैश्विक व्यवस्था पर चलने के बजाय एक नई वैश्विक व्यवस्था के सह-निर्माता की भूमिका निभाने का दायित्व भी संभालेगा। उन्होंने कहा, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की उस व्यवस्था में भारत एक सहायक भागीदार के रूप में उभरा था।

# चीन ने विकसित किया मॉलिक्यूलर ब्रिज ब्लड कैंसर के इलाज में बड़ी सफलता

- **शरीर में कैंसर की छिपी हुई कोशिकाओं को भी नष्ट करने में होगा सक्षम**

**बीजिंग।** चीनी वैज्ञानिकों ने ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर) के उपचार की दिशा में क्रांतिकारी सफलता हासिल की है। वैज्ञानिकों ने एक ऐसा 'मॉलिक्यूलर ब्रिज' (आणविक सेतु) बनाया है, जो कैंसर कोशिकाओं के छिपने की स्थिति में भी उन्हें नष्ट करने में सक्षम है।

प्रतिष्ठित जर्नल 'सेल' के नवीनतम अंक में प्रकाशित यह शोध भविष्य में कैंसर उपचार की क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है। चीनी विज्ञान अकादमी के इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोसेस इंजीनियरिंग की शोध टीम ने पारंपरिक 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में सुधार करते हुए नया 'हेल्पर मॉलिक्यूल' विकसित किया है, जिसे 'फेस' नाम दिया गया है। सामान्यतः 'सीएआर-टी सेल थेरेपी' में मरीज की टी-कोशिकाओं (इम्यून सेल्स) को लैब में संशोधित कर कैंसर से लड़ने के लिए तैयार किया जाता है। हालांकि, कई मामलों में कैंसर कोशिकाएं अपनी सतह से उन निशानों (मार्करों) को हटा देती हैं जिन्हें टी-कोशिकाएं पहचानती हैं। इससे कैंसर कोशिकाएं अदृश्य हो जाती हैं।

# ऑस्ट्रेलिया : बिजली की खपत कम करने के लिए प्रकाश की गति वाला एआई चिप

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने एक अल्ट्रा-कॉम्पैक्ट एआई चिप तैयार की है, जो प्रकाश की शक्ति का उपयोग कर प्रकाश की गति से गणना करने में सक्षम है। यह तकनीक एआई कंप्यूटिंग में होने वाली भारी बिजली की खपत को काफी हद तक कम कर सकती है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के सिडनी नैनो हब में विकसित यह प्रोटोटाइप पारंपरिक कंप्यूटर चिप्स में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रॉनों के बजाय फोटोन का उपयोग करता है। विश्वविद्यालय की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया कि पारंपरिक चिप्स बिजली पर निर्भर होते हैं, जबकि यह नई तकनीक प्रकाश पर आधारित है।

# मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड अमोल पालेकर को



**नई दिल्ली।** जाने-माने वरिष्ठ अभिनेता अमोल पालेकर को यहां 'महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवार्ड्स' के 21वें संस्करण में 'मेटा लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड' प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार भारतीय रंगमंच और सिनेमा में उनके असाधारण योगदान के लिए दिया जाएगा।

पुरस्कार के आयोजकों ने मंगलवार को यह घोषणा की। मेटा (महिंद्रा एक्सीलेंस इन थिएटर अवार्ड्स) द्वारा यहां जारी एक बयान में कहा गया है, कई दशकों के करियर में, पालेकर को उनकी खास कलात्मक आवाज, रंगमंच और स्क्रीन पर कहानी को अलग अंदाज में कहने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है। एक अभिनेता, निदेशक और रचनात्मक दूरदृष्टा के तौर पर उनके काम ने आज के भारतीय मनोरंजन परिवेश पर गहरी छाप छोड़ी है। अपने 'साधारण युवक' वाले किरदार के लिए जाने जाने वाले पालेकर 1970 के दशक में 'छोटी सी बात', 'चितचोर', 'बातों बातों में' और 'गोलमाल' जैसी फिल्मों से अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला** — आज घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा। प्रेम-संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**वृष** — आज नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं। लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में सीनियर आपको प्रोत्साहित करते रहेंगे। अजनबी लोगों पर अधिक विश्वास न करें। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा।

**धनु** — आज सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। पुराना कर्ज उतार सकते हैं। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** — आज जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से सलाह लेंगे।

**मकर** — आज घरेलू खर्च बढ़ने के योग बन रहे हैं। अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है।

**सिंह** — आज का दिन नौकरीपेशा लोगों के लिए बहुत अच्छा है। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।


**कुंभ** — आज नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**कन्या** — आज आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं।

**मीन** — आज का दिन नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। आपके उदार स्वभाव की लोग प्रशंसा करेंगे। छात्रों को नया सीखने को मिलेगा।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 11 मार्च, बुधवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी 12 मार्च 04 .19 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- ज्येष्ठा 22 .00 तक तत्पश्चात मूल।

### सुडोकू - 84 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 5 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 |
| 8 | 4 | 5 | 3 | 9 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 5 | 3 | 9 | 4 | 7 | 6 | 1 | 8 | 2 |
| 4 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 5 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 | 9 | 4 |

### सुडोकू -85

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | 3 | | 4 | | | 6 |
| | | 8 | | 6 | | | 3 | |
| | | | 2 | | 1 | | 9 | |
| 7 | | 3 | | 9 | | 5 | | |
| | 9 | | | | | | | |
| | | 6 | | 2 | | 9 | | 8 |
| | 4 | | 5 | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | | 2 | | |
| 9 | | | 7 | | 2 | | 8 | |

**नई सरकार की तैयारी**

**आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना जारी, देर रात तक पूरी होने की उम्मीद**

# आरएसपी ने 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा किया पार

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल में संसदीय चुनावों में प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत मतगणना मंगलवार को पूरी होने के साथ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 165 में से 125 सीटें जीतकर बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार, प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के तहत सभी 165 सीट की मतगणना पूरी हो चुकी है और आरएसपी 125 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

अन्य दलों में नेपाली कांग्रेस (एनसी) को 18 सीट मिली हैं। इसके अलावा सीपीएन-यूएमएल को नौ, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (एनसीपी) को आठ, श्रम संस्कृति पार्टी (एसएसपी) को तीन और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) को एक सीट मिली है। इसके अलावा एक निर्दलीय उम्मीदवार भी निर्वाचित हुआ है। निर्वाचन आयोग ने बताया कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत मतगणना अभी जारी है और इसके मंगलवार देर रात तक समाप्त होने की उम्मीद है। पीआर प्रणाली के तहत अब तक आरएसपी को 49,74,957 वोट मिले हैं। नेपाली कांग्रेस को 16,85,722, सीपीएन-यूएमएल को 14,02,157, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी को 7,63,633, श्रम संस्कृति पार्टी को 3,50,809 और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी को 3,23,744 वोट मिले हैं।

रुझानों के आधार पर आरएसपी को आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत 50 और सीट मिलने की संभावना है। ऐसे में 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में उसकी सीटें 175 तक पहुंच सकती है और पार्टी संविधान के तहत बहुमत की सरकार बनाने के योग्य होगी। चुनाव आयोग ने कहा कि आनुपातिक मतदान प्रणाली के तहत अंतिम परिणाम घोषित करने और उम्मीदवारों को औपचारिक रूप से सीट आवंटित करने में अभी कुछ और दिन लगेंगे।

### विकास केंद्रित कूटनीति से भारत से संबंधों की उम्मीद: लामिछाने

**काठमांडू।** राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने चुनावी सफलता पर बधाई देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया और कहा कि उन्हें विकास केंद्रित कूटनीति के माध्यम से भारत-नेपाल संबंधों के मजबूत होने की आशा है। लामिछाने ने सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, आरएसपी और हमारी सरकार आपसी सम्मान और साझा समृद्धि पर आधारित संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी, जिसमें आरएसपी 'विकास केंद्रित कूटनीति' को प्राथमिकता देगी। कहा, हम भारत के साथ ऐसी साझेदारी की आशा करते हैं जो संपर्क, सांस्कृतिक पर्यटन, ऊर्जा और व्यापार के क्षेत्रों में सहयोग के जरिए नई ऊंचाइयों तक पहुंचे और दोनों देशों के लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करे।

# एनसीईआरटी ने मांगी बिना शर्त माफी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक और सदस्यों ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'समाज की खोजः भारत और उससे आगे' के एक विवादित अध्याय को लेकर मंगलवार को बिना शर्त और बिना किसी योग्यता के सार्वजनिक माफी मांगी है। विवाद पुस्तक के अध्याय-4 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' को लेकर हुआ, जिसमें न्यायपालिका में कथित भ्रष्टाचार से जुड़े संदर्भों का उल्लेख किया गया था। एनसीईआरटी ने कहा है कि यह पूरी पुस्तक अब वापस ले ली गई है और फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

